e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 76
रविवार
17.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अगर आप दूसरों के बारे में भी सोचते हैं, तो आप सच्चे इंसान हैं।

**संखनाद**

## लोकसभा चुनाव 2024 : चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का किया ऐलान

| पहला चरण | दूसरा चरण | तीसरा चरण | चौथा चरण | पांचवां चरण | छठा चरण | सातवां चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 07 मई | 13 मई | 20 मई | 25 मई | 01 जून |

**97** करोड़ वोटर्स 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन पर डालेंगे वोट

**543** लोक सभा सीटों के लिए डाले जाएंगे वोट

# 7 चरणों में वोटिंग, 4 जून को नतीजे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ विज्ञान भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव के लिए हमारी टीम तैयार है. उन्होंने कहा कि चुनाव में 97 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे. 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जबकि 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा. मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर तक बूथों पर एक जैसी सुविधा होगी.

सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि आम चुनाव 7 चरणों में होगा, पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी.

दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी, जबकि तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई, चौथे चरण की वोटिंग 13 मई को, पांचवें चरण की वोटिंग 20 मई को, छठे चरण का मतदान 25 मई को और सातवें चरण की वोटिंग 1 जून को होगी, जबकि मतगणना 4 जून को होगी.

### हवाई अड्डों पर चार्टर उड़ानों पर रहेगी सख्त निगाह



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि महिला वोटर की संख्या 12 सीटों पर पुरुषों से ज्यादा है. पर्यावरण सहयोगी चुनाव होगा. चुनाव के बाद मतदान केंद्र पर कचरा नहीं होगा. कार्बन फुट प्रिंट सबसे कम होगा. केवाईसी, वोटर हेल्प लाइन और सी विजिल एप सबवोटर कार्ड से बूथ, उम्मीदवारों की जानकारी मिलेगी. कॉन्ट्रेक्ट स्टाफ या वॉलंटियर चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाए जाएंगे. इन राज्यों में 3400 करोड़ से ज्यादा मूल्य के सामान और नकदी की जब्ती हुई है. इसमें शराब, नकदी नशा और फ्री बी शामिल हैं. साथ ही कहा कि हम हवाई अड्डा, सड़क मार्ग जल मार्ग पर विशेष निगरानी रखेंगे. खासकर हवाई अड्डों पर चार्टर उड़ानों पर सख्त निगाह रहेगी.




**19 अप्रैल को पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग: कहां-कहां वोटिंग :** अरुणाचल (2), असम (5), बिहार (4), छत्तीसगढ़ (1), मध्य प्रदेश (6), महाराष्ट्र (5), मणिपुर (2), मेघालय (2), मिजोरम (1), नागालैंड (1), राजस्थान (12), सिक्किम (1), तमिलनाडु (39), त्रिपुरा (1), उत्तर प्रदेश (8), उत्तराखंड (5), पश्चिम बंगाल (3), अंडमान-निकोबार (1), जम्मू-कश्मीर (1), लक्षद्वीप (1), पुडुचेरी (1).

**26 अप्रैल को दूसरे चरण में 89 सीटों पर वोटिंग:** असम (5), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (3), कर्नाटक (14), केरल (20), मध्य प्रदेश (7), महाराष्ट्र (8), मणिपुर (1), राजस्थान (13), त्रिपुरा (1), उत्तर प्रदेश (8), पश्चिम बंगाल (3), जम्मू-कश्मीर (1).

**7 मई तीसरा चरण में 94 सीटों पर वोटिंग :** असम (4), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (7), गोवा (2), गुजरात (26), कर्नाटक (14), मध्य प्रदेश (8), महाराष्ट्र (11), उत्तर प्रदेश (10), पश्चिम बंगाल (4), दादरा नगर हवेली और दमन दीव (2), जम्मू-कश्मीर (1).

**चौथे चरण में कहां होंगे मतदान? 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर वोटिंग:** 13 मई 96 आंध्र प्रदेश (25), बिहार (5), झारखंड (4), मध्य प्रदेश (8), महाराष्ट्र (11), ओडिशा (4), तेलंगाना (17), उत्तर प्रदेश (13), पश्चिम बंगाल (8), जम्मू-कश्मीर (1).

**20 मई पांचवें चरण में 49 सीटों पर इलेक्शन:** बिहार (5), झारखंड (3), महाराष्ट्र (13), ओडिशा (5), उत्तर प्रदेश (14), पश्चिम बंगाल (7), जम्मू-कश्मीर (1), लद्दाख (1).

**25 मई छठे चरण में 57 सीटों पर वोटिंग:** बिहार (8), हरियाणा (10), झारखंड (4), ओडिशा (6), उत्तर प्रदेश (14), पश्चिम बंगाल (8), दिल्ली (7).

**1 जून सातवें चरण में 57 सीटों पर वोटिंग:** बिहार (8), हिमाचल प्रदेश (4), झारखंड (3), ओडिशा (6), पंजाब (13), उत्तर प्रदेश (13), पश्चिम बंगाल (9), चंडीगढ़ (1).

### 10.5 लाख होंगे पोलिंग स्टेशन



चुनाव में 97 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे. 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जबकि 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा. इसके लिए 1.5 करोड़ पोलिंग अधिकारी और सुरक्षा अधिकारी तैनात किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि 1.82 करोड़ युवा वोटर्स हैं, जो कि इस बार मतदान करेंगे. उन्होंने कहा कि 18 से 29 साल के साढ़े 21 लाख वोटर हैं.

### इलेक्शन के दौरान खून-खराबा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

सीईसी ने कहा कि चुनाव कराने को लेकर इसीआई के सामने 4 चुनौतियां हैं. बाहुबल का इस्तेमाल, धनबल, झूठी खबर और एमसीसी का उल्लंघन. उन्होंने कहा कि हम हिंसा मुक्त चुनाव करवाना चाहते हैं, लिहाजा इलेक्शन के दौरान कोई भी खून-खराबा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी. आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को समाचार पत्रों और अन्य मीडिया आउटलेट्स में तीन बार जानकारी प्रकाशित करनी होगी. राजनीतिक दल को यह बताना होगा कि उन्होंने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को टिकट क्यों दिया.

### दिव्यांग वोटर घर से डाल सकेंगे वोट

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर तक बूथों पर एक जैसी सुविधा होगी. 85 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वोटर या दिव्यांग वोटर के घर फॉर्म भिजवाएंगे, ताकि वो घर से वोट डाल सकें. बूथ पर वो आएंगे तो उनको आयोग वोलेंटियर सहयोग करेंगे.

### 16 जून को लोकसभा का कार्यकाल पूरा होगा

सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि 16 जून को लोकसभा का कार्यकाल पूरा होगा. हमारा हर चुनाव चुनौती और परीक्षा होता है. सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि करीब 50 करोड़ पुरुष 47 करोड़ से ज्यादा महिलाएं मतदान करेंगे. 1.8 करोड़ पहली बार मतदाता, 88.40 लाख दिव्यांग, 19.01 लाख सैनिक सुरक्षा कर्मी, 48000 थर्ड जेंडर वोटर्स हैं. उन्होंने कहा कि हम मतदाता सूची बनाने और सुधार की प्रक्रिया में भी राजनीतिक दलों का सहयोग लेते हैं. ड्राफ्ट रोल दिखाकर राय लेकर हमने सबसे सॉलिड मतदाता सूची तैयार की है.

**रोजा का समय**
इफ्तार (17.03.24): शाम 06:00 बजे
सेहरी (18.03.2024) 04 : 33 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### मालवा एक्सप्रेस की कपलिंग टूटी, दो हिस्सों में बंटी ट्रेन

**भोपाल :** अंबेडकर नगर (महू) से कटरा (वैष्णो देवी) जाने वाली मालवा एक्सप्रेस ट्रेन की शनिवार को शाम करीब चार बजे शाजापुर जिले के बेरछा स्टेशन के पास कपलिंग टूट गई। इससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इसके बाद रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर पहुंचा और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बोगियों को जोड़कर गंतव्य की ओर रवाना किया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 12919 मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस शाजापुर जिले के मक्सी रेलवे स्टेशन को क्रॉस करने के बाद बेरछा और पीरउमरोद रेलवे स्टेशन के बीच अचानक ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। जिसके बाद जैसे तैसे ट्रेन को रोका गया। इस दौरान यात्रियों भयभीत हो गए। हालांकि, सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही बेरछा और मक्सी से रेलवे का दल मौकास्थल पर पहुंचा और जो बोगियां अलग हुई थीं, उन्हें जोड़ा। भोपाल और रतलाम से भी रेलवे का दल भी मौका पर पहुंचा और ट्रेन की जांच करने के बाद उसे रवाना किया। घटना का वीडियो ट्रेन में सवार एक युवक द्वारा बनाया गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

झारखंड कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## 37 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगा निःशुल्क बैग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 53 प्रस्ताव पारित हुए। राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब निःशुल्क बैग मिलेगा। इसका लाभ क्लास एक से आठ तक के 37 लाख बच्चों को मिलेगा। आगामी शैक्षणिक सत्र से यह लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार निःशुल्क बैग के लिए 57 करोड़ रुपये खर्च करेगी। क्लास एक और दो के बच्चों के लिए प्रति बैग 140 रुपये, क्लास तीन से पांच के बच्चों के लिए 150 रुपये और क्लास छह से आठ तक के बच्चों के बैग के लिए 160 रुपये खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। कैबिनेट के अन्य फैसले - अल्पसंख्यक और गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल के कर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन के लिए एक बार फिर झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 बनाने का निर्णय लिया है। झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली 2024 संशोधित किया गया। इसके अंतर्गत निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा 64 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष निर्धारित की गई है तथा उनका कार्यकाल तीन वर्ष की जगह चार वर्ष होगी।।गरीबों को हर तिमाही गैस रिफिलिंग की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है।प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत राज्य के अधीन जनजाति क्षेत्रों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र भी खोले जाएंगे।झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 का गठन किया गया। आम-उपचुनाव में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी के कार्य अवधि से अधिक समय तक काम करने के एवज में पारितोष के भुगतान की स्वीकृति दी गई।राज्य ग्रामीण विकास संस्थान को ऑटोनोमस कर दिया गया है। इसमें पूर्व से जो भी कार्यरत हैं वह सब रहेगा। संस्थान का नाम राज्य ग्रामीण विकास पंचायती राज संस्थान किया गया।

### केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने किया 30 करोड़ लीटर क्षमता के बांध का लोकार्पण

**जोधपुर :** जोधपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को ग्राम इंद्रोका में नवनिर्मित बांध का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है। क्षेत्र को 9.3 मीटर ऊंचाई और 715 मीटर चौड़ाई के इस बांध से अनेक लाभ होंगे। उन्होंने मारवाड़ के वीर शिरोमणि मुकनदास खींची के नाम पर बांध का नामकरण करने का ऐलान किया। लोकार्पण समारोह में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि इंद्रोका बांध की क्षमता 30 करोड़ लीटर है। आगामी मानसून से इसमें पानी आने लगेगा। जब बांध भरेगा तो आसपास के ट्यूबवेल भी रिचार्ज हो जाएंगे। पूर्ववर्ती सरकार की कार्यशैली पर अंगुली उठाते हुए शेखावत ने कहा कि इस बांध के लिए परमिशन देने में ही एक साल लगा दिया था। कहते थे कि जोधपुर का कैचमेंट बंद हो जाएगा। कितने ही चक्कर काटने पड़े।

## देशभर के 37 लाख शिक्षार्थी रविवार को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा देंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर के 37 लाख शिक्षार्थी रविवार (17 मार्च) को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा (एफएलएनएटी) में शामिल होंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, यूएलएलएएस (अंडरस्टैंडिंग लाइफलांग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसायटी) नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में 17 मार्च को 23 राज्यों में एफएलएनएटी आयोजित करेगा। एफएलएनएटी प्रत्येक भाग लेने वाले राज्य व केंद्रशासित प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) और सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूल परीक्षा केंद्र के रूप में काम करेंगे। इस मूल्यांकन में तीन विषय- पढ़ना, लिखना और संख्यात्मकता शामिल हैं। प्रत्येक के कुल 50 अंक होंगे। इस प्रकार परीक्षा के कुल 150 अंक होंगे। यह परीक्षा पंजीकृत गैर-साक्षर शिक्षार्थियों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल का मूल्यांकन करने के लिए विकसित की गई है। इससे पहले वर्ष 2023 में दो एफएलएनएटी - मार्च और सितंबर में आयोजित किए गए थे। पिछला एफएलएनएटी 24 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया था, जिनमें 17,39,097 शिक्षार्थी उपस्थित हुए थे, जिनमें 15,58,696 प्रमाणित हुए थे। अभी तक कुल 36,00,870 शिक्षार्थी प्रमाणित किये जा चुके हैं। यह परीक्षा बहुभाषावाद को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा या स्थानीय भाषा का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, शिक्षार्थियों की क्षेत्रीय भाषा में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा को क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने से भाषाई विविधता को प्रोत्साहन देने और संरक्षित करने में सहायता मिलेगी। इस बार चंडीगढ़, पुदुचेरी, लक्षद्वीप और गोवा सहित कुछ केंद्रशासित प्रदेशों का एफएलएनएटी के माध्यम से शत प्रतिशत साक्षरता घोषित करने का लक्ष्य है। यह परीक्षा यूएलएलएएस - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में आयोजित प्रशिक्षण-शिक्षण सत्रों के प्रभाव का आकलन करने के लिए बहुत आवश्यक है। योग्य शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा जारी प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल प्राप्त करने में उनकी उपलब्धि को मान्यता देगा।

चाईबासा : 2 अरब, 31 करोड़ रुपए की 135 योजनाओं का शिलान्यास और 1 अरब 7 करोड़ रुपये की 27 योजनाओं का सीएम ने किया उद्घाटन

## भविष्य की दिशा तय करता है बेहतर शिक्षा : चम्पाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चाईबासा :** बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज और राज्य बनता है। शिक्षा एक ऐसा जरिया है जो आपके भविष्य की दिशा तय करता है। व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अति आवश्यक है। यही वजह है कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज एवं विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आपको कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आपके गांव या आसपास में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है।

**शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई है। यहां के शिक्षण संस्थानों को जरूरी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। गरीब बच्चों को अपने ही गांव -घर में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गए हैं। आर्थिक तंगी की वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। छात्राओं को सावित्रीबाई किशोरी सावित्री योजना से जोड़ा जा रहा है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए विद्यार्थियों को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए 15 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है।




**आदिवासियों-मूलवासियों की भाषा-संस्कृति,परंपरा और अस्मिता को बचाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्धः** मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा-संस्कृति परंपरा, जल- जंगल जमीन, सामाजिक- धार्मिक स्थलों और आदिवासियों - मूलवासियों की अस्मिता बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार इसके साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देगी । ये हमारी धरोहर है।

**जरूरत के अनुरूप योजनाएं बन रही हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके दुःख-दर्द को भली-भांति समझते हैं । ऐसे में आपकी उम्मीद और जरूरत के अनुरूप योजनाएं बनाकर उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के रोटी- कपड़ा और मकान जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। राज्य के ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किलोमीटर सड़कों का जाल बिछ रहा है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक श्रीमती जोबा मांझी, सुखराम उरांव और दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन और कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त और डीआईजी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## नगर उंटारी में नव पदस्थापित बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को अदिति गुप्ता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर योगदान किया। पदभार ग्रहण करने के बाद बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इधर बीडीओ के पदभार ग्रहण करने के बाद मुखिया संघ के सदस्यों ने बीडीओ को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।मौके पर प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर साधना कुमारी, रोहित कुमार, विक्रम कुमार सहित अन्य प्रखण्डकर्मी उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के थाना रोड स्थित बाबा मैरिज हॉल के प्रांगण में शनिवार की दोपहर कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने प्रखंड क्षेत्र के 125 बूथ लीडरों के साथ बैठक की, बैठक के पूर्व कांग्रेस नेता के आगमन पर 20 सुत्री अध्यक्ष मनोज सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के कांग्रेस पार्टी के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। बैठक में उपस्थित सभी बूथ लीडरों से परिचय प्राप्त करते हुए कांग्रेस नेता ने जब आप कुछ भी कांग्रेस नेता ने भूत स्तर पर कांग्रेस पार्टी को और अधिक सशक्त करने हेतु आवश्यक सुझाव साझा किए, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचना है उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से लेकर आज तक पलामू की पहचान दिल्ली में नहीं बनी, आज तक कोई सांसद पलामू की आवाज को दिल्ली तक नहीं पहुंचा सका जिस कारण पलामू आज भी पिछड़े पन का दंश झेल रहा है। इस बार पलामू चतरा की जनता बदलाव के पक्ष में है धर्म एवं जात-पात की राजनीति करने वाली पार्टी को जानता इस बार जरूर सबक सिखाएगी। मौके पर बैठक में कांग्रेस पार्टी के नेता मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया सूरत उरांव एजाज खान नारो सिंह राजेंद्र ओझा बृजदेव सिंह बैजनाथ सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पांकी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** होली पर्व को लेकर पांकी थाना परिसर में शनिवार की दोपहर शांति समिति की बैठक हुई जिसमें प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी पुलिस एसडीपीओ मनोज कुमार झा प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद सहित प्रखंड के दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समुदाय के कई लोग शामिल हुए, बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी ने विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से त्योहार को लेकर की जा रही तैयारी एवं होली पर आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि त्यौहार खुशियां लेकर आता है, इसलिए त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सौहापूर्वक तरीके से मनाएं, उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना एवं अफवाह की सूचना तत्काल थाना को करें पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। बैठक में मुखिया प्रेम प्रसाद अनीता लोहरा हफीजुल अंसारी रफीक अंसारी भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद मुखिया प्रदुमन सिंह मिनटी वर्मा बृजदेव सिंह उपेंद्र गुप्ता विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह एजाज खान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं : अमृत शुक्ला



**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में शुक्रवार को देर शाम जिलास्तरीय डे -नाईट बॉलीबॉल टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज हुआ.टर्नामेंट का उद्घाटन वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने फीता काट कर किया.उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो.नंदलाल शुक्ला और संचालन पंडित विजय कांत शुक्ला ने किया.मुख्य अतिथि अमृत शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है.जरूरत है उन्हे संसाधन और उचित प्लेटफार्म देकर मुकाम तक पहुंचाने की.और हम इस प्रयास में लगे भी हुए हैं.इसी प्रयास का नतीजा इस टूर्नामेंट का आयोजन है.उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं.युवाओं को खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कैरियर मिल सकता है.बस युवा लगन और मेहनत के साथ जुट जाएं.उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आने दिया जायेगा.उद्घाटन मैच डाल्टनगंज बनाम मझिआंव - गढ़वा के बीच खेला गया.जिसमे डाल्टनगंज की टीम ने मझिआंव टीम को तीन - दो से पराजित किया.दूसरा मैच मेराल और डीहरीया टीम के बीच खेला गया.जिसमे डिहारिया ने एकतरफा मुकाबले में मेराल को दो शून्य से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया रवि शंकर चौबे, मनीष कुमार, ज्वाला गुप्ता, राजेश शुक्ला, राजेश मार्शल, दिनेश कुमार, भूषण शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, आलोक शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मार्कण्डे चौबे, दिनेश शुक्ला, मिथलेश चौबे, सिद्धांत दुबे, आयुष शुक्ला, पियूष शुक्ला, पृथ्वीराज शुक्ला, मृत्युंजय दुबे पप्पू, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

# देवरी खुर्द की जनता ने अबुआ आवास में अनियमितता की शिकायत डीसी और एसडीएम से की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड क्षेत्र में झारखंड सरकार के द्वारा गरीब दलित परिवारों को पक्के की आवास के लिए चलाए जा रहे हैं अबुआआवास योजना हुसैनाबाद में भ्रष्टाचार का भेद चढ़ गई है। वहीं कई जगहों पर ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी लिखित शिकायत करने के बाद भी प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार के द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है प्रखंड के गर्मी और अन्य लोगों के मिली भगत से जरूरतमंद और गरीब लोगों का आवास ना देकर पूर्व से पक्के की मकान वाले को ही चयन किया जा रहा हैं। पहले पैसा लाओ और पहले आवास पाओ के तर्ज पर कार्य किया जा रहा है। इस मामले को लेकर देवरी खुर्द सैकड़ो ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षर युक्त पत्र पलामू जिला के उपायुक्त महोदय एवं हुसैनाबाद एसडीएम आइएएस पियूष सिन्हा को देकर।यह आरोप लगाया हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की गई हैं।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया हैं कि पक्के के मकान वाले लाभुकों को पहले चयन कर लाचार जरूरत मन्द को प्रतीक्षा में रहने को कहा गया हैं। ग्रामीणों ने मीडिया से बताया कि पूर्व में विभिन्न अखबार और समाचार में यह बात प्रकाशित किया गया था जिसके बाद प्रखण्ड कर्मियों ने जांच के नाम पर खानापूर्ति कर यथावत स्थिति में छोड़ दिया जिसके बाद हमलोग उपायुक्त कार्यालय एवं एसडीएम हुसैनाबाद से जांच करने की मांग किए हैं क्या है मामला झारखण्ड सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जिसमें आवास बिहीन या कच्चे के मकान वाले लाभुकों को केटेगरी रोस्टर के प्राथमिकता के आधार पर आवास देना है लेकिन ब्लॉक के बाबुओं ने अबुआ आवास योजना के सरकारी नियम व शर्त को ताक पर रखकर चयन सूची तैयार कर दिया हैं ।जिसको लेकर लगातार सवाल उठाती रही हैं लेकिन सुधार की कोई गुंजाइश नही हुआ जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश हैं वंही कई पंचायतो में खुलयाम पैसा उगाही की गई हैं उतना ही नही उन्हें सूची की नम्बर दिखाकर पैसा लिया जा रहा हैं इसकी शिकायत किसी से ना करने की उसे धमकी भी दिया जाता हैं यह कोई एका दुक्का पंचायत या गांव की मामला नही हैं लगभग सभी जगहों पर यह स्थिति हैं। आवेदन देने वालों में सरिता देवी, संतोष पाल, रूपेश पाल, दीपक कुमार, मालती देवी, भगत कुमार, लखन मेहता, भरत भूषण मेहता आदि सैकड़ो हस्ताक्षर करने वाले लोग शामिल हैं।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने दिया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने हुसैनाबाद बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना योगदान दिया। इस दौरान स्वयं सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत स्वयंसेवक संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 8 जुलाई से राजभवन के समक्ष 253 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे।गत 12 मार्च को राज्य मंत्री परिषद की बैठक में संघ की कुछ मांगो को सरकार ने पूरी की है। इसलिए पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को स्थगित किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमलोगों के प्रमुख मांग यह था कि पंचायत स्वयंसेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक कर दिया जाए। अब सरकार ने हमलोगों का नाम पंचायत सहायक कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड की पंचायतों पर कल से सभी स्वयं सेवक पंचायत सहायक के रूप में अपना योगदान देंगे। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं पर अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने पंचायत सचिवालय संघ के कुछ मांगो को मानने के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। मौके पर ललन पासवान, सुधीर कुमार शर्मा, राहुल प्रजापति, कुशुम कुमारी, सतेंद्र कुमार ठाकुर, अरुण कुमार, पप्पू कुमार, जितेंद्र पासवान, सबिता सिंह। समेत कई अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

# युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते समाजसेवी पंकज सिंह



**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बलिगढ़ के अंजनिया मोड़ के समीप शनिवार को युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड के युवा समाजसेवी पंकज कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह परसोडीह पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि अजय राम सामाजिक संगठन युवा जागृति सेना परिषद के संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उक्त टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दसीपुर बनाम मकरी के बीच खेला गया। इस मौके पर युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष भागीरथी कुमार गुप्ता, सचिव श्रीकांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष हित नारायण यादव, सुशील यादव, शशि पासवान, मृत्युंजय यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुखिया सुमन कुमारी ने कई विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के पकरीया पंचायत की मुखिया सुमन कुमारी के द्वारा शुक्रवार की दोपहर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव में 15 वें वित्त के कई विकास योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया, शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों के संबोधन में मुखिया सुमन कुमारी ने बताया कि पंचायत का चहुंमुखी विकास उनका प्रमुख लक्ष्य है, पकरिया पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं ग्रामीणों की आवश्यकताओं को देखते हुए हर गांव में नाली गली का निर्माण कार्य जोर शोर से हो रहा है जिसका उदाहरण है कि आज 15 में वित्त की राशि से चार विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया, शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुखिया के आगमन पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल वाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर मुखिया के अलावा प्रतिनिधि मिंटी कुमार वर्मा उप मुखिया पति राज किशोर सिंह द्वारिका राम मिथुन सिंह वार्ड सदस्य कंचन देवी हेमंत कुमार अमित शर्मा मिथलू पासवान सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुखिया मुंगा साह ने 15 वें वित्त मद्द से किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम ताली के चांदनी चौक स्कूल से लेकर में रोड तक पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने विधवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया। इस दौरान मुकुंदपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम उपस्थित रहे। उक्त पीसीसी सड़क 15वें वित्त मद्द से 2 लाख 49 हजार पांच सौ रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा। इस दरमियान मुखिया मुंगा साह ने कहा कि चांदनी चौक टोले में विद्यालय होने के बावजूद भी आने के लिए पक्की सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओ के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़क बन जाने से लोगों को एवं वाहनों को आवागमन करने में काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर गुलाबचंद साह, मणिलाल कुमार गुप्ता, सुनील राम, छोटू कुमार, मंजेश गुप्ता, मैना बाबू, हिरामन साह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# असमाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : सौरभ चौबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** होली और रमजान को लेकर शनिवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई.बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। बैठक में होली पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने और रमजान के पाक महीने में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी.पुलिस गस्त भी बढ़ाया जायेगा। शांति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा.उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें.किसी भी अफवाह मे नही पड़ें, अफवाह फैलाना भी कानून जुर्म है.विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि आपस में मिल जुलकर पर्व मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है.बैठक में प्रथम नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, निवर्तमान वार्ड आईसुनील कुमार चौधरी, सलीमुदीन अंसारी, देवनाथ यादव, मनीष कुमार, समाजसेवी विजय कुमार रवि, गोपाल सोनी, संजय उपाध्याय, विशाल चौधरी, राजन पांडेय अरुण गुप्ता, किशोर कुमार, दयाल विश्वकर्मा, विकाश चौबे, दिलीप चौधरी, राज कुमार मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# पंचायत सहायक लौटे अपने काम पर



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कैबिनेट द्वारा पंचायत स्वयं सेवक से पंचायत सहायक बनाये गए कर्मी बीडीओ नन्द जी राम से मिल कार्य पर लौटने की सूचना दी।उलकेखनिय है कि राज्य भर के पंचायत स्वयं सेवक अपनी मांगों को लेकर आंदोलित थे। पंचायत स्वयं सेवकों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की कैबिनेट द्वारा लिए गए फैसले पर खुशी जताई है। 253 दिन से रांची के राजभवन पर धरना प्रदर्शन के अलावा झामुमो, राजद और कांग्रेस के प्रदेश कार्यालयों पर प्रदर्शन, नंग धड़ंग प्रदर्शन, विधानसभा घेराव के बाद मंगलवार को सरकार ने झारखंड स्टेट पंचायत स्वयंसेवक संघ की कई मांगों को मान लिया और इसका प्रस्ताव भी कैबिनेट से पारित हो गया। कैबिनेट में लिए गए फैसले से खुश भवनाथपुर पंचायत स्वयं सेवकों ने बीडीओ नन्द जी राम को मिठाई खिलाई और खुशियों का इजहार किया। पंचायत स्वयं सेवकों ने अपने 253 दिन लंबा चले धरना प्रदर्शन को वापस लेते हुए काम पर लौटने की लिखित सूचना दी।

# उपायुक्त गढ़वा से केतार प्रमुख ने की बीडीओ की शिकायत



**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने शुक्रवार को गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर को आवेदन देकर केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड में चलाई जा रही विकास योजनाओं के नियम के विरुद्ध किया जा रहा है। सरकार के कल्याणकारी योजना अबुआ आवास कार्यालय में बैठे-बैठे योग्य लाभुक के जगह आयोग्य लाभुक को दिया जा रहा है। और पंचायत समिति का बैठक आयोजित करने के लिए कहने के बाद भी नहीं किया जा रहा है और उनके द्वारा जनप्रतिनिधि को सरेआम तुम तड़ाका करते हुए बदतमीजी से बात किया जाता है। उनके द्वारा विकास योजनाओं को लेकर राय मस्वोरा भी नही की जाती है एवं बगैर पंचायत समिति के अनुमोदन के मनमाने तरीके से मनरेगा योजनाओं में जैसे कूप, तालाब, डोभा एवं मेड़बंढ़ी की स्वीकृति कर दिया गया है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने जांचों उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग कीया है।

# करार पंचायत में मनरेगा योजना में हुई फर्जी निकासी, ग्रामीणों ने पंचायत कर्मियों पर लगाए कई गंभीर आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के करार पंचायत के पुरुषोत्तम पुरा गांव में वर्ष 2021-22 में मनरेगा योजना के तहत राजेश उरांव के घर से हरू मोची के घर होते हुए बसकटिया नदी तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण के कार्य में फर्जी निकासी करने का दर्जनों ग्रामीणों ने पंचायत कर्मियों पर आरोप लगाया है, इस मामले को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त समेत उप विकास आयुक्त को लिखित शिकायत पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है, आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया है कि उक्त पथ पर पहले से ही ग्रेड वन का कार्य हुआ है जिसे दिखाकर 147663 रुपए की निकासी कर ली गई है, जबकि उक्त पथ में एक भी मजदूर काम नहीं किए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत के रोजगार सेवक पंचायत सचिव एवं मुखिया सभी मिलकर फर्जी निकासी करते हैं जिससे सभी ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है, शुक्रवार को पुरुषोत्तमपुर के



ग्रामीण दिनेश उरांव, रामेश्वर उरांव सागर उरांव, वीरेंद्र उरांव, सीमा उरांव, गंगोत्री देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि उक्त सड़क पर मिट्टी मोरम का कोई कार्य नहीं हुआ लेकिन 147663 की निकासी कैसे हो गई यह जांच का विषय है, उन्होंने कहा कि यह सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2008 में हुआ था और एवं रिपेयरिंग 2014-15 में हुआ था इसके बाद उक्त सड़क पर कोई कार्य नहीं हुआ बावजूद इसे नया बतलाकर पैसे की निकासी की जा रही है, मामले का उद्भेदन होने के डर से शुक्रवार को कुछ बिचौलियों ने बगैर जॉब कार्ड धारी चार लोगों को सड़क कार्य में लगाया था जिसे ग्रामीणों ने विरोध कर हटा दिया।ग्रामीणों ने एक स्वर में उक्त मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व मनरेगा लोकपाल के द्वारा उक्त योजना की जांच भी की गई थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस संबंध में मनरेगा बीपीओ ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है, कुछ दिन पूर्व उक्त योजना की जांच मनरेगा लोकपाल के द्वारा की गई थी। इस संबंध में पंचायत सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि मामले की। जानकारी उन्हें नहीं है रोजगार सेवक से जानकारी प्राप्त करें। इस संबंध में जब ग्रामीण रोजगार सेवक संतोष कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल बंद पाया गया।

# हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना परिसर में शनिवार को होली एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक यह बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार जबकि मंच संचालन हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने की मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि होली एवं रमजान पर्व में उपद्रव करने वाले व्यक्ति को पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रखेगी और वैसे व्यक्ति पकड़े जाने पर चिन्हित कर जेल और जुर्माना दोनों हो सकती है वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि पर्व त्यौहार में हर्षोल्लास के साथ मनाएं और एक दूसरे को भी बांधा न पहुंचाएं वहीं प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि होली एवं रमजान पर्व में समन्वय का परिचय वहीं बैठ के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि होली एवं रमजान पर्व आपसी भाईचारे के साथ शांति माहौल में मनाएं मौके पर एस आई



सीताराम सिंह कालेश्वर लोहरा मुन्सी मोहम्मद अली नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान नगर अंचल निरीक्षक अवसाद अहमद जाकिर अली उर्फ राज अलि उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दकी प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी मुखिया संघ अध्यक्ष संह जिला महामंत्री श्रवण कुमार राम अधिवक्ता चंदेश्वर प्रसाद उर्फ अजय प्रसाद गुप्ता लालता बाबू पूर्व नगर उपाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल वार्ड पार्षद अर्जून प्रसाद साव सैनिक सुधिर कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह पथरा पंचायत मुखिया नरेश कुमार पासवान समाज सेवी मुखिया पति योगेन्द्र सिंह महुडड पंचायत मुखिया पति शिवशंकर यादव अबास क़ादरी वार्ड पार्षद सुहैल आलम आलोक कुमार अमृत साव चौकिदार संघ अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अमित कुमार पासवान एनसीपी नेता चंदन कुमार सिंह अनुमंडलीय चिकित्सा पीएन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा रंगोली मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएसएलपीएस सीएलएफ बिलासपुर आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा रंगोली मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. रैली में बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल थी. रैली पुरैनी पंचायत भवन से निकलकर धुरकी मोड होते हुये पुनः पुरैनी पंचायत भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई. रैली में शामिल स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बनो देश के भाग विधाता- अब जागो प्यारे मतदाता, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जन-जन को चेताना है, मतदाता को जगाना है, ना नशे से ना नोट से, किस्मत बदलेगी की वोट से, सहित अन्य नारे लगा रहे थे. इस अवसर पर बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी ने कहा कि आप सभी लोगो को अपनी इच्छा से वोट देना है. किसी के बहकावे में आकर वोट नहीं देना है. उन्होंने कहा कि आम जनता को जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से यह मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया है.उन्होंने कहा जेएसएलपीएस के सदस्य घर-घर जाकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार कर रहे हैं, ताकि मतदाता मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बन सके। मौके पर सीसी सत्येंद्र कुमार, पुष्पा कुमारी, एसआरपी वाजदा खातून, सीमा देवी विमलेश देवी, रूबी देवी, पूनम कुमारी, रिंकी कुमारी, सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी, पिंकी देवी, किरण कुशवाहा, प्रीति कुमारी, चंचल देवी, शशि प्रभा, प्रतिमा कुमारी, सेतु, रीना सहित बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### उज्जल सोरेन को ओरमांझी सीओ नियुक्त किया गया

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित और प्रस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अंचल अधिकारियों की ट्रांसफ़र पोस्टिंग हुई है। राज्य सरकार ने 15 अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की है। जिसकी अधिसूचना शनिवार को जारी हुई है इसके अनुसार, उज्जल सोरेन को ओरमांझी सीओ के पद पर नियुक्त किया गया।विजय कुमार दास को टंडवा सीओ नियुक्त किया गया है।सुनील कुमार को सरायकेला सीओ के पद पर नियुक्त किया गया है।धर्मेंद्र कुमार दुबे को गोविन्दपुर सीओ नियुक्त किया गया है।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में 2500 लोगों के बीच भोग का वितरण किया गया

**रांची:** श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष चन्द्र मिश्रा जी के द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया, इसमें खिचड़ी,अचार, चिप्स एवं चोखा आदि वितरण किया गया।इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), शंकर दुबे, राहुल सिंह,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक,ललित ओझा, शेलेश्वर दयाल सिंह, नन्द किशोर सिंह चंदेल,नमन भारतीय,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक,अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे।

## भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का पालन होगा : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा-16 मार्च 2024 को लोकसभा निर्वाचन, 2024 के उद्घोषणा के बाद आचार संहिता लागू होने के साथ भारत निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पालन हेतु गठित फ्लाइंग स्क्वाड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लाइंग स्क्वाड के द्वारा किए जा रहें कार्यो के सम्बन्ध में चर्चा की गई एवं विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में सभी कार्यो को ससमय सम्पादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चन्दन कुमार सिन्हा, उप-विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी ( विधी- व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सभी थाना प्रभारी, व्यय अनुश्रवण कोषांग पदाधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त गठित किए गए फ्लाइंग स्क्वाड के सम्बंधित सभी अधिकारी/पदाधिकारी के साथ बैठक में क्रमवार चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारी पदाधिकारियों को कहा गया की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा फ्लाइंग स्क्वाड टीम को निर्देश देते हुए कहा की Standard Operating Procedure For Seizure and Release of Cash and Other Items 4 Election E&penditure Monitoring की संबंधित क्रियान्वयन हेतु इसके तहत C-vigil के माध्यम से उड़नदस्ता टीम (स्न्नस्) चुनाव प्रचार के अत्यधिक व्यय, नगद एवं सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर निर्वाचन के दौरान रोकथाम एवं व्यय अनुश्रवण पर निगरानी हेतु विभिन्न टीमों यथा FS. SST, VST, VVT, AT एवं AEO का गठन प्रखण्डवार लगातार रूप से करते रहें एवं सभी सम्बंधित पदाधिकारी आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय की परीक्षा में पास छात्र मिला बंधू तिर्की से, लगाया गड़बड़ी का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** लातेहार जिले के नेतरहाट आवासीय विद्यालय देश भर में प्रसिद्ध है। यहां पर नामांकन कराने को लेकर बच्चों के अभिभावकों को कठिन परिश्रम करना पड़ता है। बच्चों के अभिभाव ने राज्य के मुख्यमंत्री व राज्यपाल ,छ्क्क इत्यादि को आवेदन देकर नेतरहाट आवासीय विद्यालय की परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोप लगा चुके हैं इधर दारू प्रखंड के बीससूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन ने कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष बंधु तिर्की से मुलाकात कर कड़ी कार्रवाई करवाने का अनुरोध क्या है इस पर श्री बंधु तिर्की ने कहां के मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन से मिलकर उच्च स्तरीय जांच करवाएंगे अभिभावकों ने बताया कि रिजल्ट सामने आने पर झारखंड के बच्चों को सिर्फ निराशा हाथ लगता है। एक ऐसा ही सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। बच्चों के अभिभवकों ने दावा किया है कि नेतरहाट आवसीय विद्यालय के प्राचार्य प्रसाद पासवान जो वहां बरसों से जमे हुए हैं और सभापति संतोष उरांव पर मिली भगत से परीक्षा के परिणाम में खेल कर दिया गया है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय में 100 बच्चों चयन में से बिहार ,छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बंगाल , के लगभग 90 बच्चों का चयन किया गया है।जो कि झारखंड के विभिन्न कोने से जाति आवासीय बनवाकर फार्म भरवा दिया गया है जाति आवासीय बनाने वाला का गीरोह इतना मजबूत है कि सब ओरिजिनल तरीके से बनाया जाता है इसीलिए जांच में कुछ भी नहीं निकलता है मगर बच्चे का जब घर खोजने के लिए झारखंड में जाएंगे तो उनका घर झारखंड में कहीं नहीं मिलेगा बल्कि बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, इत्यादि राज्य मे मिलेगा इस बार जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद बच्चों को घर-घर जाकर खोजा था मगर बच्चे ना तो स्कूल में मिले थे ना रजिस्टर्ड पते पर सरकार के निर्देश है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में झारखंड के बच्चों का ही नामांकन लिया जाएगा। इस चयन में सभी बिहार,उत्तर प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बच्चें गुरुकुल पब्लिक स्कूल धनबाद के विभिन्न स्कूलों मैं पढ़ाकर किया गया है।कमरुद्दीन ने बताया कि इनका एक लंबा गीरोह है जो विभिन्न सरकारी स्कूलों में नाम पास होने के बाद लिखवा देते हैं इसके लिए सरकारी स्कूल में मोटा पैसा लेकर एडमिशन रजिस्टर तक को बदला जाता है और जो बच्चे पास नहीं होते हैं उनका रजिस्टर में नाम नहीं चढ़ाया जाता है बिहार,उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, के बच्चों के अभिभावकों से मोटा रकम लेकर नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कराने का काम हरेक साल किया जाता है।

## श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के तत्वावधान में राँची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक श्री रामनवमी महोत्सव 2024 को धूमधाम से मनाने के लिए सम्पन्न हुई ।

बैठक में मुख्य अतिथि राँची सांसद संजय सेठ उपस्थित थे जिनका विभिन्न संगठनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।बैठक में आए सभी अतिथियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संजय सेठ जी को पुनः राँची लोकसभा क्षेत्र से सांसद उम्मीदवार बनाये जाने पर जोरदार स्वागत माला पहनाकर एव चुनढ़ी ओढ़ाकर किया ।बैठक की अध्यक्षता महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने की एवं संचालन नकुल तिर्की ने किया । बैठक में धन्यवाद ज्ञापन महावीर मंडल राँची के पूर्व मंत्री कैलाश केसरी ने दिया ।

## 25 मई को रांची में लोस चुनाव व 20 मई को गांडेय विधानसभा उपचुनाव की हुई घोषणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि ने बताया कि झारखंड में लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा हो गई है । चार चरणों में झारखंड लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसी के साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव की भी घोषणा कर दी गई है। 20 मई को गांडेय विधानसभा में उपचुनाव होगी । बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा से विधायक रहे सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर 2023 को इस्तीफा दे दिया था , इसके बाद गांडेय विधानसभा सीट खाली हो गई थी, अब इस विधानसभा पर उप चुनाव होना तय है।

**राँची में 25-05-2024 में वोटिंग**

| लोकसभा सीट | वोटिंग की तिथि |
|---|---|
| सिंहभूम - | 13.05.2024 |
| खूंटी - | 13.05.2024 |
| लोहरदगा- | 13.05.2024 |
| पलामू- | 13.05.2024 |
| चतरा- | 20.05.2024 |
| हजारीबाग- | 20.05.2024 |
| कोडरमा- | 20.05.2024 |
| रांची - | 25.05.2024 |
| जमशेदपुर - | 25.05.2024 |
| धनबाद- | 25.05.2024 |
| गिरिडीह- | 25.05.2024 |
| गोड्डा- | 01.06.2024 |
| राजमहल- | 01.06.2024 |
| दुमका- | 01.06.2024 |

## रांची को एक साथ मिला 11 ट्रेनों का ठहराव की स्वीकृति : सांसद सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से रेल मंत्रालय ने रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर एक 11 ट्रेनों के ठहराव को स्वीकृति दी है। जिन स्टेशनों पर ट्रेनों को ठहराव दिया गया है, उसमें पुनदाग, नामकुम, टाटीसिल्वे और सिल्ली रेलवे स्टेशन शामिल है। पुनदाग रेलवे स्टेशन में हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस और हटिया पूर्णिया एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। नामकुम रेलवे स्टेशन में संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, क्रिया योगा एक्सप्रेस, हटिया पटना पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, सिल्ली रेलवे स्टेशन पर हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस, टाटीसिल्वे रेलवे स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस, संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, क्रिया योगा एक्सप्रेस और हटिया रांची पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद संजय सेठ लंबे समय से प्रयासरत थे। दो दिन पहले भी सांसद सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से बातचीत की थी। इन ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता से उन्हें अवगत कराया था।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रांची सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था और लोक शांति कायम रखने के लिए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे रांची सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार और उम्मीदवार की ओर से राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना और प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार किसी सार्वजनिक-सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर चिपकाना, पार्टी




विशेष का झंडा लगाने, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाने, होर्डिंग लगाना और तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी व्यक्तिगत सम्पत्ति पर बिना सम्पत्ति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पम्फलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना तथा होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा कोई भी पार्टी का उम्मीदवार किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे और साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे। साथी ही मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे। दूसरी ओर, यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा, जुलूस, शादी, बारात, पार्टी, शवयात्रा, बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय और महाविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी तथा पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

## जिहाद और धर्मांतरण झारखंड प्रांत का चिंतनीय विषय : विहिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यसमिति की तीन दिवसीय बैठक देवघर के नंदन पहाड़ स्थित सेवा धाम में शनिवार को शुरू हुई। विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर झारखंड प्रांत के सभी जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर समिति गठन का कार्य पूर्ण की जाएगी। विमल ने कहा कि देश में सीएए लागू किया जाना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा से संसार जगत के समस्त हिंदुओं के स्वाभिमान जगा है। आज सनातन परंपरा विश्व को शांति का संदेश देकर विश्व के अनेक देशों के लोगों के मन में अपना स्थान बनाया है। इस दौरान प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने पदाधिकारी का परिचय और विगत छह माह के कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में प्रांत अध्यक्ष चन्द्रकांत रायपत ने कहा कि जिहाद और धर्मांतरण झारखंड प्रांत का एक बड़ा चिंतनीय विषय है।

इसका स्थाई निराकरण समाज के बीच सेवा, शिक्षा के साथ-साथ संस्कार दृड़ीकरण की गति को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हलाल इकोनामी के जरिये देश के करोड़ों हिंदुओं को हलाल प्रमाण पत्र देने के नाम पर वसूली हो रही है, जिस पैसे का उपयोग देश के अंदर जिहाद एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने में खर्च कर रही है। प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार ने विहिप केंद्रीय प्रस्ताव बताते हुए कहा श्रीराम मंदिर का निर्माण अब रामराज की ओर अग्रेषित कर रहा है। 22 जनवरी को 496 वर्ष के संघर्ष की गौरवमय, सफल, सुखद परिणति की अनुभूति संपूर्ण विश्व को हुई। रामलला के साथ उनकी मर्यादाओं एवं हिंदू संस्कृति की भी पुनर्प्राणप्रतिष्ठा हुई। श्रीराम मंदिर अनंत काल तक संपूर्ण मानवता को प्रेरणा का संदेश देता रहेगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक स्वामी कृष्णा चैतन्य महाराज, स्वामी अचिंत्य चैतन्य, क्षेत्र संगठनमंत्री आनंद पांडेय, क्षेत्र मंत्री विरेंद्र विमल, क्षेत्र सहमंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु, प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम,प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची ने जिला में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी की विस्तृत जानकारी मीडिया को दी। चुनाव को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है । सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएंगे, कोई मतदाता ना छूटे इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई है ।

यदि कोई चुनाव के दौरान विवाद पैदा करता है, लड़ाई झगड़ा करता है या मतदाता को डराता धमकाता है तो उसके लिए सीधे जेल की प्रावधान है।

## अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

**रांची :** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में अदालत 30 मार्च को फैसला सुनायेगी। अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है। जांच पूरी हो गई है। वह 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी।

## सांसद संजय सेठ ने 2500 पोषण किट का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में कुपोषण के विरुद्ध कार्यक्रम का प्रथम चरण संपन्न हुआ। इसप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में कुपोषण के विरुद्ध कार्यक्रम का प्रथम चरण संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के तहत गेल इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से सांसद संजय सेठ की पहल पर गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार किट का वितरण किया गया। गेल इंडिया के सीएसआर के माध्यम से रांची लोकसभा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के बीच 2500 से अधिक पोषाहार किट का वितरण किया जाएगा। इस पोषाहार कीट में गाय का घी, ड्राई फ्रूट्स के लड्डू, प्रोटीन पाउडर, विभिन्न प्रकार के पौष्टिक बीज, मोटे अनाज से बने लड्डू सहित कई ऐसी सामग्री शामिल है, जो गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यह पूर्ण रूप से चिकित्सकों की सलाह पर तैयार किया गया कीट है। इसी सूची के अनुसार रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, हटिया, कांके, ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी विधानसभा क्षेत्र में इसका वितरण किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुपोषण मुक्त भारत जैसे स्लोगन ऐसे क्षेत्र पर काम करने की प्रेरणा देते हैं। उनकी इसी प्रेरणा को लेकर मैंने यह प्रयास किया, जो अब सफल हुआ है। एक सेट किट की कीमत लगभग 2500 है। इस अवसर पर कांके के विधायक रांची के विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश की उपाध्यक्ष आरती कुजूर, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, संजय जयसवाल महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, बलराम सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ,सुबेश पांडे मंटू केसरी ,मोद सिंह कुमुद्छा अनीता वर्मा सुजीत शर्मा रितेश उरांव मुखिया पुष्पा तिर्की राम अवतार केरकेट ,महावीर महाली, गौतम देव शामिल थे।

## कांग्रेस व झामुमो के सैकड़ों लोग बीजेपी में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में काँग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता प्रवक्ता डॉ बिरसा उराँव, बेदिया विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, समाजसेवी डॉ जयप्रकाश, भुईया समाज कल्याण समिति कोल्हान क्षेत्र.के उपाध्यक्ष पोरेश नायक, तांती समाज कोल्हान क्षेत्र के अध्यक्ष राशानंद कुमार तांती, समाज सेवी अशोक कुमार सहाय, समाजसेवी छोटन लोहरा, ने अपने-अपने समर्थकों के साथ पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी नेताओं को माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर साहू ने कहा कि परिवारवादी पार्टी काँग्रेस- झामुमो से लोगो का मोह भंग होता जा रहा है और बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक पार्टी छोड़ते जा रहे है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति- नियत एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर दूसरे दलों से लोग भाजपा में शामिल हो




रहे है।कांग्रेस प्रवक्ता डॉ बिरसा उराँव ने कहा कि काँग्रेस-झामुमों आदिवासियों को कर रही दिग्भ्रमित ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान व स्वाभिमान बढ़ाया है। भाजपा राँची ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने ऑनलाइन सदस्यता नंबर 8980808080 पर सभी लोगो को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई तथा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर,अशोक बड़ाईक, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कमलेश राम सहित कई उपस्थित थे।

## छह साल के अम्माद सादिक ने चार रोजा रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना शुरू हो चुका है और इस मुबारक महीने में बड़े बुजुर्ग सभी लोग रोजा रख रहे हैं । ऐसे में नन्हे मुन्ने बच्चे भी इसमें पीछे नहीं है। वह भी रोजा रख रहा है पांच वक्त का नमाज पढ़ रहा है। और उर्दू अरबी की तिलावत भी कर रहा है। इन्हीं नन्हे रोजेदार में 6 वर्षीय अम्माद सादिक पिता सादिक खान कर्बला चौक निवासी पिछले 4 दिनों से रोजा रख रहा है। अम्माद सादिक डोरंडा सेंट जेवियर स्कूल कक्षा 6 का छात्र है।अम्माद सादिक ने बताया कि घर में सभी रोजा रखते हैं इसलिए मैं भी रोजा रख रहा



हूं। अच्छा लग रहा है, नमाज भी पढ़ता हूं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## कॉस्ट्यूम ज्वेलरी एवं विमेंस टेलर स्किल अप ग्रेडेशन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली का दौरा केंद्रीय सचिवालय उजीरे के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीधर कल्लापुर ने किया। मुख्य अतिथि के द्वारा कॉस्ट्यूम ज्वेलरी एवम विमेंस टेलर स्किल अप ग्रेडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह किया गया । अथिति ने प्रशिक्षण लेने आए दोनो बैच के प्रशिक्षणार्थियों को आत्म विश्वास के साथ अपना रोज़गार शुरू करने का मार्गदर्शन दिए और कहे की प्रमपुजय डॉक्टर डी वीरेन्द्र हेगडे जी का यही सपना था की जो भी हमारे समाज में वेरोजगार युवा एवम महिलाएं कोई एक प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का रोजगार कर सकते है,और दूसरो को भी रोजगार देने का कार्य करे। जिसके बाद उन्होंने ने रुडसेट संस्थान के सफल उद्यमी श्रीमति संगीता शर्मा , श्रीमति भानुमती देवी से बात किए और सभी लोग ने अपना व्यवसाय के बारे में अनुभव साझा किए। रुडसेट संस्थान के वार्षिक कार्यकलाप का निरीक्षण किया और तारीफ किया। संस्थान के निदेशक ने अथिति का धन्यवाद किया। मौके पर वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, डी एस टी श्रीमति मौशमी गोराई, श्रीमति बना पलाशी सरकार, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास ,सुनिल मुंडा उपस्थिति रहे।

## तुमांग पंचायत के प्रभावित लोगों की हुई बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुमांग पंचायत के प्रभावित ग्रामीणों की बैठक धमधमिया सामुदायिक भवन में हुयी. अध्यक्षता मुखिया संतोष कुमार महली ने किया .बैठक में तुमांग पंचायत के प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी.रोहिणी करकट्टा खदान विस्तारीकरण में तुमांग पंचायत के धमधमिया माइनस, बी टाईप, पुरनाडीह कॉलोनी, नया बस्ती,खिलानधौड़ा,मैनेजर बंगला,करकट्टा के लोग भी प्रभावित होंगे.उनके समस्या को लेकर जल्द ही मोर्चा के गठन करने पर विचार विमर्श किया गया.इसके लिए 18 मार्च को धमधमिया में एक बैठक रखी गयी है .संचालन गोपाल सिंह ने किया.बैठक में पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली,नंदू मेहता,सरजु सिंह,रवि वर्मा,संजय राम,कजरु भोगता, अजय सिंह, विनय राम,प्रेम साव,उपेंद्र राम,उमेश मेहता,जफरुद्दीन अंसारी, उदय सिंह, दीपक सिंह,अमित दुबे,बिनोद राम,भुनेश्वर मिस्त्री,विनय उरांव, प्रदीप कुमार सिंह, भोला प्रसाद,पंकज कुमार सिंह, शंकर सिंह,भोला चौहान, शिव प्रसाद मेहता, संतोष कुमार महतो,सुल्तान अंसारी,आशीष यादव,अरुण राम,सुधीर उरांव, सुमित दास ,अरुण गंझू मो कयूम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे

## अमृतांजन हेल्थकेयर ने रुतुराज गायकवाड़ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमृतांजन हेल्थकेयर ने अपनी नवीनतम उत्पाद श्रृंखला के हिस्से के रूप में, ऊर्जा के स्तर को फिर से भरने, निर्जलीकरण और थकान से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया एक इलेक्ट्रोलाइट पेय, इलेक्ट्रो + का कम चीनी संस्करण पेश किया है। इस लॉन्च के साथ, अमृतांजन ने भारतीय क्रिकेटर रुतुराज गायकवाड़ को इलेक्ट्रो+ का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इलेक्ट्रो+, एक कम चीनी वाला पेय, अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। यह प्रभावी सेल-स्तरीय जलयोजन और इलेक्ट्रोलाइट पुनःपूर्ति प्रदान करता है, ऊर्जा को बहाल करने और थकावट से निपटने में मदद करता है। कम चीनी वाला संस्करण भारतीय क्रिकेट स्टार रुतुराज गायकवाड़ के साथ अमृतांजन की साझेदारी का हिस्सा है, जो ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करेंगे।

## ईनो ने ईनो च्यूई बाइट्स पेश किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवादाता):** हेलॉन के अग्रणी डाइजेस्टिव ब्रांड ईएनओ ने अपनी तरह का पहला चबाने योग्य एंटासिड, ईनो च्यूई बाइट्स लॉन्च किया है, जो टैंगी लेमन और जेस्टी ऑरेंज फ्लेवर में उपलब्ध है। पांच दशकों से अधिक समय से, ईएनओ लाखों लोगों के लिए एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में खड़ा है, जो एसिडिटी से तेजी से राहत प्रदान करता है। नया ईनो च्यूई बाइट्स उपभोक्ताओं की सुविधा और पहुंच की प्रमुख जरूरतों को पूरा करता है। चाहे आप हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, रेस्तरां या मॉल में हों, बस इन नए स्वादिष्ट च्यूई बाइट्स को चबाएं और ईएनओ का विश्वसनीय तेज़ और प्रभावी राहत पाएं। ईनो च्यूई बाइट्स 1000mg खटिका चूर्ण वाला एक प्राकृतिक उत्पाद है, जो 1 मिनट के भीतर एसिडिटी से प्रभावी ढंग से लड़ता है। यह पेट के लिए कोमल है और वयस्कों और 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त है, तीन एसकेयू में उपलब्ध है।

## गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशन ने चांदीपुर में अनुभवात्मक स्टोर लॉन्च किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोदरेज एंड बॉयस के एक प्रभाग, गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने चांदीपुर में अपने नवीनतम अनुभवात्मक स्टोर के भव्य उद्घाटन का जश्न मनाया, जो इसकी विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। धारक के हलचल भरे केंद्र में स्थित, 980 वर्ग फुट का स्टोर व्यक्तिगत खरीदारी अनुभव प्रदान करते हुए सुरक्षा समाधान के दायरे को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड श्री पुष्कर गोखले ने एक उभरते बाजार के रूप में चांदीपुर के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया, टियर 2 और 3 शहरों में हमारा विस्तार उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। चांदीपुर निवासी समझदार व्यक्ति हैं, जो न केवल सुरक्षा के बारे में बल्कि सौंदर्य अपील के प्रति भी जागरूक हैं।

## अखिल भारतीय नौजवान संघ व भाकपा अंचल कमिटी की बैठक

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय नौजवान संघ एवं भाकपा अंचल कमिटी की बैठक संयुक्त रूप से पुराना ब्लॉक परिसर में काली सिंह की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में भाकपा अंचल मंत्री अर्जुन यादव एवं अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया जो सबों ने सर्वसम्मत से पास किया. बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि देश की राजनीति पर 1952 से आज तक देश के कॉर्पोरेट घरानो का कब्ज़ा रहा है ये घराने राजनीतिक दलों को जिधर घूमाते हैं जो चाहते हैं वह कर लेते हैं अपना व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीतिक दलों को आम चुनाव में चंदा देते हैं देश के मतदाता इसको समझ नहीं पाती है राजनीतिक पार्टियों सूचना अधिकार अधिनियम से बाहर है क्योंकि देश के मतदाता किस दल के द्वारा कितना रुपया खर्च किया गया जाता है इसका हिसाब देने से बच जाते हैं 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन आने से इलेक्ट्रोल बाउंड का प्रचलन चला ताकि आम जनता इसको समझ नहीं पावे ष्ठऋद्वारा हमेशा यह मामला उठाया गया है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से इलेक्टोरल बांड कंपनियो के द्वारा कितना बाउंड खरीदा गया है जानकारी मांगा है अभी तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे हैं उसके बाद टीएमसी उसके बाद कांग्रेस पार्टी है देश के सभी राजनीतिक पार्टियों इलेक्ट्रोल बाउंड के द्वारा चंदा लिया है लेकिन इस चंदे से वामपंथी पार्टियों कोसों दूर है वामपंथी पार्टियों रिटर्न भी भर्ती है आय व्यय का ब्यौरा भी देती है देश की जनता इसको समझ नहीं पाती है।बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि इलेक्ट्रोल बाउंड घोटाला ने साबित किया है कि भारत में ईमानदारी से देश हित की राजनीति सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ही करती है।

# गिरा विशाल बरगद का पेड़, बाल बाल बच्चे बीडीओ सीओ समेत अन्य कर्मी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** प्रखंड में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया. इसमें झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारी के अलावे 2 अन्य सरकारी कर्मी और वाहन का चालक बाल बाल बच गए. दरअसल आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बूथों का पदाधिकारी के द्वारा भौतिक सत्यापन करते हुए वहां की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली जा रही है. ताकि मतदान से पहले सभी कमियों को दुरुस्त कराया जा सके. इसी को लेकर शनिवार को मरकच्चो प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो और अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, बीपीओ राकेश रंजन, होमगार्ड जवान राजेंद्र यादव के साथ सरकारी वाहन के चालक दिनेश कुमार के साथ प्रखंड के रौशनबागी में स्थित बूथ संख्या 417 का जायजा लेकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान उनकी सरकारी वाहन एक चबूतरे के बगल से गुजर रही थी. चबूतरे के बीच में स्थित वर्षों पुराना विशाल बरगद का पेड़ अचानक पदाधिकारीयों के सरकारी वाहन पर गिर गया. हालांकि गनीमत रही की वाहन पर बैठे प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, उनका सरकारी गार्ड, वाहन का चालक बाल बाल बच गए. जबकि ड्राइवर के बगल में बैठे बीपीओ राकेश रोशन को मामूली खरोच आई है. अचानक हुई घटना से अफरा तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहन के भीतर से वाहन सवार पदाधिकारी समेत अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला. वहीं घटना की सूचना पर मरकच्चो पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली. स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान पर यह घटना हुई है. उस चबूतरे पर सुबह-शाम स्थानीय लोग बैठते हैं. जबकि बच्चे पेड़ की छांव में अक्सर यहां खेलते रहते हैं. हालांकि घटना के बाद स्थानीय लोग इस बात को लेकर भगवान का शुक्रिया करते नजर आए कि घटना के वक्त पेड़ के नीचे गांव का कोई व्यक्ति बैठा हुआ नहीं था और बच्चे वहां खेल भी नहीं रहे थे. अन्यथा कोई बहुत बड़ी घटना घट सकती थी.

# गोविंदपुर शाखा मैदान में बहुउद्देशीय भवन का हुआ शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** इस बार पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के लिए एवं एनडीए मिलाकर 400 पार लाकर देश में एक बार फिर से मोदी सरकार लाने के लिए कार्यकर्ता कमर कस ले.आज आचार संहिता लगना हैं.उक्त बातें तोरपा विधायक कोचे मुंडा के द्वारा गोविंदपुर शाखा मैदान में शनिवार को बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास आचार संहिता लगने से पूर्व कहा गया. इस कार्य के लिए विधायक को यहां के आम जनमानस ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिए एवं उनका अभिनंदन किया.

क्योंकि यह बहुउद्देशीय भवन की मांग बहुत पुरानी थी. जो कि माननीय विधायक के कर कमलो से पूर्ण किया गया. सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शिवम कुमार के द्वारा किया गया. मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, मुखिया मीना देवी, प्रेम कुमार साहू, शिव कुमार केसरी, विनय गुप्ता, विक्रम सोनी, सुधीर सिंह, नीलांबर सिंह, शिवम कुमार, सीमा देवी, गंगा मुंडा, संकर्षण साहू , प्रिती सिंह, सोनी देवी, नीरू देवी, विक्रम सोनी, बीजू सोनी ,अनिश साहू, नारायण नायक, सतीश सिंह, रोहित ठाकुर, शिव ताम्रकार एवं क्षेत्र के आम जनता एवं महिला जन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगा पिपरवार पुलिस

## सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर की जारी है वाहन चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पुलिस इसकी तैयारी में लग चुकी है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची, और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वहां नहीं चलाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** हजारीबाग वन परिक्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी सतीश चंद्र राय ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।उनके साथ चतरा जिला के वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार और टंडवा रेंजर मुक्तिप्रकाश पन्ना भी मौजुद थे।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने अधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया।जिसके बाद मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी सतीश चंद्र राय ने विभागीय अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना ओसीपी के 142.82 हेक्टेयर वनभूमि के अपयोजन को लेकर स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों से कई बातों की जानकारी ली।वही स्थल निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ पिपरवार कायाकल्प वाटिका का भी औचक निरीक्षण किया।जहां उन्होंने कोयला खदान के बीच स्थित इक्को पार्क की सुंदरता एंव मनोरम दृश्य को देखकर जमकर प्रशंसा किया।स्थानीय अधिकारियों ने भी उन्हें क्षेत्र के बारे मे जानकारी दी।इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी सतीश चंद्र राय, चतरा डीएफओ मुकेश कुमार,रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना,जीएम सीबी सहाय, एसओ पीएंडपी डीके शर्मा, पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार,अशोक परियोजना के खान प्रबधंक एसके सिंह, सत्येन्द्र कुमार सहित पिपरवार क्षेत्र के कई अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्रा,लोधमा रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी. जिसकी पहचान ताज अहमद उम्र 32 वर्ष, पिता मंसूर अहमद कर्बला रोड सुल्तान नगर चास जिला बोकारो के रूप में हुयी है घटना शुक्रवार देर रात की है. परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बेंगलुरु से बोकारो अपने घर वापस आ रहा था इसी क्रम में वह ट्रेन से गिर गया सर और कमर में गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गयी. वही शनिवार को कर्रा पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# पिपरवार कोयलांचल में शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुआ आठवीं बोर्ड परीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार से आठवीं बोर्ड परीक्षा की शुरुआत की गई। इस मौके पर विभिन्न परीक्षा केदो में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा की शुरुआत की गई।जानकारी के मुताबिक कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में बनाये गये परीक्षा केन्द्र मे छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण माहौल में आठवीं बोर्ड की परीक्षा दिया।इस परीक्षा केन्द्र मे उत्क्रमित हाई स्कूल राय, उत्क्रमित मिडिल स्कूल पुरानीराय और उत्क्रमित मिडिल स्कूल बमने के सैकड़ो छात्र-छात्राएं शांतिपुर्ण माहौल में परीक्षा परीक्षा दिया।परीक्षा के पहले दिन सभी बच्चों का स्कूल की शिक्षिकाओ ने तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य गणेश महतो ने बताया कि स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्ण वातावरण में बच्चे परीक्षा दे रहे हैं।परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या से निपटारा के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।कदाचार मुक्त और शांतिपुर्ण माहौल में परीक्षा को लेकर शिक्षक लगे हुए हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारीयों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बिरसा संस्कृति भवन कोडरमा में सेक्टर पदाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारीयों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव में आप लोगों को भागीदारी अहम है और अपने दायित्वों व कर्तव्यों का बेहतर तरीके से निर्वाहन करेंगे। इस प्रशिक्षण में चुनाव से संबंधित कार्यों की जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण करेंगे। विशेष रूप से वलनेरेबुल मैपिंग का कार्य करेंगे। साथ ही अपने गहन जांच का रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। इसके साथ ही सभी सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने पोलिंग स्टेशन में रैंप, सड़क की स्थिति, बिजली/पानी की व्यवस्था, महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, भवन की स्थिति आदि की जानकारी लेते हुए प्रपत्र में भरकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। सभी को मतदान केन्द्रों का रूट चार्ट बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है, अपने स्तर से सभी सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान मतदाताओं से वार्ता कर मतदान केन्द्रों में किसी तरह की समस्या होने की संभावना का आकलन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी का अपना कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर के रखेंगे। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि चुनाव का कार्य पूरे जिम्मेदारी के साथ साथ मुस्तैदी से करना है, किसी प्रकार की समस्या होने पर उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों, प्रभावित मतदान केन्द्रों को चिन्हित करेंगे

## नगर पंचायत में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार घटक के अंतर्गत 64 लाभुकों को व्यक्तिगत ऋण स्वीकृत एवं स्वयं सहायता समूह के स्वीकृत बैंक ऋण में से प्रत्येक समूह के तीन सदस्यों को छह दिवसीय उधमिता विकास कार्यक्रम (ई डी पी) प्रशिक्षण प्रदाता संस्था सारथी सोसाइटी के माध्यम से प्रदान की गई द्य प्रशिक्षण उपरांत आज दिनांक 16.03.24 को नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शशि शेखर सुमन के द्वारा सभी 64 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गयाद्य उधमिता विकास प्रशिक्षण लाभुकों के व्यवसाय को और बेहतर तरीके से करने एवं लाभ प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगाद्य उन्होंने बताया कि डे एन यु एल एम शहरी गरीबी उन्मूलन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अन्तर्गत सरकार द्वारा उधमिता विकास के लिए शहरी गरीबों को अत्यंत कम दर पर बैंकों द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है, किन्तु व्यवसाय को सफलतापूर्वक व्यवस्थित ढंग से चलाने में व्यावासिक कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था ताकि लाभुकों का व्यवसायिक कौशल हो सकेद्यमौके पर नगर पंचायत कोडरमा के नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, सारथी सोसायटी के सचिव अमित कुमार जायसवाल, प्रशिक्षक सुधीर शर्मा, दिलीप कुमार नगर पंचायत कोडरमा के सामुदायिक संगठनकर्ता रश्मि सिन्हा सीआरपी प्रीति देवी, रेनू देवी, नीलम देवी तथा सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थेद्य

## प्रशिक्षु डीएसपी को थाना परिसर में दी गई विदाई

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार के स्थानांतरण पर सतगावां थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस कर्मियों और पत्रकारों ने प्रशिक्षु डीएसपी को बुके और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। वहीं पत्रकार सह समाजसेवी दीपेश अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण काल के दो माह के अल्प समय में प्रशिक्षु डीएसपी ने अपराधों के नियंत्रण और अनुसंधान में जो कार्य किया उसे लोग हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने पुलिस पब्लिक सामंजस्य के मिशाल को कायम रखते हुए त्वरित न्याय देकर लोगो को सहयोग किया है जो सराहनीय है। वहीं नए थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने कहा कि डीएसपी दिवाकर कुमार के किए गए कार्यों को निरंतरण आगे बढ़ाते रहूंगा और मार्गदर्शन लेने का भी कार्य करूंगा। इसके अलावा,एसआई उमाकांत सिंह, एसआई रौशन कुमार, एसआई,नंदकिशोर यादव,एएसआई कृष्णा राम, के अलावे पुलिस के जवान, प्रेस के सभी लोग ने डीएसपी के कार्यों की सराहना की।

## कोडरमा झामुमो नेताओं नें रांची पहुंच रखी बापू वाटिका के पास उपवास

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में रांची में उपवास कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे. रांची के मोराबादी मैदान बापू वाटिका के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा ने उपवास कार्यक्रम में भाग लिया. मौके पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इंसाफ नहीं मिलेगा तब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी चुप नहीं बैठेंगे चाहे लोकसभा का चुनाव हो चाहे विधानसभा का चुनाव हो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है और आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जोश और जज्बे के साथ मैदान में उतरेगी और 14 का 14 लोकसभा जितने का काम करेगी. केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव व संजय पाण्डेय ने कहा कि जब से झारखंड में महा गठबंधन की सरकार बनी है भारतीय जनता पार्टी के लोगों को पेट दर्द होना शुरू हो गया तब से एन केंद्र प्रकरण झूठ जालसाजी रच कर केस करवाने का काम किया.

# झारखंड बंगाल सीमा पर चेकिंग के दौरान अवैध बियर के साथ वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुरी :** झारखंड बंगाल के सीमा पर वाहन जांच के दौरान मुरी पुलिस के द्वारा एक चार चक्का वाहन (इक्को स्पोर्ट) को अवैध वियर के साथ जप्त एवं चालक गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड बंगाल सीमा पर चेक नाका लगाया गया है। जहां मुरी ओपी दल बल के साथ ही साथ उत्पाद विभाग के पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है जिससे अवैध शराब का व्यापार पर नियंत्रण पाया जा सके। इसी क्रम में बंगाल की ओर से आ रही वाहन (इक्को स्पोर्ट) कार को रोका गया जिसमें काफी मात्रा में अवैध वियर भरा हुआ था। पुलिस के द्वारा पुछे जाने पर ड्राइवर द्वारा संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिलने पर सभी बियर को वाहन समेत जप्त कर लिया गया और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में मुरी ओपी कांड संख्या 24/2024 के तहत भा.द.वि.273/290 एवं 47(ए) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।चालक सह गाड़ी मालिक मनीलाल जयसवाल, बाबुराम टोली थाना बुंडू निवासी हैं। जप्ती कार से 16 कार्टून अवैध वियर बरामद किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पूर्वी सिंहभूम जिला स्तरीय विस्तारित कमिटी की बैठक में प्रस्ताव पास

# जमशेदपुर सीट से कांग्रेस चुनाव लड़ने को तैयार






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय विस्तारित कमिटी की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रस्ताव रखा कि कोल्हान के 09- जमशेदपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी हर हाल में चुनाव लडें। उपरोक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने किया। समर्थन का प्रस्ताव लिखित रूप से जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी को सौंपा गया। सुबह 11 बजे से अग्रणी संगठन विभाग एवं जिला कमिटी के साथ मैराथन बैठक में कार्यकर्ताओं ने भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि आये दिन अखबार में वगैर कांग्रेस पार्टी से विचार विमर्श कर ही कहा जा रहा है कि जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो चुनाव लड़ने की बात कर रही है। जब कि कांग्रेस संगठन कोल्हान के जमशेदपुर सीट से कांग्रेस को ही चुनाव लड़ना चाहिए। प्रस्ताव पारित होने पर जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि जमशेदपुर सीट से कांग्रेस चुनाव लड़े इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को पारित प्रस्ताव की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। इस विषय पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी आप सबों के समर्थन में है। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि पारित प्रस्ताव के आलोक में कहना है कि सम्पूर्ण जिला में संगठन बहुत मजबूत है। कार्यकर्ता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है। इस लिए जमशेदपुर सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी को ही मिले। इसको लिए प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, मंत्रीगण इस पारित प्रस्ताव के पक्ष में गठबंधन नेताओं से वार्ता कर प्रक्रिया को सम्पन्न करें। जिला कांग्रेस कमिटी चुनाव लडनें में सक्षम है। बैठक में सेवादल, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, अ जा विधान, ओबीसी विभाग, आर टी आई विभाग, विधि विभाग, किसान विभाग के चेयरमैन शामिल हुए। इसके अलावा कांग्रेस पदाधिकारी, विभिन्न मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में 25 मई को मतदान, 18.41 लाख मतदाता चुनेंगे अपना नया सांसद



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर लोक सभा सीट पर चुनाव का ऐलान हो गया है यहां छठे चरण में चुनाव होगा। जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा। मतों की गणना 4 जून को की जाएगी। इसके बाद 6 जून को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। 18 लाख 41 हजार 646 मतदाता वोट देकर चुनेंगे अपना नया सांसद। डीसी अनन्य मित्तल ने डीसी ऑफिस में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मई को प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी। डीसी अनन्य मित्तल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जमशेदपुर पश्चिम में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। यहां 3 लाख 73 हजार 979 मतदाता है। सबसे कम 2 लाख 38 हजार 733 मतदाता बहरागोड़ा में हैं। जमशेदपुर ईस्ट में 3 लाख 26 हजार 367 मतदाता, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 41 हजार 765 मतदाता, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 54 हजार 228 मतदाता, पोटका विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 6 हजार 574 मतदाता हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 24 हजार 246 है। महिला मतदाता 9 लाख 17 हजार 272 हैं। मतदान संपन्न करने के लिए जिले भर में 1887 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यह मतदान केंद्र 1134 भवनों में बनाए गए हैं। बहरागोड़ा में 264 मतदान केंद्र, घाटशिला में 291, पोटका में 326, जुगसलाई में 381, जमशेदपुर पूर्व में 295 और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 330 मतदान केंद्र हैं। एसडीओ धालभूम पारुल सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान हथियार लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी।

## टुईलाडुंगरी से गोलमुरी शिव मंदिर तक 20 मार्च को निकलेगी बाबा श्याम की निशान यात्रा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी को बुधवार 20 मार्च की सुबह 07.30 (साढ़े सात बजे) टुईलाडुंगरी स्थित हिंदुस्तानी संघ स्कूल से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी, जो गोलमुरी श्री शिव मंदिर पहुँचकर संपन्न होगी। 301 से अधिक भक्तगण बाबा श्याम को निशान अर्पण करेंगें। शोभा यात्रा मे ईत्र की वर्षा होगी ओर चलंत दरबार सजेगा। जिसमें बाबा श्याम का शीश का झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा। इससे पहले हिंदुस्तानी संघ स्कूल में सुबह 7 बजे निशान की पूजा होगी। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन शहर की सामाजिक एवं धार्मिक चार संस्था क्रमशः श्री श्याम मण्डल गोलमुरी, श्री श्याम मण्डल टुईलाडुंगरी, श्री श्री शिव मंदिर समिति गोलमुरी एवं श्री श्याम महिला मण्डल टुईलाडुंगरी द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा हैं। इस संबंध में शनिवार को हिंदुस्तानी संघ स्कूल में आयोजकों ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे बताया कि निशान यात्रा गोलमुरी मेन रोड़, गोलमुरी बाजार मस्जिद रोड़ एवं आकाश दीप प्लाजा से होते हुए शिव मंदिर पहुँचेगी। संवाददाता सम्मेलन में प्रमुख रूप से मामराज गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कृष्णा नरेड़ी एवं स्वीटी अग्रवाल, अधिवक्ता कैलाश अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, मनोज नरेड़ी, कमल गुप्ता, दीपक अग्रवाल, संदीप रिंगसिया, राधेश्याम अग्रवाल, प्रेमकिशुन चौधरी, सुशील चौधरी, रामकरण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## सोनारी बलराम बस्ती में धूमधाम से मना बाहा पर्व, शामिल हुए प्रशांत पोद्दार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज सोनारी बलाराम बस्ती में आदिवासी संथाल समाज द्वारा बाहा बोंगा पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सोनारी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार शामिल होकर पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कहा, बोंगा पर्व में प्रकृति की पूजा की जाती है। जिसमें ईष्ट देवता से अच्छी फसल के साथ- साथ समाज एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाती है। झारखंड संस्कृति व परम्परा ही हमारी पहचान है। जिसे कायम रखना युवा पीढ़ी की जिम्मेवारी है। कार्यक्रम सफल बनाने में सोनारी बाहा बोंगा समिति केअध्यक्ष संव्ले सोरेन और मंगल माझी का योगदान रहा। भाजपा ओबीसी मोर्चा के मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, नारायण प्रसाद, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव,संजय मुंडा, सुजीत आदित्य, काजल मुखर्जी, पिंटू सिंह,पेटू सोरेन,हालिया सोरेन, लक्षण गोप आदि उपस्थित थे।

## चुनाव आचार संहिता के नाम पर व्यापारियों का नुकसान नहीं होना चाहिए : सोन्थालिया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकतांत्रिक देश में आम चुनाव होना 5 साल की एक प्रक्रिया है। व्यापार दिन-रात बारह महीने चलते रहता है। चुनाव में आचार संहिता लगाना अच्छी बात है पर उतना ही जरूरी है कि व्यापार जिस तरीके से चलता है वह प्रभावित ना हो। व्यापार में, शहर के व्यापारी विभिन्न गांवों में, देहातों में, आदिवासी इलाकों की दुकानों में माल भेजते रहते हैं। समय-समय पर दौरा लगाकर अपने पैसे की वसूली भी करते हैं। काफी बड़ी रकम उनके पास जमा रहती है। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिख कर निवेदन किया की चुनाव अचार संहिता के नाम पर व्यापारियों को बेवजह परेशान न किया जाये। चुनाव में भ्रष्टाचार ना हो, पैसे से चुनाव प्रभावित न हो, इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग दिशा-निर्देश देता रहता है। कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वे कोई ऐसा रास्ता निकालें कि सही व्यापारी अगर पैसे या आभूषण लेकर आ जा रहा है तो उसका माल जब्त नहीं किया जाए।

## पीडीजे ने किया जज कॉलोनी गेस्ट हाउस में ओपन जिम का उद्घाटन



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जज कॉलोनी गेस्ट हाउस एरिया सरायकेला में शनिवार को एक ओपन जिम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार द्वारा फीता काट कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा हर व्यक्ति को नियमित व्यायाम अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा पूरे झारखंड में जज कॉलोनी के आवासीय परिसर में इस तरह का ओपन जिम सिर्फ अधिकारियों के लिये अभी तक कहीं नहीं है। इस जिम को बनाने में डीसी रवि शंकर शुक्ला का काफी महत्वपूर्ण योगदान है। मौके पर ए डी जे प्रथम अमित शेखर, ए डी जे द्वितीय कंकण पट्टेदार, ए डी जे तृतीय कुमार क्रांति प्रसाद सभी सपरिवार, डीएलएसए सचिव अनामिका किस्कु, सिविल जज सन डिवीज़न तौसीफ मिराज,एसडीजेएम आशीष कुमार अग्रवाल सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

## झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता 2023-24 में टाटा स्टील तकनीकी संस्थान के विद्यार्थियों का रहा दबदबा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता 2023-24 का पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह रैडिसन ब्लू, राँची में आज आयोजित किया गया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मुकेश कुमार, सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार ने विजेता प्रतिभागियों को अपने हाथों से पुरस्कृत किया। गत 11 मार्च 2024 को आईएचएम राँची में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होकर राजधानी के पांच संस्थानों में आयोजित की गई। पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रतियोगिता में राज्य भर से चयनित कुल 237 प्रतिभागियों ने राज्य विशिष्ट 14 ट्रेड में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को इस साल फ्रांस के ल्योन शहर में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड स्किल्स 2023-24' में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। संस्थान टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट जो एन टीटीएफ एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग द्वारा संचालित किया जाता हैं के छात्रों द्वारा पुरस्कार **विजेता प्रदर्शन इस प्रकार हैं :** मेक्ट्रोनिक्स ट्रेड में, हमने झारखंड स्तर पर सभी तीन पदों पर कब्जा कर लिया- 1. ओम वर्मा 2. अभिषेक यादव, 3. मोहंती। इसके अलावा हमने इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन में पहला स्थान हासिल किया - 1. आशुतोष महतो।

# पटमदा में 11 करोड़ की योजनाओं का विधायक प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत कई गांवों में स्वीकृत सड़क निर्माण, चेकडैम व विद्यालय भवन निर्माण की करीब 11 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, समीर महतो, दिवाकर टुडू, माणिक महतो, कृष्णपद महतो, रामपद महतो, साधुचरण महतो, लंबोदर महतो, सुफल टुडू, विश्वजीत महतो, रामनाथ महतो, मंटू महतो, सुधीर महतो, कृष्णा तंतुबाई, विभूति महतो, लाल बिहारी सिंह व सुनील मुर्मू के अलावा मुखिया सुशील सिंह, यामिनी बेसरा, ग्राम प्रधान सुनील महतो, हाकिम महतो, सुधीर चंद्र माझी व तरणी कांत महतो आदि मौजूद थे। योजनाओं में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से स्वीकृत भुईयांसिनान डोरेन सिंह मुंडा चौक से लायलम (2.2 किमी), रांगाटांड़ से काशीडीह भाया सुंदरपुर तीन सिमाना तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य एवं सुंदरपुर तीन सिमाना से चौरा घाघरा होते हुए पश्चिम बंगाल सीमा तक पथ (12.6 किमी) का विशेष मरम्मती कार्य (तीनों योजनाओं की प्राक्कलित राशि करीब साढ़े 6 करोड़)।

जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग से स्वीकृत चड़कपाथर के नजदीक सोना नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य (प्राक्कलित राशि करीब 50 लाख)। माकुला प्राथमिक विद्यालय में डीएमएफटी से अतिरिक्त दो कमरे का निर्माण कार्य (प्राक्कलित राशि 19 लाख) एवं तिलाईटांड एनपीएस में अतिरिक्त दो कमरे का निर्माण कार्य (प्राक्कलित राशि करीब 19 लाख) शामिल हैं। इसके अलावा 15 तालाबों का जीर्णोद्धार की योजना (प्राक्कलित राशि करीब साढ़े पौने चार करोड़) शामिल हैं। भूमि संरक्षण विभाग से स्वीकृत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास रांगाटांड़ में किया गया। पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत लोवाडीह टोला केंदडीह, कुमीर, घाघरा, आगुईडांगरा, कमलपुर व नहचीबेड़ा में निजी तालाब, रांगाटांड़, महुलबना टोला लायाडीह, रसिकनगर, कुईयानी , शुक्ला, चामीडीह, बड़ासूसनी व खेडुआ में सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कार्य शामिल हैं।

## जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह राजू ने अपने पद से दिया इस्तीफा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर महानगर इंटक के अध्यक्ष राजेश सिंह राजू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय को स्पीड पोस्ट से अपना इस्तीफा भेज दिया है। राजू ने बताया कि लगभग तीन साल तक वे जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष पद पर रहे और ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन किया। कार्यों में सहयोग के लिए उन्होंने अपनी टीम के लोगों का आभार जताया और कहा कि तीन साल का कार्यकाल काफी होता है। अब नए लोगों को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसे भी महानगर अध्यक्ष पद का प्रभार मिलेगा, उन्हें वे हमेशा सहयोग करेंगे। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए उन्होंने राकेश्वर पांडेय का भी आभार जताया। कहा कि वे निजी व्यस्तता के कारण इस्तीफा दे रहे हैं, लेकिन स्वतंत्र रूप से उनके साथ खड़े रहेंगे।

## पत्रकार गणेश सरकार को मातृशोक



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया के दैनिक भास्कर के पत्रकार गणेश सरकार की माता दुलु सरकार (80) का शनिवार की सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया। बीते शुक्रवार को बाथरूम में गिरने से उनका ब्रेन हेमरेज हो गया था। उसके बाद उन्हें ब्रह्मानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज पार्वती घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपने पीछे वे दो पुत्र और एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं।

### कुचाई में करीब 5.40 करोड़ की लागत से तीन महत्वपूर्ण सड़कों का हुआ शिलान्यास

# जनता से किए एक-एक वायदा हो रहा पूरा : गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने शनिवार को कुचाई में करीब 5.40 करोड़ की लागत से तीन महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास सह भूमि पूजन किया. इनमे 1.25 करोड़ की लागत से कुचाई के सोना नदी से कारालोर गांव (2.5 किमी) तक सड़क सुदृढ़ीकरण, 2.16 करोड़ की लागत से कुचाई के डोरो से बिदरीघाट (4.46 किमी) तक सड़क सुदृढ़ीकरण एवं 1.97 करोड की लागत से कुचाई के अरुवां से छोटा अरुवा (चार किमी) सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया. विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधायें भी मजबूत की जा रही है. इन सड़कों के बन जाने से दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को यातायात में सुविधा होगी. उन्होंने बताया कि एक अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की सड़को को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है. विधायक दशरथ गागराई ने पूर्व के हेमंत सोरेन सरकार व वर्तमान के चंपाई सोरेन सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी देते हुए लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये पूरी संजीदगी के साथ कार्य कर रहे है. जनता से किये एक एक वायदे पूरे हो रहे है. मौके पर विधायक दशरथ गागराई गांव के लोगों से मिल कर रुबरु हुए. कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल महतो,अर्जुन गोप,भरत सिंह मुंडा,मुखिया करम सिंह मुंडा,राम सोय,मान गोविंद महतो,भरत सिंह मुंडा,कोंता राहुल सोय,संध्या महतो, घनश्याम सोय,बनवारी लाल सोय,अरुण जामुदा,प्रवीण ठाकुर,चंद्र मोहन महतो समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## बेलडीह गांव में महीनों से चापाकल सह जलमीनार खराब, मुखिया बेखबर



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बेलडीह गांव के बड़डीह टोला में पिछले करीब 6 महीने से चापाकल सह सोलर आधारित जलमीनार के खराब होने से लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। इस संबंध में गांव के स्वपन प्रमाणिक ने बताया कि इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया को होने के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं होने की वजह से अभी गर्मी के मौसम में खासकर महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि बस्ती की महिलाएं दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। दूसरी ओर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने इसकी सूचना मिलते ही बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज को दूरभाष पर समस्या की जानकारी देते हुए इसका समाधान करने की मांग की।

## पीसीआर वैन की टक्कर से ऑटो पलटा, महिला समेत दो घायल



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा-कांड्रा मार्ग पर पिंड्राबेड़ा मोड़ के समीप कांड्रा थाना के पीसीआर वैन की ठोकर से बीच सड़क पर ही एक ऑटो पलट गया जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में ऑटो पर सवार एक महिला समेत दो यात्री घायल हो रहे। ऑटो में दो छोटे-छोटे बच्चे भी सवार थे जो बाल बाल बच गए। घायल महिला की स्थिति गंभीर बताई जाती है। मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीसीआर वैन और ऑटो दोनों कांड्रा से गम्हरिया की ओर जा रही थी। ऑटो जैसे ही पिंड्रामोड़ के समीप पहुँची कि पीसीआर वैन से ऑटो को टक्कर लग गई जिससे वह पलट गया। ऑटो को पलटते देख वहां से गुजर रहे स्थानीय ग्रामीण कालीपद सरदार, सुनील मार्डी, शिवनाथ बेसरा आदि ने अन्य ग्रामीणों की मदद से सड़क पर पलटे उक्त ऑटो को उठाकर खड़ा किया और घायलों को अस्पताल भेजने में सहयोग किया।

## पुरस्कृत किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में आयोजित 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर विगत दिनों आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विदित है कि इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों के बीच भाषण, वाद-विवाद, सुरक्षा स्लोगन, मॉक ड्रिल समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्लांट हेड एम मुरलीबाला ने अपने सम्बोधन में कहा कि पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एचआर विभाग के वरीय प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पीपीसी विभाग के प्रबंधक सुमन बनर्जी दिया। इस मौके पर कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी मैनक गुप्ता, विवेक कांत, रजनीश शर्मा, प्रवीण कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह, सेफ्टी ऑफिसर चितरंजन कुमार सिंह, सतीश महतो, शर्मिष्ठा घोष समेत काफी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मिथिलानी महिला मंच ने धूमधाम से मनाया वर्ल्ड विमेंस डे



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिथिलानी महिला मंच की ओर से शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम परम हंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी मंदिर परिसर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर त्रिपुरा झा, अरुणा मिश्रा एवम रीता मिश्रा ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन रीति झा ने किया। इस अवसर पर मिथिला की महिलाओं को समाज में बढ़ चढ़ कर कार्य करने हेतु एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करने के साथ साथ दो प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमें रेट्रो -मेट्रो एवं म्यूजिकल चेयर रखा गया। रेट्रो -मेट्रो में क्रमशः राखी चौधरी, सीमा मिश्रा एवं पूनम झा और म्यूजिकल चेयर में मीना ठाकुर, सीमा मिश्रा एवं रंजना झा विजेता रही। निर्णयिका के रूप में रीता पाठक एवम अंजना झा थी। रीता, मणि, अर्चना, अंजना, मेघा, राखी, मनोरमा, वीना,पूनम, रंजना, रंजना, मीना, प्राची, अशिम अंत में रंजना खां ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## करीम सिटी कॉलेज को हुलाडेक से मिला रिमार्केबल डेडिकेशन अवार्ड



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ई कचरा प्रबंधन कंपनी हुलाडेक के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर को प्रथम पुरस्कार दिया गया। यह समारोह धोनो धन्यो सभागार, कोलकाता में आयोजित हुआ जिसमें हुलाडेक की ओर से रिमार्केबल डेडिकेशन पुरस्कार दिया गया। करीम सिटी कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस ) के प्रेजिडेंट मानव घोष ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.मोहम्मद रेयाज ने अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी। इस अवसर डॉ. आले अली, सैयद साजिद परवेज़, डॉ. बी.एन. त्रिपाठी , डॉ आफताब आलम खान, डॉ तनवीर जमाल काजमी उपस्थित थे। ई वेस्ट मटेरियल कलेक्शन के संबंध में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आले अली एवं समन्वयक सैयद साजिद परवेज़ ने बताया कि कॉलेज में ई कचरा प्रबंधन के लिए एक विभाग स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 2023 में भी ई - कचरा प्रबंधन के लिए करीम सिटी कॉलेज को प्रथम पुरस्कार मिला था।

विचार मंथन

संपादकीय

# हरियाणा के नए 'नायब'

पार्टी आलाकमान का ऐसा एकाधिकार भी किसी लोकतंत्र का हिस्सा होता है, हमें याद नहीं है, लेकिन देश की सबसे बड़ी और सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा और एकाधिकार से ही संचालित होती है। प्रधानमंत्री की अचानक इच्छा हुई, तो हरियाणा के उस मुख्यमंत्री को, कुछ ही घंटों में, बदल दिया गया, जिसे जनादेश हासिल था। यह जनादेश अक्तूबर, 2024 के अंत तक का था। 2019 का विधानसभा चुनाव जिसके नेतृत्व में लड़ा गया और 41 विधायक जीत कर आए। यही नहीं, जो शख्स प्रधानमंत्री का 40 साल पुराना दोस्त रहा हो और एक दिन पहले ही सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री ने उनके अभूतपूर्व विकास-कार्यों की प्रशंसा की हो! मोटर साइकिल पर बिताए उन दिनों को याद किया हो, जब वे संगठन के लिए सक्रिय थे! सिर्फ रात ही बीती थी, क्योंकि सुबह तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पद से इस्तीफा देना था! अंतरंग दोस्ती एकदम सूख गई और एक राज्य का मुख्यमंत्री 'पराजित योद्धा' मान लिया गया। मुख्यमंत्री का नया दायित्व लोकसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को सौंप दिया गया। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व को 'फीडबैक' मिला होगा कि मुख्यमंत्री खट्टर के कारण जातीय समीकरण बिगड़ रहे हैं। जनता का एक बड़ा हिस्सा उनसे नाराज हो सकता है।

> प्रधानमंत्री का 40 साल पुराना दोस्त रहा हो और एक दिन पहले ही सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री ने उनके अभूतपूर्व विकास-कार्यों की प्रशंसा की हो! मोटर साइकिल पर बिताए उन दिनों को याद किया हो, जब वे संगठन के लिए सक्रिय थे! सिर्फ रात ही बीती थी, क्योंकि सुबह तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पद से इस्तीफा देना था! अंतरंग दोस्ती एकदम सूख गई और एक राज्य का मुख्यमंत्री 'पराजित योद्धा' मान लिया गया। मुख्यमंत्री का नया दायित्व लोकसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को सौंप दिया गया। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व को 'फीडबैक' मिला होगा कि मुख्यमंत्री खट्टर के कारण जातीय समीकरण बिगड़ रहे हैं। जनता का एक बड़ा हिस्सा उनसे नाराज हो सकता है।

चूंकि वह 2014 से ही निरंतर मुख्यमंत्री बने रहे हैं, लिहाजा सत्ता-विरोधी लहर भी स्वाभाविक है। चुनाव से ऐन पहले ही मुख्यमंत्री बदलने का औचित्य मोदी ही बता सकते हैं, यदि उनकी इच्छा हो! प्रधानमंत्री की बुनियादी चिंता लोकसभा चुनाव है। यदि हरियाणा में जनादेश आधा-अधूरा रहा, तो 370 लोकसभा सीट का लक्ष्य पूरा कैसे होगा? क्या हरियाणा के नए 'नायब' प्रधानमंत्री के लक्ष्य को 100 फीसदी परवान चढ़ा सकेंगे? आपको कुछ ऐतिहासिक याद दिला दें कि जब नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी थे, तो खट्टर सह-प्रभारी होते थे। उस दौर में भाजपा के 4-5 विधायक ही जीत पाते थे। देवीलाल सरीखे नेताओं के साथ गठबंधन होते रहते, तो 17-18 विधायक जीत पाते थे और सरकार में भी भागीदारी हो पाती थी। अटल-आडवाणी की भाजपा तक यही ताकत हुआ करती थी। दरअसल हरियाणा का जातीय समीकरण कभी भी भाजपा-समर्थक नहीं रहा। जाट आबादी का वर्चस्व ऐसा रहा कि 33 सालों तक जाट मुख्यमंत्री ने ही शासन किया। इस बार संकट यह महसूस किया गया कि यदि देवीलाल के प्रपौत्र दुष्यंत चौटाला की जजपा के साथ गठबंधन बरकरार रहता, तो करीब 22 फीसदी जाट वोट कांग्रेस की ओर धुरवीकृत हो सकते थे, लिहाजा सबसे पहले जजपा के साथ गठबंधन तोडने के अवसर बनाए गए। जाट तो 2014 से ही खट्टर-विरोधी रहे हैं। यहां तक कि पार्टी के अधिकांश विधायक ही उनके खिलाफ थे और पार्टी नेतृत्व के सामने विरोध जताते रहते थे, लेकिन तब तक प्रधानमंत्री की इच्छा खट्टर के पक्ष में थी और पार्टी ने लोकसभा की सभी 10 सीटें भी 2019 में जीती थीं। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी वोट बैंक को लामबंद करते रहे हैं और उसमें उन्हें सफलता भी मिली है। पिछले आम चुनाव में ओबीसी के 45 फीसदी वोट भाजपा के पक्ष में आए, जो सर्वाधिक हैं। हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को राज्य की 30 फीसदी ओबीसी आबादी का चेहरा चित्रित किया जा रहा है, जबकि सैनी समुदाय की आबादी तो मात्र 2.9 फीसदी ही है। गैर-जाट, पिछड़े, दलित, पंजाबी, ब्राह्मण आदि अब भाजपा के 70 फीसदी से अधिक जनाधार हैं। यदि सरकार-विरोधी लहर मुख्यमंत्री खट्टर के कारण महसूस की जा रही है, तो उन्हीं की कैबिनेट के पांच चेहरों को दोबारा मंत्री क्यों बना दिया गया? क्या सत्ता-विरोधी लहर मुख्यमंत्री के खिलाफ हो सकती है, लेकिन मंत्रियों के कारण नहीं? यह तो अजीब राजनीतिक शास्त्र है। प्रधानमंत्री ने गुजरात, त्रिपुरा, उत्तराखंड, कर्नाटक आदि राज्यों के मुख्यमंत्री बदले, लेकिन चुनाव का प्रारब्ध फिलहाल प्रधानमंत्री के पक्ष में रहा है, लिहाजा वह भाजपा के लिए कोई भी रणनीति बनाएं अथवा एकाधिकार से पार्टी को संचालित करें, इस पर कोई क्या कह सकता है? हम तो अपने दौर की राजनीति का विश्लेषण कर रहे हैं और लोकतंत्र के मायने साफ तौर पर समझते हैं। बहरहाल, हरियाणा अब नए नेतृत्व में विकास करेगा और उन्नति का नया अध्याय लिखेगा, ऐसी कामना करते हैं।

## अपराधियों की शह गाहे-बगाहे ममता द्वारा उठाए गए कदमों से भी मिली

# राजनीति के अपराधीकरण का सशक्त उदाहरण है शाहजहां शेख का मामला

उमेश चतुर्वेदी

> हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख 29 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में जश्न का माहौल होना स्वाभाविक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शाहजहां शेख पर जब आरोप लगे, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। आखिर कलकत्ता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उसे गिरफ्तार क्यों किया गया? उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में गौर करने की एक बात और है कि उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल पुलिस ने तब की है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह कहा कि शाहजहां शेख की गिफ्तारी सीबीआई या बंगाल पुलिस या फिर कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी कर सकती है। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी। कहा तो यहां तक जा रहा था कि शेख पश्चिम बंगाल से लंदन भागने की फिराक में है। शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था। उसके आपराधिक साम्राज्य और राज्य की सत्ताधारी राजनीति में उसकी दखल और दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया ज सकता है कि ईडी की टीम पर उसके गुंडों ने उसकी शह पर हमला किया। ईडी के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद वह फरार रहा। पश्चिम बंगाल की सरकार उसे गिरफ्तार करने की जहमत तक नहीं उठा रही थी। ऐसे में 29 फरवरी की उसकी गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में रखी जा



सकती है। यह मानने के लिए कोई संदेह नहीं है कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का एक तरह से रस्म पूरा किया है। ताकि आशंकित राजनीतिक नुकसान से बचा जा सके। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल के सत्ता के दुरुपयोग का अनूठा केस है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के ठीक 55 दिनों बाद उसकी गिरफ्तारी होना एक तरह से पश्चिम बंगाल की सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। दिलचस्प यह है कि साल 2011 में ममता बनर्जी जिन मूल्यों को स्थापित करने के लिए माटी और मानुष का नारा देकर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थीं, वे मूल्य उनकी सत्ता ने कभी अख्तियार ही नहीं किए। सत्ता में आने के पहले तक ममता ने तत्कालीन वाममोर्चा सरकार की जमकर बखिया उधेड़ी। उन्होंने वाममोर्चा सरकार को अत्याचारी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं की इज्जत तार-तार करने वाली सत्ता साबित करने में कामयाब रहीं। ऐसे में उम्मीद थी कि जब वे सत्ता में आएंगी, पश्चिम बंगाल की स्थितियां बदलेंगी। वहां अमन-चैन कायम होगा। महिलाओं की अस्मिता की रक्षा होगी। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के रवैये में बहुत बदलाव नहीं हुआ। दरअसल हुआ यह कि पहले जो वामपंथी दलों के साथ कैडर के रूप में स्थानीय आपराधिक तत्व जुड़े हुए थे, अपने स्थानीय हितों के लिए वे तृणमूल कांग्रेस के साथ आते चले गए। फिर मौका देखते ही उन्होंने अपने पुराने ढर्रे को अपना लिया। तृणमूल के नेता भी आर्थिक अपराधों में शामिल होते चले गए। नौकरी के लिए घोटाला हो, या फिर शारदा घोटाला या कुछ और, तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने-अपने ढंग से भ्रष्टाचार में शामिल होते चले गए। इसका असर यह हुआ कि पश्चिम बंगाल में सत्ता भले ही बदल गई, सत्ता का चरित्र नहीं बदला। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने से पहले ममता बनर्जी केंद्र में मंत्री रहीं। वे सदा साधारण सूती साड़ी पहनती रहीं, हवाई चप्पल और पुरानी फिएट कार से चलती रहीं। उन्होंने अपने पुराने कालीघाट के घर में ही रहना जारी रखा। ऐसे में उनसे उम्मीद थी कि वे सत्ता में भ्रष्टाचार को काबू करेंगी। लेकिन हुआ इसका ठीक उलटा। वाममोर्चे के दौरान के असामाजिक टाइप के तत्व बदली हुई सत्ता के साथ तालमेल करने में कामयाब रहे और उन्होंने तृणमूल में भी पैठ बना ली। यही वजह है कि शाहजहां शेख जैसे गलीछाप अपराधी देखते ही देखते ताकतवर बनकर उभर जाते हैं। उनकी ताकत इतनी ज्यादा हो जाती है कि वे खुलेआम जमीनें कब्जियातें हैं, महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हैं। और तो और केंद्रीय एजेंसियों तक पर खुलेआम हमला कर देते हैं। ऐसे अपराधियों की शह गाहे-बगाहे ममता द्वारा उठाए गए कदमों से भी मिली। कुछ साल पहले ममता बनर्जी ने अपने ही एक पुलिस अधिकारी के बचाव में धरने पर बैठ गई थीं। तब सीबीआई ने उस अधिकारी के घर छापा मारा था। जब कोई मुख्यमंत्री पहले से ही मान लेता है कि उसका कार्यकर्ता या अधिकारी सही है, ईमानदार है। और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ वही खुद मोर्चा खोल देता है तो जाहिर है कि राज्य के दूसरे ऐसे तत्वों को भी शह मिलती है और वे आगे आकर केंद्रीय एजेंसियों को ना सिर्फ चुनौती देते हैं, बल्कि वे राजनीति शह भी हासिल करते हैं। इसके बाद उन्हें रोकने वाला कोई नहीं रह जाता। फिर सत्ता और राजनीति के संरक्षण से ऐसे अपराधी खुलेआम अपराध करते हैं। लेकिन शाहजहां शेख के मामले में जिस तरह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीके आनंद बोस और कलकत्ता हाईकोर्ट ने कड़ा कदम उठाया है।

दृष्टि कोण

# उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सचेत होने की जरूरत

खाद्य पदार्थों में मिलावट आज विश्वव्यापी समस्या है। बहुत से देशों में इसने भयावह रूप धारण कर लिया है। अधिकांश लोग यह जाने बिना कि उसमें मिलावट है, खाद्य पदार्थों का सेवन कर लेते हैं जिससे उपभोक्ता विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जनसंख्या में वृद्धि, शहरीकरण, भोजन की कमी और अनुचित लाभ की लालसा के कारण मिलावट ने भयंकर रूप धारण कर लिया है। इस तरह के कदाचार का अंतिम लक्ष्य ज्यादातर उपभोक्ता होते हैं जो अनजाने में इन खाद्य पदार्थों को खरीदते और खाते हैं तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हो जाते हैं। मिलावटी भोजन से उपजी बीमारियों के उपचार के लिए बाजार में दूषित दवाओं से या तो मौत हो जाती है या उपचार ताउम्र ही चलता रहता है जिससे उस परिवार की माली हालत खराब हो जाती है। दूषित दवाइयों से सारी दुनिया ही ग्रसित है और ये मौत का कारण भी हैं। 2006 में पनामा में कम से कम 366 लोगों की मौत का कारण बना दूषित कफ सिरप। भारत में बने कफ सिरप पीने से गाम्बिया में 66 बच्चों की मौतें, जम्मू-कश्मीर में खांसी/जुकाम की दवा से 10 बच्चों की मौतें, उज्बेकिस्तान में इंडियन कफ सिरप से 18 बच्चों की मौतें भी उल्लेखनीय हैं। इसी तरह 1998 में दिल्ली में 33 मौतें, 1986 में मुंबई में 14 मौतें और 1973 में चेन्नई में 14 मौतें हुई थी। दूषित दवाओं से ऐसी और बहुत सी मौतें हुई हैं और हो रही हैं। ये सब दवाइयों में गुणवत्ता की उपेक्षा के कारण हैं। पूरे विश्व में दूषित दवाओं की पूर्ति के लिए चीन और भारत की छवि खराब है। दूषित दवाओं को बनाने में हिमाचल प्रदेश भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हिमाचल में बीबीएन एशिया का सबसे बड़ा फार्मा हब माना जाता है। यहां 380 से ज्यादा फार्मा उद्योग हैं। प्रदेश में 675 फार्मा उद्योग कार्यरत हैं। देश में दवाइयों की खपत के बाद करीब 183 अन्य देशों में दवाइयां निर्यात की जाती हैं। 25-30 हजार करोड़ रुपए का सालाना व्यवसाय यहां होता है। प्रदेश के फार्मा उद्योग में करीब 2 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। पिछले 5 सालों में दवाइयों के 8000 सैंपल फेल हुए। जिन दवाइयों के सैंपल फेल हुए उनमें शुगर, संक्रमण, एंटीबायोटिक, एलर्जी, ब्लड क्लोट व दर्द निवारक दवाइयां



शामिल हैं। विश्व भर में हिमाचल की छवि को नुकसान पहुंचा है। हिमाचल को इस संदर्भ में नीति बनाने की आवश्यकता है, जिसमें उच्च गुणवत्ता की टेस्टिंग लैब बने और दवाओं की गुणवत्ता चैक होने के बाद ही बाजार में भेजें। प्रमुख खाद्य पदार्थों में भी मिलावट होती है। इनमें गेहूं-चावल में कंकड़/मिट्टी, सरसों तेल में सस्ता पाम आयल, हल्दी में लैड क्रोमेट और पीली मिट्टी, दूध में यूरिया व डिटर्जेंट, मिर्च में लाल ईंट पत्थर पाउडर, फल-सब्जी में कृत्रिम रंग, रेलवे स्टेशनों एवं बस अड्डों पर मिलावटी दूध की चाय आदि शामिल हैं जिनसे विभिन्न बीमारियां होती हैं, जैसे हृदय रोग, गुर्दों पर दुष्प्रभाव, लीवर-मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव, पेट रोग आदि। बहुत से लोग इन बीमारियों से ग्रसित हैं। खाद्य सुरक्षा कानूनों के ढीले कार्यान्वयन और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण ही खाद्य पदार्थों में मिलावट बड़े पैमाने पर हो रही है। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने, बाजार में होने वाली ग्राहक जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी चीजों का वितरण, तय मूल्य से ज्यादा दाम वसूलना, बिना मानक चीजों की बिक्री, ठगी, नापतोल में अनियमितताएं, गारंटी के बाद सर्विस नहीं देने के अलावा उपभोक्ताओं के प्रति होने वाले अपराधों को देखते हुए हर साल 15 मार्च को नए थीम के साथ विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। उपभोक्ता आंदोलन के जनक अमरीकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक राल्फ नादर थे। उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने के लिए 1962 में अमरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी द्वारा अमरीकी कांग्रेस में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की याद में 15 मार्च को चुना गया था। 15 मार्च 1983 को उपभोक्ता समूहों के लिए एक संघ 'कंज्यूमर्स इंटरनेशनल' द्वारा मनाया गया था। कंज्यूमर इंटरनेशनल दुनिया भर के उपभोक्ता समूहों के लिए सदस्यता संगठन है। 1 अप्रैल 1960 को स्थापित, इसके 120 देशों में 250 से अधिक सदस्य संगठन हैं। इसका मुख्य कार्यालय लंदन में है। भारत में पहला राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर 1986 को मनाया गया था। उपभोक्ता के छह अधिकार हैं: सुरक्षा, सूचना, चुनने, सुने जाने, निवारण और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार। इन अधिकारों के अलावा शोषण से बचने के लिए हमारे कुछ कत्र्तव्य हैं। वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता कुछ मानकों द्वारा तय की जाती है। इसमें कोई भी सामान खरीदने से पहले उन मानकों को देख-समझ कर ही वस्तु क्रय करनी चाहिए। भारत में स्वास्थ्य का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और इसे राष्ट्रीय संविधान और वैधानिक कानूनों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानूनों में भी वैधता दी गई है। इसी के दृष्टिगत भारत सरकार और राज्य सरकारों ने बहुत से कानूनों और अधिनियमों को पारित कर दूषित दवाओं और खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के कदम उठाए हैं।

कुछ अलग

# क्या भारत वापस आ सकता है कोहिनूर

ब्रिटिश म्यूजियम ने अगस्त 2023 में बताया कि उसके यहां से करीब दो हजार प्राचीन वस्तुएं चोरी हो गई हैं। ये चीजें ग्रीस और रोम सेक्शन में रखी थीं। इसके करीब छह महीने बाद जांच टीम ने एक क्यूरेटर को स्टोर रूम में चोरी करते हुए पकड़ लिया। चोरी हुई 356 बहुमूल्य चीजें तो बरामद हो गईं, लेकिन बाकी अब भी लापता हैं। बरामद वस्तुओं में से 10 की प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी ब्रिटिश संग्रहालय में 'रीडिस्कवरिंग जेम्स' नाम से लगी है। इस साल 15 फरवरी को इसकी शुरुआत हुई और यह दो जून तक चलेगी। म्यूजियम चलाने वाले ट्रस्ट के अध्यक्ष का कहना है कि यह प्रदर्शनी उनके खुलेपन का सबूत है। कोई भी ब्रिटिश म्यूजियम पर यह आरोप नहीं लगा सकता कि वह कलाकृतियों के प्रदर्शन में उदार नहीं है। भले ही ये चीजें सही या गलत तरीके से हासिल की गई हों। म्यूजियम के ऑनलाइन डेटाबेस की एनालिसिस से पता चला कि वहां 212 देशों की कम से कम 22 लाख चीजें थीं। केवल भारत से ले जाई गई प्राचीन वस्तुओं की संख्या ही 52,518 थी। याद रखें कि यह आंकड़ा केवल ब्रिटिश म्यूजियम का है। ब्रिटेन के बाकी संग्रहालयों में जो बेशकीमती भारतीय चीजें हैं, उनका लेखा-जोखा अलग है। दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व की शुरुआत में मेसोपोटामिया के 'एशनुन्ना के कानून' में कहा गया कि जो चुराया गया है उसे वापस करना होगा। दुर्भाग्य से ऐसा हो नहीं पाता। धरोहरों की वापसी के लिए अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लागू करना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। 19वीं सदी के दूसरे उत्तरार्ध तक विजयी सेना अपने दुश्मन देश की प्रॉपर्टी पर कब्जा जमा सकती थी और यह एक स्वीकृत मानदंड था। वैसे समय के साथ कई समझौतों के जरिये इस मुद्दे से निपटने का प्रयास किया गया है। ऐसी पहली कोशिश थी 1874 में ब्रसेल्स डिक्लरेशन। इसके माध्यम से प्राइवेट प्रॉपर्टी की सुरक्षा का प्रयास हुआ। फिर 1907 में हेग कन्वेंशन आया। इसमें धर्म, कला और विज्ञान से जुड़ी इमारतों को सुरक्षित करने पर बात हुई। पहले के इन दोनों समझौतों में कहीं भी कल्चरल प्रॉपर्टी की बात नहीं थी। इसका पहला जिक्र हुआ 1954 के हेग कन्वेंशन में। इसमें कहा गया कि सशस्त्र संघर्ष के दौरान सांस्कृतिक संपत्तियों की रक्षा होनी चाहिए। साल 1970 में हुए यूनेस्को कन्वेंशन के माध्यम से पहली बार युद्ध के बाहर चोरी हुई कलाकृतियों पर बात हुई। इसका मकसद है कल्चरल प्रॉपर्टी की अवैध तस्करी को रोकना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उनकी वापसी। भारत समेत 142 देशों ने इस कन्वेंशन को माना है। इसके बाद 1972 के यूनेस्को कन्वेंशन को सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की सुरक्षा, संरक्षण और प्रदर्शन के लिए अपनाया गया। इसे मानने वाले देशों की संख्या 194 रही। कन्वेंशन तभी प्रभावी होते हैं, जब किसी देश के घरेलू कानून भी उसकी पुष्टि करें। और अगर ऐसा हो भी जाए, तो कन्वेंशन की बातें बीते वक्त से लागू नहीं होतीं। सबसे अधिक लूट-खसोट हुई 19वीं और 20वीं सदी के उपनिवेशवाद के दौर में। यही कारण है कि ब्रिटेन जैसा देश ग्रीस की सांस्कृतिक विरासत को लौटाने पर चर्चा करने के बजाय ग्रीक प्रधानमंत्री के साथ पहले से तय बैठक को कैंसल करने का फैसला लेता है। यह वाकया पिछले साल नवंबर का है। ऐसे में कुछ भी नहीं किया जा सकता। स्वैच्छिक बातचीत एक लंबी प्रक्रिया है। इसके लिए धैर्य चाहिए और पिछले बुरे कामों को स्वीकार करने की जरूरत होती है। यह तरीका ज्यादा प्रभावी भी है। फ्रांस ने 2021 में अफ्रीका की कलाकृतियों को वापस करने का ऐलान किया था।

देश दुनीया से

# पश्चिम बंगाल और भारतीय राजनीति में नया रैम्प कल्चर

> वोटों की रस्साकशी के बीच हाल में फायर ब्रांड नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की नुमाइश एक रैम्प वॉक के जरिए की। खास बात यह है कि इसमें ममता खुद सबसे आगे दर्शक प्रशंसकों के बीच से दोनों हाथ हिलाते, मुस्कुराते हुए गुजरीं और उनके पीछे- पीछे बाकी के प्रत्याशी रैम्प पर अभिवादन करते हुए गुजरे। रैम्प के दोनों ओर बैठे दर्शकों के चेहरों पर राजनेताओं के इस नए अंदाज से हैरानी भरी खुशी थी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में गरमा रहे सियासी माहौल और तीखे आरोप-प्रत्यारोपों के बीच भारतीय राजनीति में दबे पांव आ रहे एक सांस्कृतिक बदलाव की ओर कम ही लोगों का ध्यान गया है। वोटों की रस्साकशी के बीच हाल में फायर ब्रांड नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की नुमाइश एक रैम्प वॉक के जरिए की। खास बात यह है कि इसमें ममता खुद सबसे आगे दर्शक प्रशंसकों के बीच से दोनों हाथ हिलाते, मुस्कुराते हुए गुजरीं और उनके पीछे- पीछे बाकी के प्रत्याशी रैम्प पर अभिवादन करते हुए गुजरे। रैम्प के दोनों ओर बैठे दर्शकों के चेहरों पर राजनेताओं के इस नए अंदाज से हैरानी भरी खुशी थी। इस राजनीतिक रैम्प वॉक के लिए तीन बड़े मंचों को दो रैम्प से जोड़ा गया था। इनमें से एक 330 तो दूसरा 240 फीट लंबा था। तर्क था कि दूर पीछे बैठे दर्शकों को मंच पर बैठे अतिथि और वक्ता ठीक से नजर नहीं आते। रैम्प इसी कमी को पूरा करता है। लगता है कि लोगों ने भी इस नए प्रयोग का खुशी से स्वीकारा। दरअसल, संदेश यही है कि अब राजनीति में रैम्प को उतना ही स्पेस मिलने लगा है। या यूं कहें कि राजनीति अब रैम्प पर आ गई है। यह भी कि राजनीति भी अब एक फैशन है और फैशन के जरिए भी राजनीति को साधा जा सकता है। इससे वोट बढ़ें न बढ़ें, व्यूज और लाइक्स जरूर बढ़ेंगे। आभासी दुनिया का दायरा बढ़ेगा। हालांकि इसके पहले भारत में कुछ राजनेता अपने स्टाइल स्टेटमेंट के जरिए चाहने वालों के दिलों में घर बना चुके थे। आजादी के बाद के दौर के भारत में ऐसी हस्तियों में पहला नाम जवाहर लाल नेहरू का है, जिनकी शेरवानी पर लाल गुलाब और कुर्ते पर पहनी वाली जैकेट कभी नेहरू जैकेट के नाम से मशहूर हुई थी, बाद में श्रीमती इंदिरा गांधी की सुंदर साड़ियां भी कभी समांतर चर्चा का विषय हुआ करती थीं। राजीव गांधी सुदर्शन व्यक्ति थे, इसलिए हर कपड़ा उन पर फबता था, बाद के दौर में सियासत ज्यादा उथल-पुथल के दौर के गुजरी, नेताओं का ध्यान कपड़ों से ज्यादा सत्ता संघर्ष की तरफ रहा। उसमें भी एक जमाने में पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी.सिंह द्वारा पहनी जाने वाली फर की कश्मीरी टोपी भी उनकी पहचान बना गई। राजनीति में टोपी पहनना या पहनाना भी नया मुहावरा बना। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टाइल स्टेटमेंट में सबको पीछे छोड़ दिया है। वो दिन में कई अलग- अलग ड्रेस, कुर्ते और जैकेट पहने नमूदार होते हैं। सब कुछ मैचिंग, व्यवस्थित, फिजा के अनुकूल और गहरा राजनीतिक संदेश देता हुआ। इसके लिए मोदी जी की कई बार आलोचना भी होती है, लेकिन अपने फैशन और राजनीतिक कटाक्षों से विरोधियों को चौंकाना सियासत की नई मोदी स्टाइल बन चुकी है। यहां तक कि उन्होंने नेहरू जैकेट में भी नया वैचारिक अस्तर लगाते हुए मोदी जैकेट में तब्दील कर दिया है। अलबत्ता ममता और उन जैसे कुछ नेता जिस किस्म की नई और नैनलुभावन राजनीति कर रहे हैं, वह मोदी स्टाइल से भी कुछ आगे की चीज है। लगता है कि आने वाले समय में नेता जनता की सेवा करें न करें, लेकिन राजनीति के रैम्प पर कैटवॉक करते खूब नजर आएंगे। इस कैट वॉक के लाखों वीडियो बनेंगे और सोशल मीडिया पर युवा पीढ़ी इसे देख देख दीवानी हुई जाएगी। वैसे राजनीतिक संदेश देने और जनता से कनेक्ट होने के इस अभिनव तरीके की शुरूआत ममता दीदी ने की हो, ऐसा नहीं है। इसके पहले कुछ दूसरे नेता ऐसे प्रयोगो की शुरूआत कर चुके हैं। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पिछले एक साल से मंच के बजाए रैम्प बनवाकर और हाथ में माइक लेकर घूम घूमकर भाषण देने की शैली ईजाद की थी। इससे एक फर्क यह पड़ता था कि श्रोताओं को अपनी गर्दन और आंखें दोनो घुमा घुमाकर 'मामा' के भाषण सुनना और उन्हें देखना पड़ता था। इस संबोधन शैली जो अक्सर मनोरंजन के कार्यक्रमों में नजर आती रही है। राजनीति में प्रवेश से सियासत को रंजक बनाने में थोड़ी मदद जरूर मिली है। श्रोताओं को निस्पंद बोरियत से भी उबारा है। दूसरे, इस वक्तृत्व शैली से वक्ता का शारीरिक व्यायाम भी स्वतः हो जाता है, जिसकी कि अधिकांश नेताओं को जरूरत होती है। भाषण के इस पैटर्न में दर्शकों की नजर कानों से ज्यादा काम करती है और वो शब्दों के साथ- साथ वक्ता के कपड़ों पर भी ध्यान देते हैं। क्या पहना है, कैसा पहना है, क्यों पहना है। कुछ वैसे ही कि जैसे फैशन परेड में रैम्प पर चलने वाले अथवा वालियों के कपड़ों पर दर्शकों की आंखें टिकीं रहती हैं।



आप का नजरीया

# क्यों पीनी पड़े शराब

कुछ तो शुक्रिया अदा शराब की बोतल का करें, जिसकी बदौलत प्रदेश का चूल्हा जलेगा। कोशिश हर बोतल से पूछ रही है कि इस बार कमाई के छबील पर कितना नशा बहेगा। ठेकेदारों की खिदमत में बोलियां लगाता आबकारी विभाग अपने सिर की जुएं निकाल देगा और फिर यूनिट दर यूनिट, इस महफिल में कमाने का जरिया, हमारी ही दरिद्रता के सामने अमीर हो जाएगा। पिछले दस महीनों में जिन लोगों ने नौ करोड़ से भी अधिक शराब की बोतलें गटक लीं, उनका शुक्रिया अदा करें या हर बोतल से निकलते मिल्क सेस का तिलक करें जिसने नब्बे करोड़ की उपज पैदा कर ली। सब कुछ ठीक व अनुमान पर खरा उतरा तो इस बार करीब 2100 शराब के ठेकों की नीलामी 2700 करोड़ की कमाई कर देगी और अब तो किराना दुकान पर राशन के एक कोने में बोतल इस्तकबाल करेगी। पीने वालों के लिए अब राशन की कतार में शराब की बोतल भी अवतार है। हर आबकारी नीति का भरोसा शराब की अधिकतम बिक्री पर है, इसलिए नए आविष्कार में किराने का कोना मधुशाला बनेगा और विभाग की खिचड़ी में शराब पकेगा। स्मार्ट लीकर शॉप, हमारी आर्थिकी के बुरे दिनों की साथी है और हर शराबी सरकार के खजाने के लिए गा रहा है, 'साथी हाथ बढ़ाना।' हो सकता है इस बहाने हिमाचल की रगों में बहती शराब, प्रदेश की खातिर बहती गंगा में हाथ धो ले। पाप को पुण्य में बदलने के लिए शराब की महती कोशिश की सराहना करें या कभी उस आईने में देखें जहां नैतिकता के हिसाब से कोई न कोई खानदान हार रहा होता है। फिर सस्ती शराब के चटकारे लेने वालों का क्या कसूर जो नकली शराब की हांडी में मुंह मारकर आंतडियों में छाले पैदा कर लेते हैं। कितना महीन काम है शराब की बोतल पर नन्हें शब्दों में लिखना कि इसका सेवन करना हानिकारक है। बजट भले ही शराब पीने को प्रेरित नहीं करता, लेकिन गरीबी से बचाने के लिए कमाई का संतुलन पैदा करता है। अगर इस साल शराब पीने की आदत बढ़ जाए या एक बोतल पीने वाले एक साथ दो-दो पी लें, तो आबकारी विभाग की बल्ले-बल्ले हो जाएगी। जब से सभ्य समाज ने राज्य के बजट को करमुक्त देखना शुरू किया है, कमाई के लिए किसी को तो पीना ही पड़ेगा। कोई स्थानीय नगर निकाय के लिए, तो कोई दूध की खरीद बढ़ाने के लिए पी रहा है। जो ऐसा नहीं कर पा रहे, आज भी गुड़ की कच्ची शराब पीकर, सरकारी कमाई का गुड़ गोबर कर रहे हैं। हमें क्योंकि मुफ्त की बिजली चाहिए, सस्ते में पीने का पानी, कम किराए वाली बस, बिना बच्चों के मुफ्त पढ़ाई वाला स्कूल गांव में चाहिए, गरीब बनकर बीपीएल से सगाई चाहिए और सरकारी नौकरी में ओपीएस की शुमारी चाहिए, तो किसी को तो शराब पीनी होगी। इसलिए कभी रात को हिमाचल का परिदृश्य में संभल कर देखना कि जो पीकर गिरा है, वह राज्य के कोष के लिए कितना संघर्ष कर रहा है। यह उसकी हिम्मत है कि गुर्दे फेल होने तक प्रदेश के खजाने की चिंता में बोतल पर बोतल लिए मर रहा है।

# टीएसपीसी नक्सलियों को बड़ा झटका तीन नक्सल समर्थक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों को पुलिस ने एक बार फिर बड़ा झटका दिया है। सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के तीन समर्थकों को सुरक्षाबलों ने धर दबोचा है। साथ ही गिरफ्तार नक्सल समर्थकों के पास से सबजोनल कमांडर के दस्ते को आपूर्ति के लिये भेजा जा रहा सामान व नक्सल साहित्य भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली समर्थक नक्सली संगठन के लिए कुरियर का काम करते थे। इनके द्वारा ही जिले में संचालित विकास योजनाओं से जुड़े संवेदकों व कर्मियों का नक्सलियों को मोबाइल नंबर व अन्य जानकारी उपलब्ध कराते थे। जिसके बाद हरेंद्र गंझू फोन पर धमकी देकर लेवी की मांग करता था।समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार नक्सल समर्थकों के पास से विभिन्न कंपनियों का 06 मोबाइल फोन के अलावे नक्सलियों को आपूर्ति के लिये भेजा जा रहा 04 नक्सली पर्चा, चार जोड़ा जूता, दो ट्राउजर, एक गंजी व एक मंकी टोपी समेत अन्य नक्सली साहित्य बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि एसपी विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के दस्ते को सामान आपूर्ति करने के लिए कुछ नक्सली इटखोरी थाना क्षेत्र के भुरकुंडा जंगल में भ्रमणशील हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। अभियान के दौरान ही तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली समर्थक मिथलेश दांगी राजपुर, लक्ष्मण कुमार दांगी ईटखोरी व सुरजीत मुंडा उर्फ बीडीओ हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र का रहने वाला है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली समर्थक जिले के इटखोरी और हंटरगंज थाना क्षेत्र समेत विभिन्न इलाकों में संचालित विकास योजनाओं से जुड़े संवेदकों व कर्मियों का नक्सलियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते थे। इनके द्वारा उपलब्ध मोबाइल नंबर पर ही सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू फोन पर ठेकेदारों व कर्मियों को धमकी देता था और लेवी की मांग करता था। अभियान में इटखोरी थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह व एएसआई दुखीराम महतो समेत सशस्त्र बल व गृह रक्षक के जवान शामिल थे।

# जीरो ड्रॉप आउट पंचायत को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** शनिवार को प्रखण्ड के कुन्दा पंचायत भवन में पिरामल फाउंडेशन के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य था की अपने पंचायत को कैसे जीरो ड्रॉप आउट पंचायत किया जाए,इस विषय पर कुन्दा पंचायत के मुखिया मनोज साहू के द्वारा शिक्षा के महत्व को बताया गया तथा अभिभावक को शिक्षा के प्रति जागरूक कैसे किया जाए, वही पंचायत सचिव रामजी साव के द्वारा भी इसी प्रकार की बाते बतायी गई। इसके साथ ही पिरामल फाउंडेशन के आदित्य राज के द्वारा शिक्षा के महत्व, शिक्षा क्यों जरूरी है तथा जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए कैसे शिक्षा जागरूकता रैली निकाली जाए। ज्ञान का दीप जलाना हैं, तो हर घर में बच्चा पढ़ाना हैं इस नारा के साथ जागरूकता रैली निकाली जाए और अपने पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाया जाए। उपमुखिया, जल सहिया, वार्डसदस्य, आंगनवाड़ी सेविका समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीपीडीपी के तहत मुखिया ने किया ग्राम सभा, दर्जनों योजनाओं का किया चयन, लोगों ने किया विरोध



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत सलगा गांव में जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में किया गया।एवं संचालन पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया ने किया। बैठक में दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।जहां गाय, बकरी, मुर्गी, शुकर सेड, पीसीसी निर्माण आहार निर्माण डोबा निर्माण चबूतरा निर्माण जैसे कई योजनाओं का चयन किया गया है। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने मुखिया एवं पंचायत सेवक का जमकर विरोध किया। लोगों ने कहा कि योजना कॉपी में लिखी ही रह जाती है। धरातल पर नहीं उतरती। सलगा गांव में पानी की बहुत कमी है। गर्मी शुरुआत हुई नहीं और लोग पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। आगे महिलाओं का कहना था कि पंचायती राज बिते 14 साल बीत चुका हैं। परंतु सलगा के ग्रामीण लोगों को पानी की व्यवस्था कोई मुखिया नहीं करवाए। और प्रत्येक वर्ष ग्राम सभा कर योजना चयन कर जाते हैं।और कोई काम नहीं होता है।मौके पर उपस्थित उषा देवी गायत्री देवी तूना देवी चिंता देवी गुड़िया देवी नीतू देवी रेखा देवी सरिता देवी पुष्पा देवी मंजू देवी सुशीला देवी वार्ड सदस्य रामदेव यादव मुसाफिर कुशवाहा एवं दर्शन महिलाएं उपस्थित थे।

## जीपीएल मैच का हुआ शुभारंभ टाइगर इलेवन व सुपरकिंग ने किया शुरुआत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान स्टेडियम में गिद्धौर प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को किया गया। जहां टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथियों ने पिता काट शुरुआत किया।इस अवसर पर ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। शुरुआती दौर में मैच सुपर किंग नयाखाप व टाइगर इलेवन टीम के बीच खेला गया। दोनों टीम की मुकाबले में टाइगर इलेवन की टीम विजयी हुई। उसने अंतिम ओवर में चार विकेट शेष रहते मैच जीत लिया।टॉस हारने के बाद सुपरकिंग ने पहले बल्लेबाजी कीया।और 12ओवर में 85 रन बनाये। जिसमें दीपक ने 10 गेंद में 22 रन बनाए।टाइगर इलेवन की तरफ से सुमित ने 24 रन के साथ दो विकेट हासिल किया। उसे मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।अंपायर का कार्य आकिद खान व सचिन कुमार ने किया।स्कोरर जितेंद्र कुमार भोगता ने किया।मौके पर पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया 20 सूत्री अध्यक्ष बिनोद पासवान खेल कमिटी के अध्यक्ष प्रेम राणा सचिव निरंजन दांगी मुकेश कुमार विकास कुमार अखिलेश कुशवाहा समेत कई उपस्थित थे।

## अफीम के साथ एक तस्कर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया और लावालौंग पुलिस ने संयुक्त रूप से तीन अलग अलग स्थानों से 6 किलो गिला 1 किलो सूखा और 06 ग्राम ब्राऊन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया गया। जहाँ तस्कर दिवाली गंझू को जेल के सलाखों के पीछे भेज दिया गया। मामले को लेकर एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चतरा अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि सिमरिया के बजराही और लावालौंग के बेहराबाद और करमा पुल के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अफीम की खरीद बिक्री की जाने वाली है। जिसकी सत्यापन के लिए मेरे नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित की गई। इसी क्रम में बजराही मोड़ से एक व्यक्ति दिवाली गंझू को 01 किलो 6 सौ ग्राम गीला अफीम एवं 06 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं लावालौंग थाना क्षेत्र के बेहराबाद से लावालौंग पुलिस की टीम ने राजेश गंझू के घर से 4 किलो 50 ग्राम गीला अफीम एवं करमा गांव के पुल के पास से मोटरसाइकिल नम्बर जेएच 13 ई 4504 के डिक्की से 1 किलो ग्राम सूखा अफीम सहित जब्त किया गया। जबकि एक तस्कर भागने में सफल रहा। जिसे लेकर लावालौंग कांड संख्या 13/24 धारा 18/27/29 एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है। इधर अफीम को लेकर एसडीपीओ और सिमरिया थाना प्रभारी चन्दन कुमार एवं लावालौंग प्रभारी रूपेश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि अफीम जीवन के लिए मौत मौत जैसा पदार्थ है ।इसे बेचना या खरीदना कानूनन जुर्म है इसे ग्रामीण बचे। अन्यथा एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल के सलाखों में भेजा जाएगा। एनडीपीएस एक्ट के तहत कितने लोग उम्र कैद की सजा हो चुकी है। इससे बचे और अपने घर परिवार को बचाए। छापेमारी टीम में एसडीपीओ अजय केशरी समेत इंस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी रूपेश कुमार लावालौंग, चंदन कुमार प्रभारी सिमरिया, नन्दलाल कुमार के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

# सालों से बंद पड़ा करोड़ों रुपए का जल मीनार, कोई नहीं है देखरेख करने वाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र मां भगवती पहाड़ी मंदिर से सटे पानी परिचालन करीब एक साल से बंद पड़ी है बीते कुछ दिन पहले 22 जनवरी राम मंदिर उद्घाटन को लेकर दो-तीन दिन के लिए पानी छोड़ा गया था पर वह भी तीन-चार दिन छोड़ छोड़ कर तीन दिन हीं पानी दिया गया उसके बाद से अभी तक डेढ़ महीना होने चला है लेकिन पानी का दर्शन नहीं प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया नल जल योजना के तहत मोदी जी का कहना है कि हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना है लेकिन यहां तीनों पंचायत बरवाडी सिंघानी नोन गांव इन सभी जगह पर सभी के यहां नल है पर उसमें जल नहीं, तीनों पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि हम सभी ग्रामीण हर कनेक्शन पर 310 रुपए देकर कनेक्शन लिया था कि हमारे घर तक स्वच्छ जल पीने को पानी मिलेगा लेकिन कनीय अभियंता के द्वारा 1 साल से ग्रामीणों को धोखा दिया जा रहा है पानी चालू करने को लेकर कई बार पीएचडी विभाग कनीय अभियंता को फोन लगाकर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पत्थलगड़ा में पहाड़ी मंदिर के सामने बनी पानी टंकी तो चालू है। तो फिर पानी टंकी में कार्यरत अमरजीत तिवारी जी से फोन लगाकर पूछा गया तो उन्होंने बताया ऐसा तो हम लोग नहीं बोले हैं। इसके पहले करीब 20 दिन पहले अमरजीत तिवारी से बात किया गया था उन्होंने बताया कि तीनों पंचायत में पाइप टूट गया है। तो एक सप्ताह के अंदर पाइप दुरुस्त कर दिया जाएगा लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। कभी मिस्त्री का हवाला देते हैं। की मिस्त्री धोखा दे रहा है।तो कभी ठेकेदार का हवाला देते हैं कि वह ठीक नहीं करवा रहा है।और जब ठेकेदार का नंबर मांगा जाता है, तो ठेकेदार के नंबर देने से भी इन सभी ने नंबर देने से इनकार कर देते हैं। लगता है सभी एक दूसरे के मेल से यह पानी टंकी चालू नहीं हो पा रहा है पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी पंचायत बरवाडी पंचायत नौगांव पंचायत के सभी ग्रामीण जनता, डीसी से गुहार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द पानी चालू किया जाय नहीं तो हम लोग मजबूरन प्रखंड ब्लॉक को घेराव करेंगे।

## केरिपुबल 214 बटालियन कैम्प के स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** 214 बटालियन केरिपुबल, डालडा फैक्टरी, औरंगा कैम्प, लातेहार के प्रांगण में दिनांक 15 मार्च 2024 को बटालियन का 14वां स्थापना दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन के0डी0 जोशी, कमाण्डेन्ट 214 बटा0 द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंतर परिचालन बटालियन खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह का अयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पंकज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, परिचालन रेंज पलामू ने संबोधित करते हुए बताया कि 214 बटालियन के जवानों नें परिचालनिक ड्यूटी तथा खेल प्रतियोगिताओं में उच्च कोटी का प्रदर्शन किया है तथा उम्मीद है कि इस प्रकार के प्रदर्शन आने वाले दिनों में भी करते रहेंगे। परिचालनिक ड्यूटी तथा खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए 214 बटालियन को श्रेष्ठ परिचालन बटालियन तथा श्रेष्ठ खेल बटालियन की ट्रॉफी प्रदान की गई। संध्या बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बटालियन के जवानों तथा जवाहर नवोदय/ केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक कला व नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन किया गया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा शनिवार को बरियातू, बालूमाथ, चंदवा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बरियातू प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में अब तक किए गए चुनाव कार्यो के अद्यतन प्रतिवेदन की जानकारी लेते हुए निष्पक्ष मतदान को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए।इसके पश्चात बरियातू प्रखंड अंतर्गत स्तरोंन्त उच्च विद्यालय, टोटीं, हेसला, बूथ क्रमांक- 56/57, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोटीं, बूथ क्रमांक 59 का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई, कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिला अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत एवं आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बालूमाथ प्रखंड के बूथ क्रमांक 140, 142, 143, 144 राजकीय बुनियादी विद्यालय, एवं चंदवा प्रखंड के बूथ क्रमांक 319, 320 राजकीयकृत मध्य विद्यालय का निरीक्षण कर सभी उचित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर (रूम्न) के तहत मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। केंद्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ सफाई कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरियातू, अंचल अधिकारी बरियातू, संबंधित थाना प्रभारी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अचार सहिंता के लगते ही विभिन्न पार्टियों के बैनर, पोस्टर और कट आउट हटाए गए



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अचार सहिंता लगते ही निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय व क्षेत्र के विभिन्न खम्भो,दिवार व अन्य स्थानों मे लगे विभिन्न पार्टियों के नेताओं के कट आउट बैनर और पोस्टर हटाया गया.मौके पर अंचल नाजीर कपीलदेव सिंह, अचलनिरिक्षक अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी नंद देव राम, राजु राम, सहित कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## टी आर का चुनाव संपन्न 11 वोट से नरेश कुमार हुए विजय



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित बनवारी शाहू महाविद्यालय में टी आर का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें प्रोफेसर नवल किशोर प्रसाद को हिंदी विभाग, डॉ नरेश कुमार पांडेय को भूगोल विभाग, संजीत प्रसाद को एसीसी विभाग, जहां प्रत्याशियों ने अपना अपना मतदान किया। एक मतदान रिजेक्ट हुआ।कुल 15 में से प्राचार्य मतदान नहीं किए हैं। 11 वोट से डॉक्टर नरेश कुमार पांडे विजय घोषित हुए।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हो चूके रोगी अब रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी के बाद ठीक हो चुके हैं। कुष्ठ रोग से मुक्ति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे रोगियों को निक्कुष्ठ मित्र बनाकर उनका सेवायें भी लेना शुरू कर दिया है। इससे कुष्ठ रोगियों का मनोबल तो निश्चित रूप बढ़ेगा ही साथ ही समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जायेगा। साथ ही जिला कुष्ठ उन्मूलन विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 2 कुष्ठ रोगियों को रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी करवा कर उन्हें दिव्यांगता से मुक्त किया। बतादें कि नवागढ़ के पुनम कुमारी का रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी कराकर उन्हें दिव्यांगता से मुक्ति दिलाया गया है इन्हें निक्कुष्ठ मित्र घोषित करते हुये सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो द्वारा निक्कुष्ठ मित्र का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं पूनम कुमारी ने कुष्ठ विभाग के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई है ताकि और अधिक से अधिक लोगों को कुष्ठ से मुक्ती मिल पाये ऐसे करके पूनम कुमारी अपने आपको गौरवान्वित महसूस करेंगी।राजहार निवासी लूल्हा भूइंया अपने मुहल्ले में कुष्ठ रोगियों को इलाज के लिये हमेशा प्रेरित किया करते हैं।इनके सार्थक प्रयास से जिला मुख्यालय के राजहार मुहल्ले में कुष्ठ रोगियों का खोज करने में काफी सहायता मिला है जिला कुष्ठ निवारण विभाग के अवकाश प्राप्त नंदु उरांव के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों का पहचान कर इलाज के लिये भेजने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिये इन्हें भी प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर कर सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया है।वही लातेहार जिले में कुल 258 रोगी इलाजरत है वहीं 170 रोगियों का अबतक सफल इलाज कुष्ठ निवारण विभाग के द्वारा किया जा चुका है।

# विधायक बैधनाथ राम ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** विधायक बैधनाथ राम के द्वारा शनिवार को चंदवा प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया गया। विधायक बैधनाथ राम ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सिदृढ़ीकरन योजना अंतर्गत बोरसीदाग स्थित एनएच 75 मुगलदाहा ब्रिज से भदईटाँड़-तुरवा तक और सासंग एनएच 75 से चेटर तक विशेष सड़क मरम्मती कार्य योजना की आधारशिला रखी। दोनों ही स्थानों पर विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। उक्त दोनों काम पैकेज में मंतशा कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित हुआ है। वंही विधायक श्री राम ने ब्लॉक कॉलोनी में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से बनने वाले बीडीओ, अंचलाधिकारी, प्रर्यवेक्षीय, तृतीय, चतुर्थवर्गीय, कर्मचारी आवास का भी विधिवत शिलान्यास किया। उक्त कार्य आरएस कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित किया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दोनों ही सड़कों के बन जाने से ग्रामीणों को सहूलियत होगी। उन्होंने आगे कहा कि लातेहार विधानसभा के सभी ग्रामीण सड़कों को सिदृढ़ करने का काम किया जा रहा है।क्षेत्र का विकास बेहतर सड़क से ही होकर गुजरता है। राज्य में सड़कों की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि नये भवन के निर्माण से प्रखंड से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और उन्हें यहां रहकर काम करने में सहूलियत होगी। विधायक ने संवेदकों से कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष खयाल रखने की भी बात कही। मौके पर झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, बीडीओ चंदन प्रसाद, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, मो मीनू, रमेश तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, अंकित पांडेय, मो सरफराज, मो आशु, तनवीर आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 253 दिन बाद काम पर लौटे पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का अपने पांच सुत्री मांगों के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त होते ही शनिवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक मंजीत सिंह के समक्ष अपना योगदान दिया।इस दौरान स्वयं सेवकों ने उन्हें मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर खुशी का इजहार किया। बताते चलें कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ अपने पांच सुत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे जिसमें झारखंड सरकार द्वारा इनके मुख्य मांग पर मुहर लगा दी और इनके मांग के अनुसार इन्हें पंचायत सहायक के रूप में नामित किया गया। आगे इन्होंने झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष मंटू कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष आनंद गुप्ता, विकेश कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, रवि कुमार, कैलाश राम, नरेश सिंह, बाबूलाल सिंह समेत कई पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## डीआईजी सुनील भास्कर ने बलोदर गांव पहुंचकर उग्रवादी हमले के घटना स्थल का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के डीआईजी सुनील भास्कर ने बड़कागांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बलोदर गांव में गुरुवार रात उग्रवादियों के द्वारा जेसीबी मशीन जलाने की हुई घटना स्थल का अवलोकन कर स्थिति का जायजा लिया। डीआईजी ने मौके पर उपस्थित एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह से उग्रवाद से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। वही डीआईजी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए विधि व्यवस्था के लिए स्थल का जायजा लिया ताकि समय रहते चुनाव से संबंधित सभी समस्याओं को दूर किया जा सके। पत्रकारों से बात करते हुए डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि लोकसभा को लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। बलोदर में जो घटना घटी है उसे लेकर घटना स्थल का जायजा लिया। क्राइम कंट्रोल के लिए कई रोड व स्थल पर शेड निर्माण कराकर पुलिस की तैनाती की जाएगी ताकि क्राइम को रोका जा सके। वही डीआईजी ने एसडीपीओ कुलदीप कुमार, बड़कागांव थाना मुकेश कुमार सिंह के साथ औपचारिक बैठक की तथा क्षेत्र की विधि व्यवस्था एवं समस्याओं को लेकर कई बिंदु पर चर्चा की।

# बरही पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ होटल संचालक को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव स्थित सतनाम होटल से एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मादक पदार्थ समेत होटल संचालक को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई शुक्रवार समय करीब 08 बजे की है। इस बाबत बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचमाधव स्थित सतनाम होटल के मालिक अशोक कुमार यादव पिता स्व. टेकन यादव ग्राम पिपराघोघर नईटाड़ थाना बरही जिला हजारीबाग के द्वारा डोडा (मादक पदार्थ) की बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। जिसमें पु.नि. सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, थाना के पु.अ.नि. सुरजीत चौधरी एवं सशस्त्र बल को शामिल किया गया। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सतनाम होटल में छापामारी की गयी, जहाँ से मादक पदार्थ बरामद किया गया। जिसमें काले रंग के प्लास्टिक में 610 ग्राम डोडा, लाल रंग के प्लास्टिक में 520 ग्राम डोडा, प्लास्टिक डिब्बा में 30 ग्राम गांजा, डोडा पाउडर 36 ग्राम शामिल है। उक्त मामले में कांड संख्या 101/24 धारा 18 (ए), 20(बी), एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वहीं गिरफ्त में आया होटल मालिक अशोक यादव को जेल भेज दिया गया।

## सड़क जाम मामले में बरही पुलिस ने 15 लोगों पर किया प्राथमिक दर्ज

**बरही :** बरही पुलिस ने सड़क जाम मामले में 15 लोगों पर नामजद प्राथमिकी समेत 30 से 40 अज्ञात लोगों पर भी प्राथमिक दर्ज किया है। इस संबंध में बरही पुलिस ने बताया कि रसोईया धमना निवासी उमेश साहू पिता का नाम नहीं मालूम, सुखदेव साहू पिता स्व. जागो साव, संतोष साव पिता स्व. जोधन साव, सूरज साव पिता स्व. जोधन साव, तापेश्वर साव पिता किसुन साव, मो. गोल्डन पिता साबिर अंसारी, संतोष साव पिता वासुदेव साव, शंकर राणा पिता नागो राणा, ढालो साव पिता स्व. तालो साव, उपेंद्र शर्मा पिता दशरथ शर्मा, घनश्याम साव पिता का नाम नहीं मालूम, सुनील साव पिता संतोष साव, बंसी साव पिता का नाम नहीं मालूम, टुकन साव पिता का नाम नहीं मालूम, काली राणा पिता जागेश्वर राणा शामिल है। बता दे कि पिछले बुधवार को गया रोड में लश्करी मोड़ के नजदीक बन रहे हैं ओवर ब्रिज के पास सड़क दुर्घटना में रसोइया धमना के ही दुखन साव की मौत हो गई थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के खिलाफ सड़क जाम कर दिया था।

## बगोदर मार्ग में टेम्पू पलटने से एक की मौत,दो घायल

**विष्णुगढ़ :** बगोदर मार्ग एन.एच- 522 चलनिया में एक टेम्पू के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है,कि टेम्पू में तिरला,बगोदर जिला गिरिडीह के एक ही परिवार के नौ लोग सवार थे । परिजनों के अनुसार अपने किसी परिजन का हज़ारीबाग में डॉ.मनोज जैन से इलाज कराकर तिरला वापसी के क्रम में चलनिया जंगल के पास टेम्पू पंजीयन संख्या जेएच 10 सी यू 0694 लौट रहे थे,इसी क्रम में ट्रक द्वारा चकमा दिए जाने की वजह से टेम्पू सड़क से अचानक नीचे उतरने की वजह से असन्तुलित होकर सड़क के किनारे पलट गई जिससे तिरला निवासी महमूद अंसारी,पिता इस्माइल मियाँ,उम्र 55 वर्ष की टेम्पू पलटने से सिर दब जाने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई। वहीँ टेम्पू में सवार सहिम रजा, पिता सरीफुल अंसारी उम्र चार माह के सिर पर चोट आई,तथा संजीदा खातून,पति सरीफुल अंसारी उम्र 22 वर्ष को बाएँ पैर बाएँ हाथ तथा सिर पर मामूली चोटें आई।

## तैयारी पूरी,आज शहर के सड़कों पर निकलेगी भव्य श्री श्याम प्रभु की शोभायात्रा

**हजारीबाग।** प्रभु श्री श्याम की आराधना विशेष रूप से देश भर में फागुन के महीने में की जाती है। इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम भक्त परिवार के द्वारा दो दिवसीय श्याम उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है 17 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वजयात्रा मालवीय मार्ग स्थित रानी सती मंदिर से निकली जाएगी। शोभायात्रा प्रारंभ से पूर्व श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना की जाएगी इसके बाद मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए मुनका बगीचा पहुंचकर समाप्त होगी इस भव्य शोभा यात्रा में 500 से भी अधिक श्याम प्रेमी शामिल रहेंगे जिसमें महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल होकर श्याम प्रभु का जयकारा लगाते हुए भव्य शोभा यात्रा को संपन्न करेंगे। वही 18 मार्च को मुनका बगीचा में संध्या 600 बजे से श्री श्याम फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया है इस आयोजन में बनारस की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पायल बनारसी, सरोज लक्खा एवं पिंटू शर्मा अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएंगे।

## आँगनबाड़ी भवन के नवनिर्माण की मुखिया ने रखी पहली ईट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अर्न्तगत कुसुंभा पंचायत के जमुआ में मुखिया दुलारचंद पटेल ने आंगनवाड़ी केंद्र के भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।जानकारी के अनुसार आँगनबाड़ी केंद्र वर्षो से निजी एक भवन में संचालित हो रहा था।जिसकी वजह से बच्चों तथा सहायिकाओ को विभिन्न प्रकार समस्याओं का सामना करना पड़ता था। निजी भवन में आंगनबाड़ी के संचालन से सरकार द्वारा प्राप्त सुविधाओं को इस्तेमाल में नही लाया जा सकता था जिसकी वजह से बच्चे उन सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। मुखिया ने कहा कि अब यहां के बाल नौनिहालों के देख-भाल और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने में आसानी होगी।

# भाजपा प्रत्यासी मनीष जयसवाल ने बड़कागांव में चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मनीष जयसवाल ने बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न पंचायत, और गांव में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। बड़कागांव मुख्य चौक, ब्लॉक मोड़, होरम, चंदौल, पुंदौल, मर्दू सोती, महुगाई, शुकुल खपिया, अंबाजित, बादाम, हरली, विश्रामपुर, नया टांड़ , गोसाई बलिया, डोकटांड, नापो खुर्द, नापो कला, बरवानिया, लुरुंगा, चानो, सहित अन्य गांव में लोगों से मिल कर उन्होंने लोकसभा चुनाव में वोट देने का आह्वाहन किया। ढोल नगाड़ों के बीच कई चौक चौराहे में मनीष जयसवाल का माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। बादम मस्जिद चौक में मनीष जयसवाल का शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मस्जिद चौक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा के में आपके इलाके का बेटा हूं। मैं जनता का आवाज बनने के लिए खड़ा हुआ हूं। बड़कागांव छेत्र में विस्थापन एक बड़ी समस्या है। इस पर जरूर विचार विमर्श किया जाएगा। मेरे लिए एक मात्र एजेंडा विकास है और उसी को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सतेंद्र सिंह, पुष्कर अग्रवाल, आदित्य सोनी, राजू सोनी, अवधेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, पारसनाथ महतो, जयनारायण प्रसाद, बेचन साव, मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार, शिवनाथ महतो सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रशासन ने राजनीतिक पार्टियों का बैनर हटाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** 2024 लोकसभा चुनाव के घोषणा शनिवार दोपहर 3:00 की गई। चुनाव के घोषणा होने के बाद बड़कागांव प्रखंड में प्रशासन के द्वारा राजनीतिक पार्टियों का बैनर होर्डिंग को हटाया गया। बताते चले कि आचार संहिता लगने के बाद सरकारी कार्यालय यह सरकारी कार्यालय के आसपास राजनीति पार्टियों का बैनर और होर्डिंग 24 घंटे के अंदर हटाने का नियम है। गैर सरकारी और चौक चौराहों पर राजनीतिक पार्टियों का बैनर व होर्डिंग 48 घंटे के अंदर हटाने का प्रावधान है। अगर समय सीमा के अंदर बैनर और होर्डिंग नही हटाया गया तो चुनाव आयोग उस पार्टी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकती है। बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि प्रशासन के द्वारा बैनर होर्डिंग हटाए जा रहा है। सभी पार्टियों से अपने पैनल में वोटिंग हटाने का निर्देश दिया गया है अन्यथा उस पार्टी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त ने प्रेस वार्ता कर लोक सभा निर्वाचन 2024 की आधिकारिक घोषणा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा की। इसी क्रम में चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेस वार्ता कर लोक सभा निर्वाचन 2024 की आधिकारिक घोषणा की।उन्होंने प्रेस को बताया की झारखंड राज्य में कुल पांच चरणों में चुनाव आयोजित किए जायेंगे। जिसमें 5 कोडरमा एवं 14 हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु पांचवें चरण में मतदान की तिथि निर्धारित की गई है हजारीबाग में पांचवे चरण यानी 20 मई को वोट डाले जाएंगे। निष्पक्ष मतदान हेतु मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए 10758 मृत मतदाता, 13927 स्थानांतरित मतदाता एवं 4650 डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है। कोई भी मतदाता छुटे नहीं की थीम पर कार्य करते हुए लगभग 96490 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। जिसमें 18-19 आयु वर्ग के 44904 नये मतदाता पहली बार मतदान में हिस्सा लेंगे। जिले भर में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या- 21205 है। 80+ आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या-11483 है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में जिले का जेंडर रेशियो 947 की तुलना में 938 है। अगले विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए 7863 नये मतदाताओं को मतदाता सूची में निबंधन करने हेतु प्रपत्र 6 अग्रिम रूप में भरा गया है।

## किसके दबाव में एसबीआई चंदा देने और लेने वालों का नाम छुपाना चाहती है- समीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मंडल सदस्य समीर दास ने उक्त बातें हजारीबाग पार्टी जिला कमेटी की बैठक में कही. सीपीएम के जिला कमेटी की एक बैठक तपेश्वर राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में बतौर पर्यवेक्षक समीर दास भाग लिए. बैठक को संबोधित करते हुए समीर दास ने कहा कि देश आज नाजुक स्थिति में खड़ी है 2014 के बाद मोदी के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए की सरकार ने एक के बाद एक जन विरोधी और मजदूर विरोधी फैसला लेकर कानून बनाती रही जिसका नतीजा यह है कि कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है. चुनाव के पूर्व गैस, डीजल और पेट्रोल का दाम काम करके मोदी सरकार देश की आम जनता को मूर्ख बना रही है. इलेक्टोरल बांड का मामला यह साफ कर दिया कि ई डी और सीबीआई का उपयोग सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए ही नहीं आर्थिक फायदे के लिए भी मोदी सरकार कर रही है. बैठक में जिला सचिव ईश्वर महतो ने रिपोर्ट पेश किया जिस जिस पर गणेश कुमार सीटू, सुरेश कुमार दास, तपेश्वर राम, किरण देवी, गुलाब साव ने बहस किया को रिपोर्ट को पास किया. बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए ये फैसला लिया गया कि इस मामले में राज्य केंद्र का जो फैसला होगा उसको जिला कमेटी के सभी साथी पूर्ण रूप से पालन करेंगे.

## श्री श्री 1008 श्री सीताराम नवाहप्रायण हनुमत महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केवाल गांव में श्री श्री 1008 श्री सीताराम नवाहप्रायण हनुमत महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सभी कलश उठाने वाले महिलाओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कलश देकर रवाना किया, जिसमें 200 महीला श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। यज्ञ आचार्य पंडित श्री पंकज शास्त्री ने पूरे विधि विधान से कलश में जल भरवाया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की पूरा भक्ति का माहौल है। पूरे केवाल ग्रामीणों पर भगवान की कृपा बनी रहे। यज्ञ आयोजन से आसपास के इलाकों के लोगों पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। कलश यात्रा में यज्ञ समिति अध्यक्ष बिनोद सिंह, सचिव गौतम सिंह, कोषाध्यक्ष उदय सिंह, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, समाजसेवी कविता चंद्रवंशी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, भाजपा नेता डोमन पांडेय, संयोजक शम्भूनाथ सिंह, ऋषिकेश सिंह, श्रवण सिंह, अनुराग सिंह, सन्नी सिंह, सोनू सिंह, पिन्टू सिंह, मंजीत सिंह, सुधीर सिंह, सुमित सिंह, मुकेश सिंह, विक्रम सिंह, सुनील भुइयाँ, कारु भुइयाँ, कार्तिक भुइयाँ, सुनील राम, सुमंत राम, अशोक राम आदि शामिल थे।

## संत कोलम्बा महाविद्यालय में एजुकेशन फेयर करियर कॉन्क्लेव - 2024 का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** स्थानीय संत कोलम्बा महाविद्यालय एवं करियर बे के द्वारा करियर कॉन्क्लेव - 2024 नामक एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से तकनीकि व व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले 15-20 टॉप रैंक्ड कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के आए। एडमिशन पदाधिकारियों के साथ-साथ, वरिष्ठ फैकल्टी और शैक्षिक सलाहकार ने स्नातक के बाद तय समय सीमा में सुनिश्चित सफलता के लिए नवीनतम करियर व नौकरी के विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी दिए। ऑन स्पॉट एडमिशन के साथ साथ गरीब परिवार के विद्यार्थियों के लिए मेरिट स्कॉलरशिप, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और एजुकेशन लोन के प्रक्रिया की जानकारी और सहायता दिए। उन्होने कहा कि ग्रेजुएशन सेमेस्टर - 6 के वर्तमान विद्यार्थियों के साथ - साथ स्नातक पास विद्यार्थी भी इस मेले का लाभ उठा सकते है। मेले में प्रवेश के लिए इस लिंक पर मुफ्त रजिस्ट्रेशन करा सकते है. एम् बी वे कॉलेज , फ्रांस और लॉरेंस टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी , अमेरिका के साथ - साथ बैंगलोर से आचार्या बैंगलोर बी स्कूल , आचार्या इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज , ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस स्टडीज, आई आई बी इस , अलायन्स यूनिवर्सिटी दिल्ली एनसीआर से जी एन आई ओ टी इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्टडीज, जी एल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट , पुणे से पी आई बी एम् , नासिक से संदीप यूनिवर्सिटी कोलकाता से आई एस बीएम् , भुबनेश्वर से सेंचुरियन यूनिवर्सिटी , पंजाब से चितकारा यूनिवर्सिटी और देश भगत यूनिवर्सिटी आंध्रा प्रदेश से एस आर एम् यूनिवर्सिटी है। कैसे पाएं गरीब व सामान्य परिवार के बच्चे अपनी सीमाओं में सुनिश्चित सफलत। नए ज़माने की नयी राहें ! विषय पर परिचर्चा के साथ शहर के गण्यमान्य पत्रकारों एवं महाविद्यालय के चुनिंदे व्याख्याताओं के सम्मानित किया गया। मुख्य आकर्षण करियर के नयी जानकारी के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किये हुए छात्रों के लिए अनेको पुरष्कार और गिफ्ट किए गए।

# बरसोत में भंडारा एवं पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में तीन दोनो से चला आ रहा श्री श्री 108 श्री चण्डी महायज्ञ सह वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव हवन पूजन, पुर्णाहुति, भंडारा के साथ सम्पन्न हो गया। समापन के दिन रात्रि में जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन तिलेश्वर साहू सेना का केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार साहू एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपक पाठक ने किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अरुण साहू ने कहा की यज्ञ अनुष्ठान से वातावरण में भक्ति का संचार होता है, नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है, सकारात्मक ऊर्जा की उत्पति होती है। ज्ञात हो की पुराने देवी मंदिर को जीर्णोधार कर पुनर्स्थापित किया गया हैं। जिसमे देवी की वेदी प्रतिष्ठा की गई। महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दीपक पाठक, सचिव दामोदर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा, संयोजक संतोष रजवार एवं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, उपाध्यक्ष राकेश रजक, सुधीर चंद्रवंशी, सूरज चंद्रवंशी, चन्देश्वर साव, बसन्त रविदास, उप कोषाध्यक्ष झमन साव, उप सचिव शैलेश कुमार सौंडिक, राजेश कुमार कुशवाहा, विनय रजवार, रोहित चंद्रवंशी, ओमप्रकाश साव, गुडू रजवार, शांति सह निगरानी समिति अध्यक्ष पूर्व पंसस वन बिहारी कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष इंद्रदेव रजवार, यशवीर सिंह, मुरारी पांडेय, अविनाश कुशवाहा यज्ञ आदि ने मदद किया। यज्ञ के दौरान भाई चारे की भी उदाहरण बनकर ग्रामीण मुस्लिम समुदाय के द्वारा कलश यात्रा के दिन यज्ञ मंडप के कुछ ही दूरी पर फलाहार का वितरण व्रतियों के बीच किया गया।

## साक्ष्य के अभाव में कुल 6 मामलों में बरी हुए पूर्व मुखिया उदय साव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साव को जिला एवं सत्र न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में शनिवार को कुल 6 मामलों में बरी कर दिया। श्री साव ने दोष मुक्त होने के बाद कहा कि शालिनी खलखो पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी कटकमदाग के द्वारा मिथ्या व मनगढंत आरोप लगाते हुए उन्हे छेड़खानी, चोरी,रंगदारी,हरिजन एक्ट ,सरकारी कार्य मे बाधा ,महिला दुषप्रचार ,रेकी कर जान से मारने समेत अन्य गंभीर आरोप लगा कर फर्जी मुकदमें में फसाने की साजिश रची गई। श्री साव ने निष्पक्ष जांच हेतु सी आई डी महानिदेशक अनुराग गुप्ता एवं पुलिस मुख्यालय के महानिदेशक अजय कुमार सिंह ,पुलिस महानिरीक्षक ,राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री, मानवाधिकार , आईजी,समेत सभी स्वंतत्र एजेंसी से निष्पक्ष अनुसंधान करने का अनुरोध किये थे इसी का परिणाम है कि कुल 6 मुकदमा में जिला प्रशासन ने गहनता से जांच करते हुए क्लीन चिट दिया तथा माननीय न्यायलय ऐस ऐस मिंज की कोर्ट ने बाइज्जत बरी किया। ज्ञात हो कि पूर्व मुखिया उदय साव को न्यायलय द्वारा पहले भी कटकमदाग थाना कांड संख्या 130/16,43/17,131/18 कुल तीन मुकदमा में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

# हजारीबाग यूथ विंग ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी से किया शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी अलग पहचान हजारीबाग यूथ विंग स्थापित कर रही है। इसी बीच शनिवार को हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा नवनियुक्त सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार सिन्हा से फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया गया। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा किए गए सेवा कार्यों को विस्तार रूप से उनके बीच रखा गया। बताया गया कि यूथ विंग पिछले 2 वर्षों से सेवा का कार्य कर रही है। बीते दिनों रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था जिसमे वर्ष 2023ङ्क24 का सबसे बड़ा शिविर साबित हुआ जिसमें 130 रक्त संग्रह किया गया था,साथ ही बताया गया कि धार्मिक कार्यो के साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता पूरी सुनिश्चित करती हैं संस्था। गौशाला मे भी हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा सेवा प्रदान किया जाता है। बताया गया कि बीते दिनों महाशिवरात्रि के अवसर पर गौशाला परिसर स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर गौ माता की सेवा किया गया था। सभी बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के उपरांत नवनियुक्त सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा की आप लोगों की सेवा बहुत ही अच्छी है, आपकी जरूरत पर अवश्य याद किया जाएगा। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में किए गए सेवा को विस्तार रूप से उन्हें बताया गया। हजारीबाग यूथ विंग पिछले 2 वर्षो से निरंतर रूप से कार्य कर रही है। हजारीबाग यूथ विंग लोगों की सेवा के लिए हर वक्त खड़ी है। शहर वासियों के प्रेम और आशीर्वाद से आगे भी करते रहेगी। मौके पर ञ्ज संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी,विकास तिवारी एवं राकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोगों को समुचित सुविधा मिले यही मेरा लक्ष्य है : सुनीता चौधरी



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद के वार्ड नंबर 26 एवं वार्ड नंबर 27 में शनिवार को विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने योजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो थे।इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने नगर परिषद के वार्ड नंबर 26 में एनएच 33 बाय पास से फोरलेन श्मशाम घाट तक 52 लाख की लागत से बनने वाले पेवर्स ब्लॉक निर्माण और कैथा एवं मडुआजारा में 69 लाख रूपए की लागत रूपए की लागत से गली मुहल्लों में बनने वाले पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। वहीं, नगर परिषद के वार्ड नंबर 27 में 50 लाख रूपए की लागत से गोबरदरहा मंदिर परिसर में सुंदरीकरण कार्य एवं गोबरदरहा हुहुवा में गली मुहल्ले का निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने विधिवत रूप से किया। शिलान्यास कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो थे। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि समूचे रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करना मेरा लक्ष्य है। कहा कि मैं इसी को ध्यान में रखकर कार्य कर रही हूं। विधायक ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर गली और मुहल्ले में सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि लोगों को आने जाने में किसी भी तरह की परेशानी नही हो। उन्होंने कहा कि मैं विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर हूं। लोग मुझसे मिलकर अपनी समस्याएं बताएं मैं उनकी समस्याओं को दूर करने का पूरा प्रयास करूंगी। विधायक ने कहा कि रमागढ़ विधानसभा का समुचित विकास हो, सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिले सभी खुशहाल हों यही मेरा लक्ष्य है। वहीं, विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी गली मुहल्लों का समुचित विकास हो और लोग खुशहाल हों यही हमारा लक्ष्य है। साथ ही सभी जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ मिले यही हमारा प्रयास है। मौके पर वार्ड नंबर 26 के पार्षद देवधारी महतो, वार्ड नंबर 27 के पार्षद रौशन कुमार, नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो, आजसू नगर परिषद कमेटी के अध्यक्ष राजेश महतो, नीरज मंडल ,कैलाश महतो, पुरूषोत्तर महतो, विकास कुमार, लालबाबु मुंडा, महेश महतो, कुलेश्वर महतो, भोगनाथ महतो, नंदू महतो आदि उपस्थित थे।

### नेहरु युवा केंद्र रामगढ़ के द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र ,रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैद्यजिसके तहत शनिवार को सीएमसी कॉम्पिटेटिव क्लासेस में संवाद व संगोष्ठी के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र के सलाहकार समिति सदस्य शशि शेखर सिंह उपस्थित रहेद्य उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए बताया कि देश के नागरिक का प्रथम कर्तव्य मतदान करना है व छात्र होने के नाते आस पास के लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि मतदान के माध्यम से ही हम एक अच्छा जनप्रतिनिधि चुन सकते है, और अगर हम अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे तो कोई गलत व्यक्ति चुन कर आ जायेगा। नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक नितेश कुमार मोदी ने भारतीय निर्वाचन आयोग से संबंधित जानकारी साझा करते हुए दिव्यांग जनों की सहायता हेतु सक्षम एप, मताधिकार की शक्ति , नोटा और चुनाव संबंधित बातें बताई। मतदान करना हम सबकी अहम जिम्मेदारी है और सभी 18 वर्ष के युवा अपना नाम निर्वाचन नामावली मे दर्ज कराते हुए अपनी वोटर आईडी अवश्य बनाये। 17 साल के भी लोग अभी से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते है ताकि 18 साल होते ही उन्हें वोटर कार्ड प्राप्त हों जाए।कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं अठारह या अठारह वर्ष से ऊपर युवाओं को मतदाता सूची में ऑनलाइन पोर्टल से पंजीकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सीएमसी क्लासेस के शिक्षक संदीप रजक द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये कहा कि इस प्रकार के माध्यम से प्रत्येक छात्र-छात्राएं अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करें। उन्होने कहा मतदान हमारा अधिकार है हमें इसका प्रयोग जरूर करना चाहिये। कार्यक्रम में युवाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लिए मार्गदर्शित व जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह निवेदन की गई कि वो अपने आस पास में अपने मित्र, भाई बहन को भी जागरूक करे और मतदान कर के जागरूक बने। मौके पर स्वयंसेवक आशुतोष कुमार, मिथिलेश कुमार, रविंद्र कुमार आदि शामिल थे।

# श्री नारनौलीय अग्रवाल संघ ने 151 तीर्थयात्रियों के दल को रवाना किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री नारनौलिय अग्रवाल संघ, गोला रोड, रामगढ़ कैंट के तत्वावधान में अग्रवाल समाज के लोगों का 151 तीर्थयात्रियों का एक विशाल दल गाजे-बाजे के साथ रामगढ़ रेलवे स्टेशन से पांच दिवसीय श्री काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या धाम तीर्थ यात्रा के लिए सुव्यवस्थित तरीके से एक साथ रवाना किया गया । इस यात्रा की अगुवाई अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सचिव रंजन कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, संयोजक गुप्तेश्वर अग्रवाल, सह संयोजक मनोज अग्रवाल सहित गणमान्य सदस्य नागेंद्र प्रसाद अग्रवाल अनिल अग्रवाल बलदेव अग्रवाल पुरुषोत्तम अग्रवाल आशीष अग्रवाल



नीतू अग्रवाल संध्या अग्रवाल बीना अग्रवाल कंचन अग्रवाल सरिता अग्रवाल संगीता अग्रवाल विजय अग्रवाल राजेश अग्रवाल मीरा अग्रवाल पूनम अग्रवाल संजय अग्रवाल अनीता अग्रवाल कल्याणी अग्रवाल रेनू अग्रवाल आदि समस्त सदस्य मौजूद थे।

# रस्काटोला के ग्रामीणों की हुई बैठक पुर्णवास और नौकरी की उठी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत रस्काटोला में ग्रामीणों की शनिवार को बैठक हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता जुरा सोरेन व संचालन विजय सोरेन ने किया। वहीं इस बैठक में सभी ग्रामीणो की सहमती बनी कि रस्काटोला के पांच घर को सीसीएल अविलंब जमीन आवंटित करें।बाकी बचे हुए घरों को तभी तोड़ा जाए जबतक सीसीएल प्रबंधन शेष बची



राशि व नौकरी नहीं देता है तबतक। जुरा सोरेन ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा इन पांच घरों को जरजरा में जहां भी बसाया जाएगा। नौकरी व मुआवजा मिलने के बाद बचे हुए ग्रामीण को जरजरा में ही पुर्णवास कराया जाए। वहीं इस बैठक में मोहन सोरेन, मनीराम मरांडी,राजू सोरेन, रवि सोरेन,मंटू टुडू, गुप्ता सोरेन, राजेश टुडू, राजेश मुर्मू, नरेश टुडू, जयपाल सोरेन,सुरज हेम्ब्रोम, लुदवा टुडू, महेश टुडू, कमलेश सोरेन,जतरू सोरेन,बुटन टुडू,विजय टुडू, सुनीता देवी,बिर्सी देवी,मिलू देवी, रेखा देवी,मानती देवी, संगीता देवी,योगी देवी,कर्मी देवी, सुष्मिता देवी, सुग्गी देवी, टेमने देवी, इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे

## अर्ली चाइल्डहुड केयर के तहत असेसमेंट के उपरांत आंगनवाडी सेविकाओं का प्रशिक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन एवं केंद्र के माध्यम से बच्चों व आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन संबंधित विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के अलग-



अलग प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविकाओं के असेसमेंट का कार्य पूर्ण होने के उपरांत कुल 256 आंगनबाड़ी सेविकाओं का चयन किया गया जिसके बाद एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण का कार्य 16 मार्च से शुरू कर दिया गया है।

# सांकुल में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सांकुल पंचायत भवन के समीप विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड पतरातू के सौजन्य से सीएसआर मद द्वारा निर्मित भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह अनावरण शनिवार सुबह नौ बजे सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, पंचायत मुखिया सुमन भारती,पंसस अंजु कुमारी और वार्ड सदस्य रेखा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर और



पुष्प अर्पित कर संपन्न किया गया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि ने उपस्थित पंचायत के ग्रामीणों से बाबा भीमराव अम्बेडकर द्वारा बताये गए मार्ग पर चलने एवं शिक्षित बनने की बात कही। इस दौरान पंचायत मुखिया एवं पंचायत ग्रामीणों ने पीवीयुएनएल प्रबंधन के प्रति अभार व्यक्त किए। मौके पर समाज सेवी संजू देवी,रविन्द्र पासवान,अवधेश सिंह, परमानंद राजीव,रामकुमार राम, सुखदेव रवि,रंजीत सिंह,झूबर राम, उदय साव,मोती राम,धनेश्वर राम, बासुदेव राम,विश्वनाथ राम,शमशाद अंसारी,किसुन राम, रंजीत ठाकुर,बबलू राम,संदीप करमाली,अंजु देवी,तारा देवी,रीता देवी,किरण देवी,गोकुल राम,नरेश राम,भवानी राम अरुण राम,दिनेश्वर राम,मोती ठाकुर,कुंवर राम लखिदर राम,झूबर राम,रघु कुमार राम,जुगल राम,बबन ठाकुर,उदय साहु,केदार ठाकुर,विश्वनाथ राम,संजीत राम, सुगिया देवी,उर्मिला देवी,सुनीता देवी पूनम देवी,छाया देवी,सरोज देवी, चिंता देवी,सुखदेव रवि,सुखदेव रवि, देवंती देवी,संजू देवी,अंजु देवी,तारा देवी,रीता देवी और किरण देवी आदि उपस्थित रहे।

# सीपीएम के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटो :** एनसीओईए (सीटू) के क्षेत्रीय कार्यालय में सीपीएम के युजीपी शाखा की कोमरेड हीरामन रजवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व प्रथम दिवंगत साथियों के प्रति एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। वहीं पार्टी के जिला सचिव कोमरेड आर पी सिंह चंदेल और जिला कमिटी सदस्य कोमरेड बलभद्र दास बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहकर पार्टी की केन्द्रीय कमिटी और राज्य कमिटी के निर्णय की जानकारी दिया और आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार को हराने और



इंडिया गठबंधन के पक्ष में काम करने का निर्देश दिया। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा सी ए ए को चुनाव से पूर्व लागू करने का कड़ा विरोध किया । साथ ही बीजेपी सहित अन्य राजनीतिक द्वारा चुनावी बौंड के माध्यम से करोडों रुपये एस बी आई के माध्यम से लिया गया, जिसके खिलाफ सीपीएम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इसे रोकने और किस पार्टी को कितना रुपये का बौंड मिला उसका खुलासा करने का अपील किया और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उसका खुलासा किया गया, जिस पर बैठक ने खुशी जाहिर किया।

# जेबीकेएसएस पतरातू प्रखंड इकाई के अंतर्गत तेलियातू स्थित खतियानी कार्यालय में एक बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** शनिवार को जेबीकेएसएस पतरातू प्रखंड इकाई के अंतर्गत तेलियातू स्थित खतियानी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक रखा गया। बैठक मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड के नवनिर्वाचित लोकसभा प्रभारी गण के स्वागत हेतु रखा गया साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए पतरातू प्रखंड में बूथ कमेटी निर्माण हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुभान अंसारी एवं संचालन संजीव साहू ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पतरातू प्रखंड के 46 पंचायत को 5 जोन में विभाजित करते हुए बूथ कमेटी का निर्माण किया जाएगा जो निम्न है 1.पूर्वी जोन ¬31/03/2024 , 2.मध्य क्षेत्र 21/03/2024 , 3.दक्षिणी क्षेत्र 23/03/2024, 4.पश्चिमी क्षेत्र



28/03/2024 , 5.कोयलांचल क्षेत्र 02/04/2024 इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव राजेंद्र बेदिया, जिला कमेटी सदस्य गिरी शंकर महतो, सुभान अंसारी,रमेश महतो,नौशाद अंसारी,श्याम सुंदर महतो,सुरेंद्र महतो, संजीव साहू,बैजनाथ महतो,अंजन कुमार महतो,सकलदीप महतो,दिलीप बेदिया,सुरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त फ्लाइंग स्क्वाड दल, स्टेटिक सर्विलांस दल, वीडियो सर्विलांस दल, वीडियो व्यूइंग दल एवं एमसीएमसी कोषांग की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल, स्वच्छ एवं निष्पक्ष आयोजन में अलग-अलग दलों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को निर्वाचन से संबंधित



प्रत्येक कार्य को पूरी गंभीरता से करने का निर्देश दिया। मौके पर लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित मामलों को लेकर सी विजिल एप तथा ईएसएमएस पोर्टल के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से सभी को जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी को उनके उनके क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने एवं किसी भी तरह से अवहेलना से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन संबंधित विभिन्न कार्यों के दौरान समय का विशेष ध्यान रखने एवं तय समय सीमा के अंदर अनिवार्य रूप से कार्य पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी दलों एवं संबंधित कोषांग के अधिकारियों को जल्द से जल्द अपने-अपने दल/कोषांग की बैठक आयोजित कर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आगे किए जाने वाले कार्यों को लेकर पूरी तरह से कार्य योजना तैयार रखने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों, आदर्श आचार संहिता लागू होने की अवधि के 24, 48 व 72 घंटे के अंदर किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गई एवं उपस्थित दलों के अधिकारियों आदि की दुविधाओं को भी दूर किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं मतदान के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मतदान केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों अधिकारियों पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा का सरलकलां ग्राम कमेटी का गठन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सरलकलां ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोला प्रखंड प्रभारी संतोष पांडे व संचालन जिला सचिवअनवर अंसारी ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नए सदस्यों को माला पहनकर स्वागत किया और कहा कि 24 वर्षो से झारखंड को सभी राजनीतिक दलों ने लूटने का काम किया खास कर रामगढ़ विधानसभा में आजसू व कांग्रेस दोनो ने जनता को धोखा दिया सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने भू राजस्व मंत्री रहते जल, जंगल ,जमीन की लूट की और वर्तमान हेमंत सरकार झूठे वादे कर जनता को गुमराह किया जनता सब कुछ समझ रही है आशा भरी निगाहों से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर देख रही है सर्व समिति से अध्यक्ष रामेश्वर नायक उपाध्यक्ष मदन करमाली ,सचिव डिगेश्वर नायक,कोषाध्यक्ष टिंकू करमाली,उप सचिव रंजीत करमाली सदस्य के रूप में सरिता देवी,रेखा देवी,फूलो देवी,साबो देवी,गायत्री देवी,जानकी देवी,रूपणी देवी, मोके पर जिलानी खान, बिनोद कुशवाहा ,कौलेस्वर कुशवाहा, आदि उपस्थित थे।

# विधानसभा में मूलभूत जन- समस्याओं का विकास हमारा लक्ष्य : विधायक सुनीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के करोड़ों की लागत से रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने पथ निर्माण एवं तालाब गहरीकरण व गाडवाल निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर विभिन्न स्थलों में नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया, दुलमी प्रखंड अंतर्गत सोसो पंचायत के दुठवा में डीएमएफटी फंड से लगभग एक करोड़ की लागत से तालाब में गहरीकरण और गाड़वाल का शिलानस किया, जबकि गोला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में 46 लाख की लागत से चार कमरा निर्माण हेतु शिलान्यास किया,गोला प्रखंड के पतरातू से वीसा तक पीसीसी पथ का निर्माण होगा किया जाएगा जिसकी लंबाई कुल 1700 मी लंबी तक पथ का निर्माण किया



जाना है,लगभग पौने दो करोड़ की लागत से निर्माण किया जाएगा ।

इस मौके पर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि लंबी अरसन से ग्रामीणों की मांग थी जिसे आज धरातल पर उतरने का काम किया गया है पीसीसी पद का निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन करने में मिलेगी बेहतर सुविधा वही तालाब का गहरीकरण और गाडवाल बन जाने से ग्रामीणों को स्नान करने एवं मवेशियों को पानी पीने के अलावे किसानों को खेती-बाड़ी करने में मिलेगा लाभ, इस मौके पर आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश महतो पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, समाजसेवी चंद्रशेखर महतो पूर्व पार्षद कपिल मुंडा दुलमी प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो,राजू प्रसाद, सोसो मुखिया नंदू महतो, पंचायत समिति सदस्य गोपाल महतो, बालकृष्ण ओहदार, बीना देवी संगीता देवी सुनीता देवी रेणु देवी उर्मिला देवी सरिता देवी प्रमिला देवी रीना देवी गीता देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

# कुमारी काजल सिंह एवं कमल नायक को नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के महिला टीम एवं पुरुष टीम का कोच बनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** तीसरा सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के महिला कोच कुमारी काजल सिंह एवं कमल नायक को मिली बड़ी जिम्मेवारी। रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के महिला कोच कुमारी काजल सिंह एवं कमल नायक को यूपी के ग्रेटर नोएडा में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के महिला टीम एवं पुरुष टीम का कोच बनाया गया । कुमारी काजल सिंह के नेतृत्व में झारखंड के महिला बॉक्सर नोएडा में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे वहीं पुरुष कोच कमल नायक के नेतृत्व में झारखंड के पुरुष टीम भाग लेंगे। रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने बताया कि कुमारी काजल सिंह एवं कमल नायक पहले भी रामगढ़ जिला से स्टेट प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला से बॉक्सरों का नेतृत्व कर चुके है। आशा और उम्मीद है कि इस बार कुमारी काजल सिंह एवं कमल नायक के नेतृत्व में झारखंड के बॉक्सर जरूर अपना परचम लहराएंगे। कुमारी काजल सिंह एवं कमल नायक को झारखंड के कोच प्रभारी बनने से रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव शशि पांडे उपाध्यक्ष दीपक सिंह टाइगर ने शुभकामनाएं दी है।





# पतरातू ट्रक एसोसिएशन की हुई बैठक, कमेटी का भी हुआ गठन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू ट्रक एशोसियेशन की बैठक वरीय कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी जय प्रकाश सिंह ननकी के आवासीय कार्यालय कोतो में हुई। जिसकी अध्यक्षता जेपी सिंह ननकी ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन का पुनर्गठन किया गया। बैठक में ट्रक,हाईवा,टैक्टर व अन्य मालवाहक वाहन से संबंधित सभी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान ननकी सिंह ने कहा कि मालवाहक वाहन के बिना विकास को गति नहीं मिल सकती। दैनिक जीवन में खाद्य पदार्थ हो, सब्जी,दुध,कपड़े व अन्य जरूरत की सामग्री व विकास योजनाओ में ईटा,बालु,गिट्टी,छड़ सिमेन्ट व अन्य जैसे समान की आवश्यकता होती है। जिसके लिये मालवाहक वाहन उपयोगी साबित होता है। इधर, उपस्थित लोगों द्वारा हर महीने 15 तारीख को ऐशोसिएसन की बैठक सुनिश्चित किया गया। साथ ही एशोसियेशन के माध्यम से समाजिक कार्य करने का भी निर्णय लिया गया। पुनर्गठन कमिटी में संरक्षक क्षेत्र के सभी मुखियागण,अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ननकी,उपाध्यक्ष संजय यादव,कृष्णा सिंह,मुन्ना ओझा, सचिव अखिलेश सिंह,सह सचिव मोः जाहिद,सुनिल साव,रिकी यादव, कोषाध्यक्ष लालु साव,उप-कोषाध्यक्ष अजित साव और सदस्यों में सुभाष यादव,पिन्टु सिंह,कृष्णा साव,करन सिंह विकास साव,परमेश्वर साव,पिन्टु सिंह,विवेक साव,आनंद महतो,राहुल साव,बिटु सिंह,पिंकु सिंह,युडी सिंह,असरफ अंसारी,अलाउद्दीन अंसारी,चमचम अंसारी,दुगेशवर महतो,गणेश महतो,मुकेश साव,प्रकाश महतो,रुपेश सिंह,परमेश्वर साव,मिथिलेश सिंह,मथुरा साव,शेखर सिंह,जानकी साव,प्रेम साव और सुरज साव आदि का चयन किया गया।

## पश्चिमी टुंडी के मछियारा गांव पहुंचे माना पाठक, मिले रोजेदारों से



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी क्षेत्र के मछियारा गांव स्थित मस्जिद में आज शनिवार को जनहित मोर्चा के संस्थापक माना पाठक ने सभी रोजेदारों से मिले और हालचाल जाना एवं एक भेंट वार्ता में कहा कि टुंडी की जनता सेवा करने का मौका देती है तो खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मौके पर निजामुद्दीन अंसारी, मुरारी सिंह, डॉ नंदकिशोर केवट, मुश्ताक अंसारी,अरूण रवानी, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पचम्बा में आराध्य दीप फिजियोथैरेपी क्लिनिक का हुआ शुभारंभ



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत उपनगरीय पचम्बा के गढ़ मोहल्ले में शनिवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आराध्य दीप फिजियोथैरेपी क्लिनिक का शुभारंभ किया गया यह देश की राजधानी दिल्ली समेत विभिन्न शहरों में अपनी सेवा देने वाले प्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमरदीप कुमार के द्वारा गिरिडीह शहर में तीसरा क्लीनिक खोला गया है। गिरिडीह के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. विकास माथुर के द्वारा फीता काट कर इस क्लीनिक का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। प्रभात मंत्र के संवाददाता से बात चीत के दौरान डॉ. अमरदीप ने कहा कि इस अत्याधुनिक क्लीनिक में से एक है इसमें हड्डी, जोड़, नस रोग, कमर दर्द, घुटने का दर्द, गर्दन की अकड़न, गठिया, कंधा जाम, मांसपेशियों का कमजोर होना, लकवा व फीजियो संबंधी अन्य रोगों का ईलाज अत्याधुनिक विदेशी मशीनों द्वारा किया जाएगा। उन्होने बताया कि मुम्बई की प्रसिद्ध फिजीयो चिकित्सा डॉ. पूजा भी यहां अपनी सेवा देंगी। उद्घाटन मौके पर काफी संख्या में शहर के गणमान्य में लोग मौजूद थे। उद्घाटन के तुरंत बाद मरीज़ों का इलाज भी प्रारंभ हो गया। उद्घाटन के मौके पर समाजसेवी सह-निवर्तमान जिला परिषद सदस्य जनप्रतिनिधि महेन्द्र वर्मा, सुरेश कुमार , राम नरेश राम ,फनिंद्र कुमार ,सदानंद वर्मा, प्रभाकर आलोक ,अनिल राम ,विनोद राम ,विनय खेतान ,कृष्ण मुरारी राम ,रौनक कुमार, नितेश राम, जितेन्द्र कुमार वर्मा इत्यादि मौजूद थे। तमाम लोगों ने डॉक्टर अमरदीप को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## पुलिस ने मवेशी लदे 13 पिकअप वैन को किया जब्त

**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के गैंडा संतरुपी जीटी रोड पर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मवेशी लदे 13 पिकअप को ज़ब्त किया है, इन पिकअप वैन में बड़ी संख्या में मवेशी ठूस ठूस कर लदे हुए थे, हालांकि पूरे मामले में किसी की गिरफ्तारी नही हो पाई है बताया जा रहा है कि चालक खलासी इत्यादि मौके से फरार हो गए, सभी पशुओं को पुलिस द्वारा गौशाला भेज दिया गया है, बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनन्जय कुमार राम और थाना प्रभारी सुखसागर चौधरी सहित कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थी, पुलिस मवेशी तस्करी मामले को लेकर अग्रतर करवाई में पुलिस जुटी हुई है, वहीं अनुमण्ड़ल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशपर यह करवाई किया गया है बताया जा रहा है कि पुलिस और ग्रामीणों से बचकर भागने के क्रम में दो पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त भी हो गई जिससे इसन गाड़ीयों के शीशे टूट गए। भाजयुमो के पुर्व जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता (वॉर्डर) ने बताया कि गोवंश पशु को बिहार से बंगाल विकअप वैन में ले जाया जा रहा था इसी सुचना पर क्रुरता पुर्वक अवैध तरीक़े से ले जाया जा रहा था । इसे लेकर ग्रामिणों के सहयोग से वाहनों रोकर पुलिस सुचना दिए वहीं पुलिस दल बल के साथ सोनतरूपी पहुंच कर जब्त किए और आगे की करवाई में जुट गई ।

## चित्रगुप्त महापरिवार का नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में 17 मार्च को कतरास बाजार राजेंद्र क्लब में निश्शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने दी। श्री सिन्हा ने शिविर में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है।

## दिवंगत जज उत्तम आनंद की पत्नी को अनुकंपा पर सहायक निबंधक के पद पर मिलेगी नौकरी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के तत्कालीन अपर जिला न्यायाधीश मृतक उत्तम आनंद के आश्रित पत्नी कीर्ति सिंह को सहायक निबंधक, गैर न्यायिक पद में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की मंजूरी दी गई और राजपत्रित एक पद के सृजन की स्वीकृति दी गई। उन्हें मासिक 1,17,214 रुपये वेतन दिया जाएगा। इसमें महंगाई, मकान किराया, चिकित्सा, परिवहन भत्ता शामिल है। इसमें सालाना 14.7 लाख से अधिक खर्च होने का आकलन है। कीर्ति सिन्हा के मामले में सहायक निबंधक (गैर न्यायिक) का पद सृजन विशेष परिस्थिति में किया गया है, जो उनकी सेवानिवृति या पद त्याग के पश्चात उक्त पद स्वतः समाप्त हो जाएगा। सरकार ने किसी और मामले के लिए इसे उदाहण नहीं माना है।बता दें कि एडीजे उत्तम आनंद की मौत सुबह जॉगिंग करने के दौरान एक टेंपो के धक्का मार देने से हो गयी थी। जिसकी अभी सीबीआई जांच चल रही है। झारखंड हाई कोर्ट इस मामले को देख रहा है।

# बालू कारोबारी पुंज सिंह के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, मचा हड़कंप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कोयलांचल धनबाद में शनिवार की सुबह ईडी ने दस्तक दे दी है। झरिया के नामी बालू कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। ईडी बालू कारोबारी पुंज सिंह के दो ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सुबह-सुबह ईडी के अधिकारी झरिया के हेटलीबांध स्थित पुंज सिंह के आवास पर पहुंचे और छापेमारी शुरू की। एक टीम धैया स्थित कृष्णा रेजिडेंसी में भी छापेमारी कर रही है। पूरा मामला बिहार में बालू कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। पूंज सिंह के भाई के आवास पर टीम जांच पड़ताल कर रहीं है। ईडी ने घर के अंदर मौजूद कई दस्तावेज को जब्त किया है।

ज्ञात हो कि पुंज सिंह ब्रॉडशान कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। वहीं सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह इस कंपनी के पार्टनर हैं। दोनों मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के भी पार्टनर हैं। साल 2023 में इन दोनों के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे।

इससे पहले ब्रॉडशान कंपनी के निदेशकों के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी हुई थी, जिसमें करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ था। बाद में ईडी ने बालू खनन घोटाले का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। जून 2023 में ईडी ने झारखंड में कुल 11 जगहों पर छापेमारी की थी।

मोर मुकुट कंपनी के पार्टनर जगनारायण सिंह और उनके बेटे सतीश सिंह को ईडी ने पटना से गिरफ्तार किया था। ईडी बिहार में करीब 250 करोड़ रुपये के बालू घोटाले की जांच कर रही है। बिहार झारखंड में बालू कारोबार से जुड़े बड़े कारोबारियों के खिलाफ अब तक तीन बार ईडी रेड कर चुकी है। बिहार में हुए अरबों रुपए के बालू घोटाले के तार धनबाद से जुड़े होने के कारण झरिया और धनबाद चर्चा में है।

## आचार संहिता लगते ही नगर निगम की ओर से खुलने लगी पार्टियों की झंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही शनिवार को नगर निगम की ओर से शहरी क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लगाए गए बैनर पोस्ट को हटाया गया। बता दें की इलेक्शन कमिश्नर की ओर से लोकसभा चुनाव का ऐलान कर दिया गया है 7 चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराई जाएगी। चुनाव तिथि जारी होते हैं पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो गया। इसके बाद प्रशासन की टीम अब रेस हो गई है। पुराना निगम कार्यालय के समीप पुराना डीसी ऑफिस के समीप और विभिन्न स्थानों पर अलग अलग पार्टियों द्वारा लगाए गए होडिग्स बैनर और पोस्टर को निगम टीम की ओर से हटा दिया गया।

## बैंक मोड़ थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत, दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बैंक मोड़ थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करने पर इंस्पेक्टर वकार हुसैन को टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री खान ने बताया की बैंक मोड़ थाना प्रभारी से उनकी मुलाकात काफी अच्छी रही। वो काफी साकारात्मक सोच एवं सुलझे किस्म के व्यक्ति हैं। उनसे कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। हमें उनसे काफी आशाएं हैं।

# खेल प्रेमियों को विधायक का तोहफा, 50 लाख की लागत से बदलेगा सरिया स्टेडियम का स्वरूप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने 50 लाख के लागत से सरिया स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य का शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया, इस दौरान इन्होंने बताया कि सरिया लोगों के द्वारा लगातार यह मांग की जा रही थी की सरिया स्टेडियम का जीर्णोद्धार किया जाये, यहाँ की लाइट की व्यवस्था और ओपन जिम आदि की सुविधा हो जिसे लेकर हमने पहल किया और आज इस कार्य का शिलान्यास किया है, जब यह कार्य पूरा हो जायेगा तब यहां को लोगो को ओपन जिम, रनिंग ट्रैक, बेहतर ग्रीन रूम आदि की सुविधा उपलब्ध होंगी, शिलान्यास कार्यक्रम मे सरिया मध्य के जिला परिषद् सदस्य अनूप पाण्डेय, बीस सूत्री अध्यक्ष मुरली मंडल,आरवाईए के जिलाध्यक्ष सोनू पाण्डेय, माले नेता विजय सिंह,संजय मोदी, सुनील मोदी,संदीप तरवे,जिम्मी चौरसिया, महेंद्र मंडल आदि लोग शामिल थे।

## धनबाद लोकसभा सीट से सुनैना किन्नर भी लड़ेगी चुनाव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मैं इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र से लड़ूंगी और जीत दर्ज कर गरीबों के लिए काम करूंगी और धनबाद लोकसभा सीट से सबसे अधिक मतों से मैं विजय बनूंगी। यह बातें अखिल भारतीय किन्नर समाज की धनबाद जिला अध्यक्ष वा मनईटांड़ कुम्हार पट्टी की रहने वाली सुनैना सिंह किन्नर ने कही। सुनैना किन्नर ने आगे बताया कि हमारा मार्गदर्शन अखिल भारतीय किन्नर समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर है और उन्हीं के सिद्धांतों पर मैं चलती हूं। उनका सोच एक अलग है जिससे धनबाद लोकसभा ही नहीं पूरे झारखंड या भारतवर्ष जानता है। उन्होने बताया कि मैं किसी पार्टी की टिकट पर चुनाव नहीं लड़ूंगी। हमारा टिकट हमारा जजमान देगा और वही टिकट लेकर मैं लोकसभा जाऊंगी और जजमानों की खुशी के लिए काम करुंगी।

## दिव्यांग बच्चों को एनएबी दिल्ली ने ब्लाइंड किट प्रदान किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में नेत्रहीन बच्चों को नेशनल इंस्टीट्यूट फ़ॉर द ब्लाइंड दिल्ली एन ए बी द्वारा एक प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया गया। जिसमें नेत्रहीन बच्चों को एक ब्लाइंड कीट दिया गया। तत्पश्चात ट्रेनर सुषमा कुमारी के द्वारा उस कीट में मौजूद ब्लाइंड स्टीक को रोड सेफ्टी हेतु कैसे इस्तेमाल करे तथा सीढ़ी चढ़ने उतरने में कैसे इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दी गई। ब्लाइंड किट प्राप्त कर सभी बच्चों ने बहुत ही खुशी जाहिर करते हुए एनबीए के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही स्कूल प्रांगण में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से फाइनल एग्जाम के रिजल्ट दिए गए तथा बच्चों की प्रोग्रेस रिपार्ट बताई गई।

## रतिलाल टुडू को लोकसभा प्रत्याशी बनाने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पंकज कुमार दिनकर कतरास पासीटांड में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रत्याशी बनाने की मांग की है। श्री दिनकर ने कहा कि रतिलाल टुडू एक आदिवासी चेहरा है और गिरिडीह में लोकप्रिय नेता है। आम लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। पार्टी अगर इनका टिकट देती है तो यह सीट पार्टी को जीत जरूर दिलाएगें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओमप्रकाश सिंह, बालेश्वर चौहान, पप्पू यादव, सुरेश पासवान, राकेश यादव, सिद्धांत यादव, शुभम सिंह, बिट्टू गुप्ता, दीपक पासवान, सचिन पासवान, विनोद कुमार, संजय राही आदि उपस्थित थे।

## पंचायत स्वयं सेवकों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** शनिवार को पंचायत स्वयं सेवकों का एक प्रतिनिधिमंडल सरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक से मुलाकात किया, इस बाबत प्रखंड अध्यक्ष संतोष राणा ने बताया कि विगत 8 जुलाई 2023 से हम लोग कई मांगों को लेकर धरना में शामिल हुए थे और यह धरना 253 दिनों के बाद राज्य सरकार मंत्री परिषद की बैठक के बाद समाप्त कर दी गई हम लोगों की जो उचित मांग थी उसे सरकार ने मान लिया है जिसे लेकर हम सबों ने धरना स्थगित करते हुए अपने काम पर वापस लौट रहे हैं और इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से दिया है मौके पर कोषाध्यक्ष मोहन कुमार, सचिव प्रेम पासवान, केदार राणा, जागेश्वर महतो, अजय मंडल, अजय राणा, कयूम अंसारी, प्रेमचंद मंडल, वशिष्ठ पांडे, सोबरन साव, बालेश्वर महतो, प्रवीण कुमार, रामचंद्र रविदास, आकाश जुनेजा, विजय साव, विनय प्रसाद, सुरेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड के बरोटोला गांव में शनिवार को कलश यात्रा के साथ गणेश हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुरुआत किया गया। इस बीच गाजे बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बरोटोला के जमुना सोती से कलश में जल भर कर बरोटाड होते हुए यज्ञ स्थल पर वापस लौटे, जहां चित्रकूट एवं द्वारिका से पधारे पंडितों ने मंत्रोचारण के साथ विधि विधान पूजा पाठ किया गया। मौके पर यज्ञ के आयोजन करता नोखलाल महतो, राजेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, विनोद वर्मा, हरिहर महतो, दिलीप वर्मा, काशी यादव, समेत सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# जेपीएससी की परीक्षा के दौरान सभी 65 सेंटर पर रहेगी निषेधाज्ञा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेपीएससी) रविवार 17 मार्च को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी।




अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा 144 द.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 दो शिफ्ट में संपन्न होगी। प्रथम शिफ्ट सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक एवं द्वितीय शिफ्ट दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे तक होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है।

इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा उपरोक्त निषेधाज्ञा परीक्षा अवधि तक लागू रहेगी।

# एससी, एसटी ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग का राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एससी, एसटी ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याएं लगभग एक ही तरह का है। जब तक तीनों वर्ग एकजुट होकर नहीं रहेंगे हमारी समस्याएं बरकरार और विकराल होगी। उक्त बातें दिल्ली से आए वरिष्ठ सामाजिक चिंतक डॉ ओम सुधा ने शनिवार को उर्मिला रेजिडेंशियल टावर धनबाद में आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि रूप में कही। कांफ्रेंस में रांची से आए विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। डॉ. सुधा ने अपने संबोधन में कहा की




तीनों सामाजिक समूह को आपस में मिल-जुल कर रहने से ही समाज का राज्य का और देश का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि हमारे सभी समस्याओं का जड़ ईवीएम है। ईवीएम से पारदर्शी और स्वच्छ चुनाव नहीं होती है। जिसका परिणाम है कि सरकार किसान, नौजवान, विद्यार्थी समूह की समस्या को गंभीरता से नहीं लेती है। और विरोध करने वाले को दुश्मन जैसा व्यवहार करती है। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय ओबीसी, एससी, एसटी माइनॉरिटी मोर्चा के गोपाल यादव ने कहा कि आज जिस तरह से एससी एसटी ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग के सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए हैं वह झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।दामोदर प्रसाद ने राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में 15 सूत्री प्रस्ताव रखा जिसे एक स्वर से ध्वनि मत से पारित किया गया।

## कुरडेग प्रखंड वासियों को विधायक भूषण बाड़ा ने दी करोड़ो की सौगात, 12 कालीकरण पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कुरडेग प्रखंड वासियों को शनिवार को करोड़ो रूपये की सौगात दी। शनिवार को विधायक ने प्रखंड में बनने वाले 12 कालीकरण पथ का शिलान्यास किया। विधायक द्वारा प्रखंड के अलग अलग स्थानों में बड़ी संख्या में कालीकरण पथ का शिलान्यास किये जाने के बाद कुरडेग प्रखंड में सड़कों का जाल बिछेगा। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रखंडों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुल 12 सड़कों का शिलान्यास किया गया है। सभी सड़कें कालीकरण बनेगी। इन सड़कों के बनने के बाद कुरडेग प्रखंड के हर पंचायत व हर राजस्व गांव तक कालीकरण पथ का निर्माण होगा। साथ ही लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। लोग समय पर अपने गंतब्य स्थानों तक पहुंच पाएंगे। हर गांव-टोला तक चार पहिया वाहन आसानी से पहुंच पाएगी। बीमार ब्यक्ति, सर्प दंश से पीड़ित ब्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल ले जाने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क बनने के बाद इन स्थानों में भी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बसों का संचालन करवाने का प्रयास किया जाएगा। ताकि इस क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय तक जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक ने कहा हमारा प्रयास है ही हर गांव, हर टोला, हर पंचायत तक पक्की सड़क हो। इसके वाले क्षेत्र का तेजी से विकास हो। हर हाथ को रोजगार मिले। क्षेत्र में खुशहाली हो। विधायक ने कहा कि इन सड़कों के पूरा होते ही क्षेत्र में विकास की अन्य योजनाएं धरातल में आसानी से उतारी जाएगी। गांव-टोले का विकास होगा। विधायक ने सभी संवेदकों को सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्ण करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को भी सड़क निर्माण कार्य सही तरीके से हो, इसपर नजर रखने की अपील की। साथ ही संवेदक से कहा कि अगर क्षेत्र की जनता से सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने की शिकायतें मिलती है तो करवाई के लिए तैयार रहें। विधायक ने सभी स्थानों में स्थानीय मजदूरों को ही काम में रखने एवं सरकार द्वारा निर्धारित दर पर मजदूरी देने एवं समय पर मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया। **गांव के विकास के लिए सड़कों का होना जरूरी- जोसिमा खाखा** शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी एक साथ 12 कालीकरण पथ का तोहफा मिलने पर हर्ष ब्यक्त किया। उन्होंने कहा आज कुरडेग प्रखंड के लोगों के लिए स्वर्णिम दिन है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए सड़कों का होना बहुत जरूरी है। इसको विधायक भूषण बाड़ा ने गंभीरता से समझा और सड़कों का जाल बिछाने का काम किया जो सराहनीय है। विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर अब इस क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सुगमता होगी। दूर दराज के ग्रामीण भी अब पक्की सड़कों से आवागमन करेंगे। हमारे बच्चे समय पर स्कूल पहँचेगी। उन्होंने विधायक के प्रति आभार भी जताया।

## आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आजादी के 75 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण मिशन बदलाव टीम बोलबा प्रखंड के पंचायत मालसड़ा के जेठूबांधगावं पहुँच और ग्रामीणों संग की बैठक एकतरफ देशभर में आजादी के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है वहीं आज भी सिमड़ेगा जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां के वाशिंदे मूलभूत सुविधाओं तक के लिए तरस रहे हैं . बैठक में मिशन बदलाव को बोलबा प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया बोलबा प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया शाखा में खाताधारकों के खाते से धन की हेर फेर और शाखा प्रबंधक द्वारा आदिवासी महिला ग्राहकों से की जा रही बदतमीजी और दुर्भावना से की जा रही जातीय टिप्पणी का मामला प्रकाश में आया है।ग्रामीणों के अनुसार यहां खाते को अपडेट करने की कोई मशीन काम नहीं कर रही है ग्रामीणों ने बताया कि यहां सुलभ जीवनयापन के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हैं केंद्रीय कृषि मंत्री के संसदीय क्षेत्र होने के बावजूद यहां न तो पेयजल और सिंचाई की उपलब्धता के लिए कोई सरकारी योजना संचालित है, न ही गांव से शहर की ओर जाने के लिए पक्का मार्ग ही यहां निर्मित हो सका है। यदि किसी घर में कोई बीमार पड़ जाए तो यहां पर एंबुलेंस आदि का आना नामुमकिन है। गत वर्ष हुए वज्रपात से मृत मवेशियों का मुआवजा भी गरीब ग्रामीणों को अभी तक नहीं मिल पाया है जबकि प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच कर चुका है । मिशन बदलाव के भूषन भगत ने कहा कि सरकार द्वारा दर्जनों योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। ग्राम विकास के दावे किए जा रहे हैं लेकिन इसका लाभ भी ग्रामीण समुदाय के लोगों को नहीं मिला है एवं भीषण गर्मी के चलते यहां पर गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में चापानल हैं लेकिन वह सभी हवा उगल रहे हैं। पहाड़ी अंचल होने के कारण यहां का भू जलस्तर गर्मी शुरू होने के पूर्व ही बहुत नीचे चला जाता है और ग्रामीण बताते हैं कि पानी की उपलब्धता के लिए वे गांव में खुदे एक कुएं पर निर्भर हैं। पुरुष-महिलाएं, बच्चे आदि सभी सुबह-शाम इसी कुएं पर पहुंचकर पीने व निस्तार के लिए पानी जुटाते हैं, यहां पर पानी का संकट विकराल रूप धारण किए है, मिशन बदलाव के पंकज चंद गोस्वामी ने कहा कि अभी भी बोलबा क्षेत्र के ग्रामीण सड़क पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, आदिवासी कल्याण की योजनाएं यहां अब तक नहीं पहुंच सकी हैं।

## संघ ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर निकला जुलूस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 16 मार्च 2024 ए आई सी सी टी यू तथा अखिल भारतीय म्युनिसिपल एण्ड सेनिटेशन वर्कर्स फेडरेशन दिल्ली से संबद्ध झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, राँची जिला शाखा लोहरदगा के तत्वावधान में 19 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु पुरानी नगरपालिका से जुलूस निकाल कर अमला टोली, शहीद अशफाक उल्लाह खाँ चौक, बड़ा तालाब, एस बी आई, भट्ठी रोड होते हुए पूज्य बापू महात्मा गाँधी की मूर्ति के पास पहुँच कर नया नगर परिषद कार्यालय लोहरदगा के समक्ष सभा में बदल गया, जिसकी अध्यक्षता महेश कुमार सिंह जिलाध्यक्ष सह राज्याध्यक्ष ने की।श्री सिंह ने मांगों एवं उसकी पूर्ति के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रशासक,नगर परिषद,लोहरदगा के नाम से मांग संबंधी संलेख समर्पित कर वार्ता कर समस्या का निदान का अनुरोध किया। महासंघ की मांगों में नियोजन कार्ड,ई एस आई कार्ड, पहचान-पत्र, वर्दी एवं वर्दी धुलाई भत्ता, महामहिम राज्यपाल महोदय राँची तथाश्रम एवं कौशल विभाग राँची के आदेशानुसार एरियर्स सहित अधिमानता के साथ वेतन एवं भत्ता, सभी का बीमा, पी एफ का नम्बर एवं कटौती का अद्यतन हिसाब, 20-25 वर्षों से कार्यरत कर्मियों का स्थायीकरण पद के अनुरूप कार्यरत चालक, मेठ, मुंशी, मिस्त्री, लिपिक का वेतन, साप्ताहिक काम का दुगुना वेतन, लॉकडाउन पीरियड का विशेष भत्ता, कर्मचारियों की मृत्यु पर 10,000 अनुदान, छठा एवं सातवाँ वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान एवं भत्ता, सेवा पुस्तक का अद्यतनीकरण, प्रोन्नति, अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति, सेवानिवृत्तों को पेंशन तथा दिनांक 29-05-2021 को किये गये झूठा मुकदमा की वापसी की मांग मुख्य है। कार्यक्रम में काफी संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

## उपायुक्त ने झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को आयोजित होनेवाले झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 की आवश्यक तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय स्थित झारनेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त कार्यपालक दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी व केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु विभिन्न निदेश दिये गये। इसमें स्ट्रांग रूम से प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिका का ससमय उठाव कराने, ससमय परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने,अभ्यर्थियों को ससमय परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और मार्गदर्शिका का अच्छी तरह अध्ययन करने व इसका अक्षरशः पालन किये जाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक दण्डाधिकारियों को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निदेश दिया गया। परीक्षा के आयोजन के लिए लोहरदगा जिला में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगा। पहली पाली सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोनों पालियों में अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले प्रवेश करना है। लोहरदगा जिला में कुल 6168 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

## अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करती है समिति : ओम महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जय श्रीराम समिति के द्वारा एक गरीब मरिज को ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप सेन्हा प्रखंड के बदला पंचायत निवासी स्वर्गीय नारायण रवानी की पत्नी शांति देवी सदर अस्पताल लोहरदगा में डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति के तत्काल पहल पर समिति सदस्य कुंदन कुमार ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करती है हमेशा प्रयास रहती है की कोई भी मरिज ना छूटे, आगे भी समिति हमेशा प्रयासरत रहेगी। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, संजय रवानी आदि लोग मौजूद थे।

## बाईक दुर्घटना मे अधेड़ की मौत, शव को पोस्टमार्टम हेतू पुलिस ने भेजा अस्पताल, मामला दर्ज

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो-चट्टी मार्ग पर खंडा जोड़ा पुल के पास 15 मार्च शुक्रवार शाम सात बजे एक अधेड़ की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कैरो थाना क्षेत्र के उल्टी गांव निवासी सुकरा उरांव उर्फ सीटू 50 वर्ष अपने पैसन प्रो मोटरसाइकिल जेएच 08 ई-7744 से कैरो की ओर से अपने घर उल्टी गाँव लौट रहा था। अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंडा पुल से जा टकरा गई, जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है युवक नशे में था, और हेलमेट भी नहीं पहना था। कैरो पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर लिया वही पुलिस के द्वारा 16 मार्च को शव को पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल लोहरदगा भेज पोस्टमार्टम के पाश्चात्य शव को परिजनो को सौंप दिया गया है। मामले पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि मृतक सुकरा उराँव के पत्नी की फर्द ब्यान पर कैरो थाना युडी काण्ड संख्या 03/24 दिनांक 16 मार्च शनिवार को मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की कार्य मे जुट गई है।

## कोलेबिरा विधायक ने किया कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी अपने प्रतिनिधियों के साथ कोलेबिरा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र किंडो एवं अंचल अधिकारी अनुप कच्छप से झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं योजना संबंधित जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरकार द्वारा चलाए जा रहे अबुआ आवास सर्वजन पेंशन योजना मनरेगा योजना एवं अन्य प्रखंड में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी ली विधायक ने कहा क्षेत्र से कई योजनाओं की गड़बड़ी की शिकायत आ रही है अब वह आवास मैं भी गड़बड़ी की शिकायत आ रही है इस पर विशेष जांच कर प्राथमिकता के अनुसार गरीबों को पहले आवास मिले इसके लिए जांच पड़ताल कर अवास देने की बात कही साथ ही मनरेगा जैसे योजना एवं एवं अन्य योजनाओं के सं संबंध में योजनाओं की लिस्ट अपने प्रतिनिधियों का देने का निर्देश दिया साथ ही आंचल अधिकारी से भी वनपट्टा से संबंधित आवेदन एवं जमीन ऑनलाइन एवं अन्य लंबित कार्यों को समय पर निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया 20 सूत्री की बैठक भी समय पर कर कर प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी को भी आवश्यक रूप से बैठक में बुलाने के लिए कहा ताकि सभी विभागों की कार्य की जानकारी एवं शिकायत उनका निराकरण किया जा सके।

## शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर निदेशक से मिला शिक्षक संघ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्राथमिक शिक्षकों के विभिन्न लंबित मामलों को लेकर झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशी प्रकाश सिंह से निदेशालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं जैसे पुरानी पेंशन बहाली के तहत एनएसडीएल से शिक्षकों को जमा राशि जीपीएफ खाता में वापस करने में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने, एमएसीपी लागू करने, वीईसी खाता को बंद करने के निर्देश जारी करने तथा हजारीबाग जिले में शिक्षकों को चिन्हित कर किए जा रहे निलंबन से मुक्त करने की मांग रखी। निदेशक शशी प्रकाश सिंह ने समस्याओं को बिंदुवार तैयार कर मार्च महीने के आखिरी सप्ताह तक कार्यालय को उपलब्ध करने का निर्देश देते हुए समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में रांची जिलाध्यक्ष बालकृष्ण महतो, रामगढ़ के सचिदानंद साहू शामिल थे।

## राज्य स्तरीय दो सदस्यीय टीम ने मनरेगा के विभिन्न योजना का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत संचालित विभिन्न पंचायत ग्राम में योजना का विकास विभाग राज्य सरकार के दो सदस्यीय अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्यों ने शनिवार को सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत के सेन्हा, नौदी मुरकी सहित उगरा पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिरसा हरित ग्राम बागवानी के लाभुकों से मजदूरी भुगतान एवं अग्रिम लाभ का जानकारी लिया गया। और मनरेगा योजना से लाभ,के साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि ससमय योजना की जानकारी दें और लाभुक का चयन करें,कार्य में प्रगति कराये तथा मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी भुगतान करवाने का निर्देश दिया गया। लाभुक और अन्य ग्रामीण के द्वारा भुगतान, मस्टररोल, अभिलेख का जानकारी लिया गया। साथ ही योजना को सुचारू रूप से संचालित करने तथा लाभुकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लिया गया। टीम ने योजना स्थल पर बोर्ड लगा देख कर सभी जगह अच्छा बोर्ड लगाने को कहा। टीम के सदस्यों ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में दीदी बाड़ी किचन शेड, कुआ निर्माण आम बागवानी, एवं टेरेंच कटिंग आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश बीपीओ को दिया गया।

## लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों का हुआ प्रशिक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों में से कुल 650 पदाधिकारियो/ कर्मियों का मतदान प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण आज सीएम उत्कृष्ट हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व की तैयारियों/मतदान की तिथि और मतदान उपरांत किये जाने वाले कार्यों के त्रुटिरहित निष्पादन की जानकारी दी गई। सभी को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई साथ ही, कहा गया कि निर्वाचन के निष्पादन में सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों का दायित्व समान है। कहीं भी किसी चरण में एक गलती होने से कई गलतियां होने संभावना रहती है। सभी को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को अच्छी तरह संपन्न कराना ही मूल उद्देश्य है। मतदान के दिन किसी प्रकार गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए प्रशिक्षण अच्छी तरह प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण दिनांक 15.03.2024 को भी आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण दिनांक 19.03.2024 तक दो पालियों में सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। पहली पाली में प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली में प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालय के प्रथम तल में आयोजित किया जा रहा है।

## मारवाड़ी समाज ने धूमधाम के साथ मनाया श्री श्याम प्रभु जी का जन्मोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार लोहरदगा में बाबा श्री श्याम प्रभु जी का जन्मोत्सव एवं फागुन रंगो उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाबा श्याम प्रभु जी के तस्वीर को मनमोहक रूप से श्रृंगार कर, कई प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी समाज के 41 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी लिबासों के साथ दोपहर 2:00 बजे से देर शाम तक, बाबा श्याम जी का नित्य ज्योत पाठ करते हुए मधुर भजन गायन की एवं सभी ने श्री श्याम प्रभु जी का निशांत लेकर मंदिर की परिक्रमा की, जिससे कि वहां का सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा,उसके उपरांत सभी ने होली के धुन पर खूब धूम मचाते हुए नाचे, और गुलाल उड़ाते हुए आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाकर फागुन की बधाइयाँ देते हुए कही की, होली का पर्व सभी गिले-शिकवे के मैल को धोकर दूरियों को नजदीक करती है। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ व जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष ममता बांका ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा की, फागुन माह के एकादशी को प्रभु बाबा श्याम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है, और राजस्थान के खाटू धाम पर 15 दिनों तक लक्खी मेला का आयोजन होता है जिसमें की देश-विदेशों से काफी श्रद्धालु वहां पहुंच कर बाबा के दर्शन करते हैं। आज इस कार्यक्रम पर शकुंतला राजगढ़िया, कल्याणी पोद्दार, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, प्रीति बंका, वर्षा पोद्दार, अंकिता बंका, मंजू पोद्दार, अनीता पोद्दार, रिशु पोद्दार, नीतू मित्तल, दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, निधि पोद्दार, रितु शर्मा, दीप्ति शर्मा, रेखा बंका, मोनिका पोद्दार, उषा पोद्दार, नीतू पोद्दार, आषा पोद्दार, मीना बंका, अमृता पोद्दार, रश्मि अग्रवाल, रिखिया पोद्दार, मंजू मोदी, सीमा केडिया, रज्जो मोदी, रेनू सराफ, रंजू अग्रवाल, खुश पोद्दार, आरोही पोद्दार, टिमटिम पोद्दार, पाखी पोद्दार, अतुल सर्राफ,काव्या बंका, चुन्नू राजगढ़िया आदि उपस्थित थे।

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से तेली समाज के उत्थान के लिए पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत तत्परता के साथ उपस्थित रहते थे आप लोगों से अपील और आग्रह करती हूं कि आप भी हमें उतना ही प्यार दें ताकि मैं भी उन्हीं की तरह आप लोगों के बीच में रहकर काम कर सकूं। तेली उत्थान समाज के अध्यक्ष जयनाथ साहू जी अध्यक्षता सम्पन्न किया गया। पूर्व अध्यक्ष कैलाश साहू, प्रो शिवदयाल साहू अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारा समाज हमेशा स्व कमल किशोर भगत जी का ऋणी है। क्योंकि तेली समाज को अपनी योगदान दिए थे उसे भुलाया नहीं जा सकता है। आजसू पार्टी के केंद्रीय बुद्धिजीवी उपाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू के द्वारा फागुन के गीत प्रस्तुत किए गए। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल अपने संबोधन में कहा कि होली भाईचारे के साथ हम लोगों को मनाना हैं हम सभी पुराने गिले शिकवे के भूलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हैं और होली मनाते हैं। होली मिलन समारोह में महिला पुरुष बच्चे बुद्धिजीवी सभी लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के नगर अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष कौशिक राज मेहता, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष महतो, तेली समाज के विजय कुमार साहू, जिला महासचिव कैलाश कुमार, बजरंग साहब, कृष्णा साहू, भूतपूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहू, युवा अध्यक्ष दीपक साहू, नंदकिशोर साहू, रामविलास साहू उपस्थित रहे।

## सेन्हा चौक में ओटो पलटा, तीन घायल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा मुख्य पथबपर सेन्हा चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप अनियंत्रित होकर ओटो संख्या जेएच 08 जी 4080 पलट गया। जिसमे ओटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जाता है की लोहरदगा से ओटो सवारी लेकर विशुनपुर जा रहा था जो कि अनियंत्रित हो ओटो सेन्हा चौक में पलट गया। ओटो में सवार सीसई थाना क्षेत्र के जलका गांव निवासी मंगलेश्वर उरांव की पत्नी जयमंती उरांव,2 वर्ष की पुत्री स्वाति कुमारी एवं विशुनपुर थाना क्षेत्र के निरासी हरईमा गांव निवासी रामलाल उरांव के पुत्र दिनेश उरांव घायल हो गए। घायलों को स्थानीय युवकों और सेन्हा थाना के सअनि जमशेद खान एव पुलिस जवान के सहयोग से इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंचाया गया। डॉ.संजीत आनन्द की देख रेख में घायलों का इलाज अस्पताल सेन्हा में चल रहा है। वही डॉ. संजीत आनन्द ने सभी घायलों को खतरा से बाहर बताया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### भाजपा नेत्री डा. आशा लकड़ा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की नव मनोनीत सदस्य और भाजपा नेत्री डा. आशा लकड़ा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

### झारखंड में बारिश के साथ ओलावृष्टि

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के लोगों को शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश ने बढ़ती गर्मी से राहत दी। रांची समेत बोकारो और रामगढ़ जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इस दौरान रांची में बारिश के साथ ही ठनका और ओलावृष्टि हुई। साथ ही तेज हवाएं भी चले। आने वाले दिनों में भी राज्य में बारिश जारी रहेगी। मौसम विज्ञान के अनुसार 20 मार्च तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ही वज्रपात और तेज हवाएं चलेंगी। जहां 19 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहीं 19 मार्च को दक्षिणी और मध्य हिस्से में तेज बारिश और हवाओं की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 मार्च तक बारिश में विस्तार देखा जायेगा। इस दौरान राज्य के उत्तरी पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश होगी। केंद्र के अनुसार इस दौरान रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिला में बारिश होगी। वहीं, 20 और 21 को उत्तर पूर्वी हिस्से जिसमें धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा में बारिश की संभावना है।



# क्षेत्र का विकास नकारात्मक राजनीति से नहीं जनहित की सोंच से होता है : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले में लगभग 270 करोड़ की लागत से दो प्रमुख सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। पलामू जिला के शंखा न्यू बाईपास से गढ़वा जिला के खजुरी न्यू बाईपास तक 24 किमी करीब 200 करोड़ रूपये की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। जबकि दूसरी सड़क लगभग 70 करोड़ रूपये की लागत से चिनियां प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ बरवाडीह से सिगसीगाखुर्द, चफला, पेंदली, पेसका, दुलदुलवा होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ तक सड़क निर्माण शामिल है। इन सड़कों का निर्माण पथ निर्माण विभाग से कराया जाएगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त दो सड़कें अतिमहत्वपूर्ण हैं। इनका निर्माण, चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि पहली सड़क पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत शंखा से खजुरी तक गढ़वा शहर के बीच से होकर गुजरते हुए 24 किमी चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। बाईपास निर्माण होने के कारण इस सड़क पर एनएच द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

**गढ़वा वासियों के लिए वरदान साबित होगा शंखा से खजुरी फोरलेन सड़क**

**गढ़वा को मिला बड़ा तोहफा, 270 करोड़ की लागत से होगा दो प्रमुख सड़कों का निर्माण**

**शंखा से खजुरी तक बनेगा फोरलेन, शहर में ट्रैफिक की समस्या होगी दूर**




समय समय पर की जा रही मरम्मती नाकाफी थी। यह रोड काफी जर्जर हो चुका था। लोगां की लगातार मांग के बावजूद राज्य सरकार के अधीन नहीं होने के कारण इसका निर्माण संभव नहीं हो पा रहा था। अब बाईपास निर्माण पूर्ण होने पर इस सड़क को राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दिया गया है। इसका निर्माण शंखा न्यू बाईपास से शुरू हो कर कमता, केतात, रेहला, बेलचंपा, चेतना, मझिआंव मोड़, रंका मोड़, कचहरी, नवादा, चिरौंजिया होते हुए खजुरी तक किया जाएगा। बीच में डिवाइडर एवं आकर्षक लाइट, जगह जगह यात्री शेड, फुटपाथ निर्माण के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। यह सड़क गढ़वा वासियों के लिए वरदान साबित होगा। जबकि दूसरी सड़क चिनिया प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ बरवाडीह से सिगसीगाखुर्द, चफला, पेंदली, पेसका, दुलदुलवा होते हुए पीडब्ल्यूडी सड़क तक 20 किमी लंबी निर्माण किया जाएगा। यह सड़क भी अति महत्वपूर्ण है। क्षेत्र के ग्रामीण कई दशकों से निर्माण की मांग करते आ रहे थे। अब तक यह ग्रामीण सड़क थी। जो अत्यंत जर्जर स्थिति में है। अब इसे पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। इस पथ के बन जाने से चिनियां एवं रंका प्रखंड के कुछ पंचायतों से गढ़वा मुख्यालय की दूरी 20 किमी कम हो जाएगी। साढ़े पांच मीटर चौड़ा इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क चिनियां, रंका, मेराल एवं गढ़वा के लोगों के लिए एक सुपर कनेक्टिविटी का काम करेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र व जनता की समस्या उनकी अपनी समस्या है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास नकारात्मक राजनीति करने से नहीं बल्कि जनहित की सोंच के साथ राजनीति करने से होता है।

## मतदाता जागरूकता बढ़ाने वाले मतदाता आईकन का सम्मान




**एजेंसी**

**मेरठ :** स्वीप के अंतर्गत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करने वाले मतदाता आईकन को शनिवार को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने मतदाता आईकन की भूमिका की सराहना की।विकास भवन में शनिवार को स्वीप गैलरी का आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उद्घाटन किया। सेल्फी प्वाइंट पर अधिकारियों द्वारा सेल्फी ली गई और मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा समस्त स्वीप आईकन को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप के माध्यम से लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मतदान वाले दिन अपना मत अवश्य दें। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करते हुए अपने बूथ को भी देख लें जिससे मतदान वाले दिन किसी भी मतदाता को नाम और बूथ को लेकर समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा अधिकार प्रदत्त है। लोकतंत्र को मजबूत करने में सभी मतदाता अपने इस अधिकार का प्रयोग करें तथा अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने में अपनी सहभागिता करें। मेरठ प्रत्येक क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि जिला प्रशासन एवं मतदाताओं के सामूहिक प्रयास से इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि देखने को मिलेगी। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एआईएमआईएम देशभक्त हिन्दुस्तानियों की पार्टी है : डा. एमएन खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढवा :** जिले के हर पंचायत, गांव और टोले तक एआईएमआईएम पहुंच कर लोगों के सुख दुख में भागीदार बन रही है। एआईएमआईएम किसी खास धर्म या संप्रदाय की नहीं बल्कि देशभक्त हिन्दुस्तानियों की पार्टी है। जनता के हक और अधिकार के साथ देश के प्रति समर्पण की वकालत करने वाले लोगों की जमात है। उक्त बातें पलामू प्रमंडल सह गढ़वा रंका विधानसभा एआईएमआईएम प्रभारी डॉ. एमएन खान ने जिला कार्यालय में शनिवार को पत्रकार वार्ता में कही। उन्होने कहा कि विकास और विकास चिल्लाकर बुनियादी मुद्दों और आम अवाम की बात को दरकिनार कर शहर से लेकर गांव तक जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। विकास के नाम पर सिर्फ सरकारी पैसे की खुलेआम लूट हो रही है। बगैर मुआवजा भुगतान कराये गरीबों की जमीन पर सडक बना दी जा रही है।




कोरवाडीह महुलिया की बन रही सडक निर्माण के ठेकेदार और बिचौलिए 50 से अधिक मुस्लिम और दलित लोगों के रैयती जमीन पर नक्से से हटकर रोड बना रहे हैं। लगमा करकोमा डंडई रोड में भी मुआवजा बिना सर्वे के ही घर तोडे जा रहे हैं। उन्होने कहा कि लोगों के सब्र का इम्तिहान न लें अन्यथा होली के बाद इसका पुरजोर विरोध होगा। प्रेस वार्ता में जिला संरक्षक अब्दुशकुर अंसारी, सत्येंद्र कुमार रजक, हाजी नसीरुद्दीन, अब्दुर्रहमान अंसारी, मजहर हुसैन रजवी, मोजाहीम अंसारी, अवध किशोर मेहता, इबरान अंसारी, मोबिन अंसारी, मोहम्मद अली आदि उपस्थित थे।

### रिम्स परिसर में अग्निशमन ने किया मॉक ड्रिल

**रांची :** रिम्स परिसर में शनिवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल में अग्निशमालय विभाग से अग्निशमन पदाधिकारी राजेन्द राम सहित अन्य कर्मी अनिल कुमार तिवारी एवं सुदीप तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों, आग के प्रकार और अग्निरोधक यंत्रों के प्रयोग के बारे में बताया गया, जो कि लगभग 01 घंटा चला। इस अग्निशमन मॉक ड्रिल में चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ शिव प्रिय के अलावा विभिन्न विभागों के डॉक्टर, आकास्मिकी चिकित्सा पदाधिकरी, मातृका, प्रभारी परिचारिका, परिचारिकाऐं, पारामेडिकल स्टाफ, सुरक्षा पदाधिकारी एवं जवान (पुलिस, सैप एवं गृहरक्षक), कक्ष-सेवक, सफाई कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे : चम्पाई सोरेन



**कैबिनेट की बैठक के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर कैडर, हर नेता को तैयार किया है और वह चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन पूरी तरह से तैयार है। सभी सीटों पर गठबंधन जीतेगा। हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। कैबिनेट की बैठक के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर कैडर, हर नेता को तैयार किया है और वह चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं।

एक-दो दिन में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर कहा कि जिसके मन में भय होता है वह निकलकर सामने आ जाता है और यही राजनाथ सिंह के साथ भी हुआ है। राहुल की रैली में शामिल होने के सवाल पर कहा कि हम कल बताएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश हमारा परिवार नाम से एक गीत लॉन्च करने पर चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में अलग-अलग समुदाय, अलग-अलग भाषा और संस्कृति है, उसे छुपाने के लिए इस तरह की बात की जा रही है, जो लोगों के समझ से परे है।

### 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम विकसित भारत के संकल्प को करेंगे पूरा : साहू

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने शनिवार को 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान की घोषित तिथियों की घोषणा का स्वागत किया है। साहू ने कहा कि भारत का लोकतंत्र रोज मजबूत हो रहा। सुशासन के कारण आम जन विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा, जिसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं। साहू ने कहा कि पिछले दस वर्षो में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित पिछड़े सभी के दरवाजे तक पक्का मकान, शौचालय, गैस सिलेंडर बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, सम्मान राशि पहुंचाने की कोशिश की गई है। सड़क, बिजली, हाईवे, हवाई अड्डा, रेल सुविधाएं, मेडिकल कालेज, आईआईएम जैसी बुनियादी सुविधाओं का तीव्र विकास हुआ। साहू ने कहा कि झारखंड में चार चरणों में राज्य की जनता 14 लोकसभा सीटों पर मतदान करेगी।

## सीडीएस बिपिन रावत का राष्ट्र सेवा में योगदान हमेशा रहेगा स्मरणीय

**एजेंसी**

**देहरादून :** सैनिक कल्याण मंत्री ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए प्रदेश सरकार गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण कर रही है। शनिवार को कनक चौक स्थित जनरल बिपिन रावत पार्क में प्रथम सीडीएस स्व.जनरल बिपिन रावत की जयंती पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत पार्क के सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यो को संपादित करने के लिए जल्द ही एक एक कमेटी बनाई जाएगी।

इसके बाद उस कमेटी के अनुरूप आगे के कार्य किए जाएंगे। भव्य सैन्य धाम का मुख्य द्वार शहीद सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बनाया जा रहा है।मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड के युवाओं को सेना में लंबाई में 5 सेंटीमीटर की छूट जनरल बिपिन रावत की वजह से ही संभव हो पाई।



पहाड़ के युवाओं की लंबाई मैदानी इलाकों के युवाओं से थोड़ी कम होती है। युवाओं को सेना में नौकरी के लिए लंबाई में छूट के लिए मिलकर अपनी बात रखी और इसकी उन्होंने स्वीकृति दी।मंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत की ओर से बॉर्डर के दो ब्रिगेड पिथौरागढ़ और जोशीमठ में सेना के माध्यम से गांवों को संवारने का कार्य हो रहा है यह भी किया गया है।इस मौके पर विधायक खजान दास,जनरल सम्मी सभरवाल,उपनल एमडी जे.एस बिष्ट, उपनिदेशक कर्नल बीएस रावत,कर्नल आरएल थापा,सुरेंद्र राणा,भूपेंद्र कटेत सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## हर महीने लाखों करोड़ के उद्घाटन और शिलान्यास है मोदी की गारंटी : भाजपा



**एजेंसी**

**धर्मशाला :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा व एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्त्ता पार्टी की धुरी है और आगामी लोकसभा चुनावों में यह बात सिद्ध हो जाएगी। शनिवार को जारी एक संयुक्त प्रेस बयान में भाजपा नेताओं ने कहा कि हर महीने लाखों करोड़ रुपए के उद्घाटन और शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। 10 साल के कार्यकाल में कोई भी ऐसा दिन नहीं गया होगा जिस दिन देश में विकास से जुड़े किसी कार्यक्रम की आधारशिला या लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नहीं किया गया हो। उन्होंने कहा कि हर दिन हज़ारों करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन और लोकार्पण देश की तरक्की के गवाह हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि मात्र मार्च के महीने में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाखों करोड़ रुपए की परियोजनाएं लोकार्पित की हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की यूपीए सरकार थी जिनके लाखों करोड़ों के घोटालों के कारनामे हर दिन अख़बारों में छपते थे।भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा कि भयमुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, सुशासन युक्त, पारदर्शी सरकार देना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। जहां आम जनता के लिए सुविधाएं हैं, सरकारी जवाबदेही है, जनहित की योजनाएं हैं और भ्रष्टाचारियों के लिए जेल है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दस साल के कार्यकाल में जो काम हुए वह काम पिछले 70 सालों में भी नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कर्मठ हैं और सब लोकसभा चुनाव में जी जान से जुट गए हैं। इस बार हर बूथ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को बढ़त मिलना निश्चित है। भाजपा का कार्यकर्ता जितनी मेहनत से जुटा है इससे पता लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की जीत कितनी बड़ी होगी।

### चुनाव आयोग सभी राजनीतिक पार्टियों को दे समान अधिकार सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 24 साल के हम लोग भी हो गये हैं, अब समझने लगे हैं, चुनाव आयोग की चालाकी। हम लोग किसी भी सूरत में छोड़ने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को गंभीरता से देखा और सुना है। धनराशि जो पकड़ में आती है, उसकी स्थिति क्या है, उन पर कौन सी कार्रवाई होती है। सब जानते हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि इसमें भी सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा का होता है। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक आईपीएस अधिकारी ने प्रधानमंत्री का हैलीकॉप्टर चेक कर लिया तो उसे बर्खास्त ही कर दिया गया था। ऐसी परिस्थिति में भी हम चुनाव आयोग पर यकीन करते हैं।

## डीसी ने चुनाव को लेकर बैंक के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर बैंकों के प्रतिनिधि के साथ शनिवार को बैठक की । इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराए। उपायुक्त ने सभी बैंकों के प्रतिनिधि से कहा कि कोई उम्मीदवार 95 लाख की राशि से ज्यादा खर्च नहीं करें, अगर वह इससे ज्यादा खर्च चुनाव में करते है इनका व्यय लेखा का जांच, व्यय लेखा दल से कराना होगा।

**ये दिये निर्देश**

असामान्य और संदिग्ध नकद निकासी या बैंक खाते में रुपये से अधिक नकद जमा करना। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान एक लाख,




पिछले दो महीनों के दौरान जमा या निकासी की ऐसी कोई घटना नहीं हो।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक बैंक खाते से एक जिला निर्वाचन क्षेत्र में कई व्यक्तियों के खातों में आरटीजीएस के जरिये राशि का असामान्य हस्तांतरण, बिना किसी ऐसे हस्तांतरण की जानकारी देने को कहा।

एक लाख रुपये से अधिक नकद जमा करना या नकद निकालना।

एक लाख रुपये से अधिक की नकदी की निकासी और जमा।

कोई अन्य संदिग्ध नकद लेनदेन, जिसका उपयोग मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए किया जा सकता है।

अधिक निकासी बैंको से होने की सूचना आयकर विभाग को देने को कहा गया।

सारें उम्मीदवार का खाता खोलने के लिए सम्बंधित बैंको को कहा गया।

चुनाव के दौरान कोई भी ग्राहक एक लाख से ज्यादा की निकासी बैंक से करता है, उसे क्यूआर कोड दे जिसे ग्राहक अपने पास रखें आवश्यकता होने पर क्यूआर कोड दिखाया जा सकें।